

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 127 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 15 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## पुलवामा हमले की बरसी पर शहीदों को नमन, पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

समाज जागरण

नरेंद्र मोदी ने पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्ष 2019 में हुए इस हमले में 40 जवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर जवानों की निष्ठा, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति सेवा देश की सामूहिक चेतना में सदा अमिट रहेगी।

### पीएम मोदी ने शहीदों के साहस को किया नमन

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए कहा कि पुलवामा में बलिदान देने वाले वीरों का साहस हर भारतीय को शक्ति देता है और राष्ट्र उनकी वीरता को सदैव स्मरण रखेगा।

### शहीदों का बलिदान देश को प्रेरणा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि शहीदों का बलिदान आतंकवाद के खिलाफ देश को एकजुट होकर लड़ने की प्रेरणा देता है।



### भारतीय शौर्य और पराक्रम का प्रतीक

केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने भी वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका बलिदान भारतीय शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है।

### योगी बोले- बलिदान प्रेरणा देता रहेगा

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अमर जवानों का बलिदान देश को आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता से लड़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

### राष्ट्र ने शहीदों को किया नमन

पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर देशभर में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई और उनके बलिदान को स्मरण किया गया।
(इनपुटः आईएएनएस)

# मोदी सरकार का बड़ा फैसला

## शहरी विकास को नई रफ्तार, एक लाख करोड़ के Urban Challenge Fund को मंजूरी

समाज जागरण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने देश के शहरी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए (Urban Challenge Fund – (UCF) को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत शहरों में उच्च गुणवत्ता वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए एक लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्रदान की जाएगी।

### लचीले और आधुनिक शहर बनाने पर फोकस

कैबिनेट के अनुसार यह कोष बाजार वित्त, निजी भागीदारी और नागरिक-केंद्रित सुधारों का लाभ उठाकर शहरी बुनियादी ढांचे को नई गति देगा।



इस पहल का मुख्य उद्देश्य ऐसे शहर तैयार करना है जोः
लचीले (Resilient) हों,
उत्पादक हों, समावेशी हों ,
जलवायु-अनुकूल हों
सरकार का मानना है कि भविष्य में देश की आर्थिक वृद्धि के प्रमुख इंजन शहर ही बनेंगे।

### 2025 से शुरू, डिजिटल निगरानी होगी

कोष संचालन अवधिः वित्त वर्ष 2025-26 से 2030-31, आवश्यकता पड़ने पर कार्यान्वयन अवधि 2033-34 तक बढ़ सकती है

### निवेश मॉडल में बड़ा बदलाव

***योजना के वित्तीय ढांचे के तहत:***

*परियोजना लागत का 25% केंद्रीय सहायता के रूप में मिलेगा*
*शर्तः कुल लागत का कम से कम 50% बाजार से जुटाना होगा*
*अगले 5 वर्षों में 4 लाख करोड़ रुपये के कुल निवेश का अनुमान*
*यह मॉडल पारंपरिक अनुदान प्रणाली से हटकर बाजार-संलग्न और परिणाम-आधारित फंडिंग की दिशा में बड़ा बदलाव माना जा रहा है।*

### परियोजनाओं का चयन होगा:

परिवर्तनकारी प्रभाव
स्थिरता, सुधार-उन्मुखीकरण
सरकार ने स्पष्ट किया है कि फंड जारी करना सुधारों और तय लक्ष्यों की प्रगति से जुड़ा होगा।

**पेपरलेस मॉनिटरिंग की व्यवस्था**

आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के एकल डिजिटल पोर्टल के माध्यम सेः परियोजनाओं की +रियल-टाइम निगरानी
कागजरहित प्रक्रिया, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित

## तेल कहां से खरीदें, ये हम तय करेंगे... भारत-अमेरिका ट्रेड डील के बाद जयशंकर ने खुलकर सबकुछ बता दिया

अमेरिका से ट्रेड डील के बाद दावा किया जा रहा था कि भारत अमेरिका के दबाव में आ गया है और अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा.विपक्ष भी सरकार ने स्पष्टीकरण देने की मांग कर रहा था. लेकिन अब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खुलकर कह दिया है कि किसी के दबाव में हम आने वाले नहीं हैं. म्यूनिख सिक्योरिटी कांफ्रेंस में 'दिल्ली डिसाइड्स' विषय पर चर्चा के दौरान जयशंकर ने साफ साफ कह दिया कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए तेल कहां से खरीदेगा, इसका फैसला केवल भारत करेगा. भारत के नेशनल इंट्रेस्ट में जो होगा, उसी आधार पर फैसला होगा.
भारत-अमेरिका ट्रेड डील के वक्त अमेरिका की ओर से कहा गया कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है,

## कैम्पियरगंज में बनेगी वानिकी यूनिवर्सिटी, युवाओं को मिलेगी नौकरी की गारंटी: योगी


समाज जागरण

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कैम्पियरगंज में बनने जा रहे प्रदेश के पहले वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय की डिग्री युवाओं के लिए रोजगार की मजबूत गारंटी साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह संस्थान न केवल युवाओं को वैश्विक स्तर पर अवसर दिलाएगा, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

*मुख्यमंत्री यह बातें जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय के उद्घाटन के बाद आयोजित कार्यक्रम में कही।*

### युवाओं और किसानों को मिलेगा बड़ा लाभ

सीएम योगी ने कहा कि विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा प्राप्त करने वाले युवाओं के लिए देश-विदेश में रोजगार के व्यापक अवसर खुलेंगे। साथ ही आधुनिक उद्यानिकी और वानिकी



तकनीकों के माध्यम से किसानों की आमदनी बढ़ाने का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

### गिद्धराज जटायु संरक्षण पर जोर

मुख्यमंत्री ने कैम्पियरगंज स्थित गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए भारतीय संस्कृति में कृतज्ञता के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि माता सीता के हरण के समय रावण का पहला प्रतिकार गिद्धराज जटायु ने किया था। सीएम ने चिंता जताई कि रासायनिक दवाओं और पेस्टिसाइड्स के कारण गिद्धों की संख्या घट रही है, इसलिए उनके संरक्षण के लिए यह केंद्र स्थापित किया गया है।

### पर्यावरण संरक्षण में भी निभाएगा भूमिका

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रस्तावित वानिकी विश्वविद्यालय पर्यावरण संरक्षण और वायु प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने दिल्ली के प्रदूषण हालात का उदाहरण देते हुए कहा कि वनाच्छादन बढ़ाना समय की जरूरत है। यह संस्थान हरित क्षेत्र बढ़ाने और सतत विकास को बढ़ावा देगा।

बेहतर कनेक्टिविटी से क्षेत्र को फायदा
सीएम ने बताया कि कालेसर-जंगल कौ-ड़िया बाईपास बनने से लखनऊ की दूरी अब करीब तीन से साढ़े तीन घंटे रह गई है, जबकि चिउटहा से कुशीनगर की यात्रा लगभग आधे घंटे में पूरी हो रही है। क्षेत्र की प्रमुख सड़कें फोरलेन हो चुकी हैं। जंगल कौड़िया में पूज्य ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की स्मृति में डिग्री कॉलेज संचालित है, जहां दो हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। क्षेत्र में स्टेडियम और कुश्ती प्रशिक्षण की सुविधाएं भी विकसित की गई हैं।

### विधायक ने जताया आभार

कार्यक्रम में कैम्पियरगंज के विधायक फतेह बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था, औद्योगिक विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि एशिया की सबसे बड़ी फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी कैम्पियरगंज में स्थापित की जाएगी और शीघ्र ही इसका शिलान्यास होगा।

### गोरखपुर में विकास कार्यों की चर्चा

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर और प्रदेश में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया किः बंद पड़ा खाद कारखाना फिर चालू हो चुका है
बीआरडी मेडिकल कॉलेज उत्कृष्ट चिकित्सा केंद्र बना
पिपराइच चीनी मिल पुनः शुरू
धुरियापार में कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट स्थापित
उन्होंने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक प्रगति, रोजगार सृजन और गरीब कल्याण के कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

## इंडिगो की फ्लाइट में 'लिपस्टिक' से लिखी बम की धमकी, कोलकाता में हुई इमरजेंसी लैंडिंग



समाज जागरण

कोलकाता. इंडिगो एयरलाइंस के लिए शनिवार का दिन काफी तनावपूर्ण रहा. असम के डिब्रूगढ़ से कोलकाता आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट में बम की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया. धमकी मिलने के तुरंत बाद विमान की कोलकाता एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी. अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ए6894 (A-320) के वॉशरूम में लिपस्टिक से एक संदेश लिखा मिला था, जिसमें विमान में बम होने की धमकी दी गई थी. यह घटना शनिवार शाम की है.

### सुरक्षित उतारे गए यात्री

धमकी की गंभीरता को देखते हुए विमान को शाम 7:37 बजे कोलकाता में सुरक्षित उतारा गया. प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विमान को तुरंत आइसोलेशन वे में ले जाया गया, जहाँ सुरक्षा एजेंसियों ने इसकी गहन जांच की. राहत की बात यह रही कि विमान में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया.

## कैबिनेट की बड़ी मंजूरी: तीन मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे प्रोजेक्ट्स हरी झंडी, 389 किमी बढ़ेगा नेटवर्क

समाज जागरण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA) ने देश के रेल ढांचे को मजबूत करने के लिए तीन महत्वपूर्ण मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत 18,509 करोड़ है और इनके पूरा होने पर भारतीय रेलवे का नेटवर्क लगभग 389 किलोमीटर बढ़ जाएगा।

### इन रेल परियोजनाओं को मिली मंजूरी

सीसीईए के अनुसार जिन प्रोजेक्ट्स को स्वीकृति दी गई है, वे हैंः
कसारा-मनमाड (तीसरी और चौथी लाइन)
दिल्ली-अंबाला (तीसरी और चौथी लाइन)
बल्लारी-होसपेटे (तीसरी और चौथी लाइन)
इन परियोजनाओं से लाइन क्षमता बढ़ेगी, जिससे रेल परिचालन अधिक सुचारु होगा और भीड़भाड़ में कमी आएगी। साथ ही सेवा की विश्वसनीयता और समयबद्धता में भी सुधार होगा।

### 12 जिलों और 97 लाख लोगों को फायदा

सरकार के अनुसार ये प्रोजेक्ट्स दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक के 12 जिलों से होकर गुजरेंगे। इससेः



करीब 3,902 गांवों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी लगभग 97 लाख लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा, क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, गति शक्ति मास्टर प्लान के तहत पहल, ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत तैयार की गई हैं। इस योजना का उद्देश्य एकीकृत योजना, मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है, ताकि लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हो सके।

### पर्यटन स्थलों की कनेक्टिविटी होगी बेहतर

प्रस्तावित क्षमता वृद्धि से कई प्रमुख पर्यटन स्थलों के रेल संपर्क में सुधार होगा, जिनमें शामिल हैंः त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, श्री माता वैष्णो देवी कटरा, हम्पी, विजया विट्ठला मंदिर बल्लारी किला, तुंगभद्रा बांध, दारोजी स्लॉथ बियर अभयारण्य आदि

### माल ढुलाई और पर्यावरण को बड़ा लाभ

सरकार के मुताबिक इन परियोजनाओं सेः
प्रति वर्ष 96 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई क्षमता, लॉजिस्टिक लागत में कमी, 22 करोड़ लीटर तेल आयात में कमी, 111 करोड़ किलोग्राम CO उत्सर्जन में कमी
जो लगभग 4 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर प्रभाव रेल परिवहन ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण के अनुकूल होने के कारण देश के जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने में भी सहायक होगा। (इनपुटः आईएएनएस)

## 'हिन्दुस्तान की जमीन को नहीं पूज सकते'

समाज जागरण

केंद्र सरकार के उस फैसले को लेकर देश के कई हिस्सों में विरोध के स्वर सुनाई देने लगे हैं, जिसमें राष्ट्रगीत वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन की तरह सम्मान देने को अनिवार्य किया गया है. इस फैसले को लेकर जहां एक ओर समर्थन देखने को मिल रहा है. वहीं दूसरी ओर कुछ वर्गों में असहमति भी सामने आ रही है. फिलहाल, यह मुद्दा सामाजिक और संवैधानिक बहस का विषय बन गया है. अब इस फैसले की गूंज मध्य प्रदेश के उज्जैन तक भी पहुंच गई है.

## 61वाँ आईएचजीएफ दिल्ली मेला-स्प्रिंग 2026 का धमाकेदार आगाज, विदेशी खरीदारों की भारी मौजूदगी

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा/ दिल्ली-एनसीआर, 14 फरवरी 2026। एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच) द्वारा आयोजित 61वाँ आईएचजीएफ दिल्ली मेला-स्प्रिंग 2026 का आज इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में वाइब्रेंट माहौल के बीच शानदार आगाज हुआ। पहले ही दिन प्रदर्शनी हॉल्स में विदेशी खरीदारों की भारी आवाजाही और सक्रिय व्यापारिक संवाद देखने को मिला।

### राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया दौरा

उत्तर प्रदेश सरकार में कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मेले का भ्रमण कर प्रदर्शकों से संवाद किया। उन्होंने उत्पादों की उत्कृष्ट कारीगरी और वैश्विक बाजार में उनकी संभावनाओं की सराहना करते हुए आयोजन को विश्वस्तरीय बताया।
मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश से हैंडीक्राफ्ट निर्यात में तेज वृद्धि हो रही है और निर्यातक भारत को वैश्विक व्यापार शक्ति बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने आने वाले नोएडा



इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को कनेक्टिविटी और व्यापार विस्तार के लिए गेम-चेंजर बताया।

### 'रचनाकार' हैं हमारे कारीगर

श्री अग्रवाल ने हस्तशिल्प क्षेत्र को भविष्य की पीढ़ियों के लिए आदर्श इन्क्यूबेटर बताते हुए ईपीसीएच और आईईएमएल से युवा प्रतिभाओं को प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "दुनिया को बताइए कि भारत उभरती आर्थिक शक्ति है।"

### खरीदारों की मजबूत भागीदारी

ईपीसीएच के चेयरमैन डॉ. नीरज खन्ना ने बताया कि मेले में विदेशी खरीदारों, बाइंग हाउसेज और घरेलू वॉल्यूम खरीदारों की मजबूत भागीदारी दिख रही है। नए व्यापारिक रिश्ते बन रहे हैं और पुराने साझेदारी संबंध और मजबूत हो रहे हैं।
आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि तीन दशकों से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय खरीदारों का भरोसा इस मेले की वैश्विक प्रतिष्ठा को दशार्ता है। उन्होंने बताया कि परिसर में 900 स्थायी मार्ट शोरूम सोर्सिंग अनुभव को और समृद्ध बनाते हैं।

### कल होगी मास्टर क्राफ्ट्स की एक्सक्लूसिव आर्ट ऑक्शन

ईपीसीएच के उपाध्यक्ष सागर मेहता ने जानकारी दी कि वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय के सहयोग से 'भारत के मास्टर क्राफ्ट्स की एक्सक्लूसिव आर्ट ऑक्शन' कल आयोजित होगी।
स्थानः हॉल-16, एक्टिविटी एरिया समयः शाम 5:00 बजे
प्रदर्शित होंगी 12 दुर्लभ कृतियाँ
शिल्प गुरु और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कारीगरों की कृतियाँ शामिल

### ज्ञान सत्रों पर भी रहेगा फोकस

आईएचजीएफ दिल्ली फेयरझ्र स्प्रिंग 2026 रिसेप्शन कमेटी के प्रेसिडेंट मोहित चोपड़ा ने बताया कि आने वाले दिनों में सस्टेनेबिलिटी, मुक्त व्यापार समझौते और मार्केट डाइवर्सिफिकेशन जैसे विषयों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित होंगे।

### 109 देशों के खरीदारों की उम्मीद

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक राजेश रावत ने बताया कि मेले में 109 से अधिक देशों के खरीदारों के आने की उम्मीद है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2024-25 में भारत से हस्तशिल्प निर्यात 33,123 करोड़ (3,918 मिलियन डॉलर) रहा।
पहले दिन अमेरिका, यूके और दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों के खरीदारों ने सक्रिय सोर्सिंग रुचि दिखाई, जिससे भारतीय हस्तशिल्प की वैश्विक मांग का संकेत मिला।
(14-18 फरवरी 2026 तक जारी रहेगा मेला)

# सपाझकांग्रेस को ओवैसी के चलते मुस्लिम वोटों के बंटवारे की चिंता



उत्तर प्रदेश की राजनीति में मुस्लिम मतदाता सदैव निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी एकजुटता और रणनीतिक वोटिंग ने कई चुनावों के परिणाम बदल दिए हैं। प्रदेश में मुस्लिम आबादी करीब बीस प्रतिशत है, जो सवा चार सौ विधानसभा क्षेत्रों में से सवा सौ से अधिक पर अपना प्रभाव डालती है। इनमें सत्तर क्षेत्र ऐसे हैं, जहां मुस्लिम मतदाताओं का प्रतिशत तीस से अधिक रहता है। कभी कांग्रेस का मजबूत आधार रहे ये मतदाता अब हवा के रुख के अनुसार अपना पाला बदल लेते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य हमेशा उन दलों को सत्ता से दूर रखना रहता है, जो हिंदू हितों की बात प्रमुखता से करते हैं। यही वजह है कि कांग्रेस के कमजोर पड़ने के साथ मुस्लिम मतदाताओं ने समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की ओर रुख करने में जरा भी गुरेज नहीं किया। 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को अधिकांश मुस्लिम वोट मिले, लेकिन बहुजन समाज पार्टी को भी कुछ हिस्सा हाथ लगा। बीते निकाय चुनावों में यह पैटर्न बदला, जब मुस्लिम मतदाताओं ने एक दल के पीछे न जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवारों को चुना। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में छोटे दलों के मुस्लिम प्रत्याशियों को समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी से अधिक समर्थन मिला। इस बदलाव ने राजनीतिक दलों को सोचने पर मजबूर कर दिया।मुस्लिम नेताओं ने अपनी अलग पार्टियां बनाकर इन मतों को लुभाने की कोशिश की। मुस्लिम लीग और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी जैसे पुराने संगठनों के बाद पीस पार्टी तथा उलेमा काउंसिल ने मैदान संभाला। 2022 के विधानसभा चुनाव में पीस पार्टी ने राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल के साथ गठबंधन कर कई प्रत्याशी उतारे, लेकिन सफलता सीमित रही। इन प्रयासों से मुस्लिम वोटों में कुछ बिखराव तो हुआ, लेकिन कोई बड़ा परिवर्तन नहीं आया।

अब सबसे अधिक चिंता का विषय है असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी का उभार। बिहार चुनावों में पांच सीटें जीतने के बाद ओवैसी ने उत्तर प्रदेश पर नजरें टिका ली हैं। पार्टी ने 2017 के विधानसभा चुनाव के लिए सौ सीटों पर लड़ने की घोषणा की थी और अब 2027 के चुनावों के लिए ओवैसी की पार्टी ने 200 क्षेत्रों को चार भागों में बांटकर चुनाव लड़ने की तैयारी तेज कर दी है। इसकी वजह भी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुस्लिम बहुल जिलों जैसे सहारनपुर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल और बरेली में पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है। निकाय चुनावों में यहां उसके प्रत्याशी अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं। ओवैसी का यह उभार समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी सभी की नींद उड़ा रहा है। हाल ही में समाजवादी पार्टी के सांसदों की बैठक में भी मुस्लिम वोटों के बंटवारे पर चिंता जताई गई। बिहार और महाराष्ट्र के निकाय चुनावों के उदाहरण देते हुए सपा नेताओं द्वारा यहां तक कहा गया कि ओवैसी के बिना गठबंधन से नुकसान हो सकता है। कुछ सांसदों ने गठबंधन का सुझाव दिया, हालांकि शिवपाल यादव ने ऐसी अटकलों को खारिज कर दिया। फिर भी मिशन 2027 की रणनीति पर विचार चल रहा है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की चिंता भी सामने आ चुकी है। संसद भवन परिसर में सांसद इमरान मसूद से बातचीत का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने हैदराबादी परेशानी को उत्तर प्रदेश में घुसने से रोकने की बात कही। सभी इसे ओवैसी पर तंज मान रहे हैं। खरगे ने चेतावनी दी कि ऐसा होने पर सभी को नुकसान होगा। यह वीडियो राजनीतिक हलकों में बहस छेड़ चुका है।

बहरहाल, 2027 के विधानसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाता किसके साथ खड़े होंगे, यह सवाल सभी को कुरेद रहा है। यदि पैटर्न पुराना रहा तो अधिकांश वोट समाजवादी पार्टी को मिल सकते हैं, क्योंकि पिछली बार भी यही हुआ था। लेकिन ओवैसी के बढ़ते प्रभाव से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 70 से अधिक क्षेत्रों में वोट बंट सकते हैं। यहां मुस्लिम युवाओं में असंतोष है और ओवैसी मुस्लिम हितों पर सीधी बात करते हैं। बिहार की तर्ज पर यदि वे पांच से दस सीटें जीत लेते हैं, तो समाजवादी पार्टी का नुकसान बढ़ सकता है। कांग्रेस का आधार पहले से कमजोर है, इसलिए उसके लिए मुश्किलें बढ़ेंगी। खरगे की चिंता इसी का संकेत है।उधर, बहुजन समाज पार्टी की बात की जाए तो बसपा मुस्लिम वोट खो चुकी है, क्योंकि उसकी रणनीति अब ब्राह्मणों पर केंद्रित है। यदि समाजवादी पार्टी ने ओवैसी से गठबंधन किया, तो मुस्लिम वोट एकजुट रह सकते हैं, लेकिन समाजवादी पार्टी के पिछड़े वोट बैंक में दरार और मुस्लिम वोटों के जरिये ओवैसी अपने लिए नई जमीन मजबूत कर सकते हैं। बिना गठबंधन के ओवैसी स्वतंत्र लड़ेंगे, तो मुस्लिम वोट तीन भागों में बंटेंगे, जिससे भाजपा को फायदा होगा।

खैर, कहा यह भी जा रहा है कि पिछले निकाय चुनावों से साफ हो गया है कि मुस्लिम मतदाता अब विवेकपूर्ण हो गए हैं। वे एक दल के पीछे नहीं भागते, बल्कि स्थानीय मुद्दों पर फैसला लेते हैं। 2027 में आर्थिक मुद्दे, बेरोजगारी और विकास के साथ धार्मिक ध्रुवीकरण भी भूमिका निभाएंगे। यदि भाजपा ने मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में उम्मीदवार उतारे, जैसा कुंदरकी उपचुनाव में हुआ, तो वहां भी सेंध लग सकती है। कुल मिलाकर मुस्लिम वोट का अधिकांश भाग समाजवादी पार्टी या ओवैसी के साथ रहेगा, लेकिन बिखराव भाजपा के हित में होगा। यह चुनाव उत्तर प्रदेश की राजनीति को नया मोड़ दे सकता है। ओवैसी यदि जनाधार मजबूत रखे, तो मुस्लिम राजनीति का नया अध्याय लिखा जाएगा। समाजवादी पार्टी को रणनीति बदलनी पड़ेगी, ताकि वोट बैंक सुरक्षित रहे। कांग्रेस को तो मुस्लिम समर्थन वापस पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।



संजय सक्सेना

# यूपी के दिग्गज नोएडा में दिखाएंगे अपनी ताकत

उत्तर प्रदेश की राजनीति में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव 2027 का समय नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे सियासी हलचल तेज होती जा रही है। इस बार चुनावी रणनीतियों का केंद्र अचानक वही जिला बन गया है, जिसे लंबे समय तक सत्ता के लिहाज से अशुभ माना जाता रहा। बात हो रही है गौतमबुद्ध नगर यानी नोएडा की। दिल्ली से सटे इस जिले ने अब प्रदेश की राजनीति में वह हैसियत बना ली है, जहां से उठने वाली लहर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तकरीबन 100 विधानसभा सीटों को प्रभावित करने की ताकत रखती है। यही वजह है कि भाजपा, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी तीनों ने अपने-अपने मिशन-2027 की शुरूआत यहीं से करने का फैसला किया है।गौतमबुद्ध नगर को आज उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहा जाने लगा है। जिले में आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बीते पांच वर्षों में 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव सामने आए हैं। यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बस रही यमुना सिटी, प्रस्तावित फिल्म सिटी और अंतरराष्ट्रीय स्तर का जेवर एयरपोर्ट इस जिले को राज्य की विकास गाथा का पोस्टर बॉय बना चुके हैं। राजनीति में विकास अक्सर सबसे बड़ा हथियार होता है और सत्तारूढ़ दल इस हथियार को पूरी धार के साथ मैदान में उतारने की तैयारी कर चुका है।

भारतीय जनता पार्टी इस बार विकास के ठोस आंकड़ों और बड़ी परियोजनाओं को अपने चुनावी अभियान की रीढ़ बना रही है। 21 फरवरी को यमुना सिटी के औद्योगिक सेक्टर-28 में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट का शिलान्यास प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद रहेंगे, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जनसभा को संबोधित करेंगे। करीब 48 एकड़ में लगने वाली इस यूनिट में एचसीएल और फॉक्सकॉन जैसी दिग्गज कंपनियां निवेश कर रही हैं। शुरूआती चरण में ही इससे 4,000 प्रत्यक्ष और 10,000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने का अनुमान है। भाजपा नेताओं का दावा है कि सेमीकंडक्टर यूनिट केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश को तकनीकी आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने वाला कदम है। पार्टी का आकलन है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा पहले ही आईटी हब के रूप में पहचान बना चुके हैं और अब चिप मैन्युफैक्चरिंग के साथ यह इलाका वैश्विक मैप पर और मजबूती से उभरेगा। इसके तुरंत बाद जेवर में बन रहे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के शुभारंभ की तैयारी है। लगभग 1,334 हेक्टेयर में फैले इस एयरपोर्ट की पहली फेज क्षमता सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की है, जिसे अगले चरणों में 7 करोड़ तक ले जाने की योजना है। भाजपा इसे पश्चिमी यूपी के विकास का गेमचेंजर मान रही है।

दूसरी ओर समाजवादी पार्टी ने इस बार पुराने अंधविश्वासों को पीछे छोड़ते हुए नोएडा को ही अपनी सियासी प्रयोगशाला बनाया है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव 29 मार्च को दादरी के मिहिर भोज डिग्री कॉलेज से अपने चुनावी अभियान की शुरूआत करने जा रहे हैं। इसे समाजवादी समानता भाईचारा रैली और पीडीए भागीदारी यात्रा का नाम दिया गया है। सपा नेतृत्व का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पश्चिमी यूपी में पार्टी के प्रदर्शन ने यह साफ कर दिया है कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग का गठजोड़ अगर जमीन पर उतर आया तो भाजपा के लिए राह आसान नहीं रहेगी।सपा के रणनीतिकारों का कहना है कि गौतमबुद्ध नगर की सामाजिक संरचना पीडीए फॉमूर्ले के लिए अनुकूल है। जिले की करीब 35 प्रतिशत आबादी पिछड़े वर्गों से आती है, जबकि दलित और अल्पसंख्यक मिलकर लगभग 30 प्रतिशत मतदाता हैं। इसके अलावा गुर्जर, जाट और त्यागी जैसी प्रभावशाली जातियों की मौजूदगी यहां की राजनीति को और दिलचस्प बना देती है। अखिलेश यादव को भरोसा है कि जिस तरह 2012 में उन्होंने यहीं से साइकिल यात्रा शुरू कर पूर्ण बहुमत हासिल किया था, उसी तरह 2027 में भी नोएडा से उठी लहर लखनऊ तक पहुंचेगी।

बहुजन समाज पार्टी भी इस जिले को हल्के में लेने के मूड में नहीं है। यह जिला बसपा सुप्रीमो मायावती का गृह जनपद है और पार्टी इसे अपनी राजनीतिक शो विंडो मानती है। 15 मार्च को मान्यवर कांशीराम की जयंती पर नोएडा स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल में बड़े शक्ति प्रदर्शन की तैयारी है। पार्टी नेताओं का दावा है कि मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, अलीगढ़ और आगरा मंडल से लाखों कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में जुटेंगे। बसपा का फोकस साफ है अपने कोर दलित वोट बैंक को फिर से एकजुट करना और यह संदेश देना कि सत्ता की दौड़ में वह अभी भी मजबूत खिलाड़ी है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि गौतमबुद्ध नगर की अहमियत सिर्फ यहां की तीन विधानसभा सीटों तक सीमित नहीं है। नोएडा का राजनीतिक संदेश पूरे दिल्ली-एनसीआर में गूंजता है। यहां होने वाली रैलियां, घोषणाएं और विकास परियोजनाएं मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म के जरिए पश्चिमी यूपी के हर जिले तक पहुंचती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस जिले में क्लीन स्वीप किया था, लेकिन इस बार मुकाबला कहीं ज्यादा त्रिकोणीय और कड़ा नजर आ रहा है।

जिले में तेजी से बढ़ती शहरी आबादी, प्रवासी मतदाताओं की संख्या और रोजगार से जुड़े मुद्दे इस बार चुनावी बहस के केंद्र में रहेंगे। नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले दस सालों में यहां की आबादी में करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इनमें बड़ी संख्या युवाओं और मध्यम वर्ग के पेशेवरों की है, जिनकी प्राथमिकताएं पारंपरिक जातीय राजनीति से अलग विकास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी हैं।यही कारण है कि 2027 की चुनावी जंग में नोएडा केवल एक जिला नहीं, बल्कि सत्ता की प्रयोगशाला बन चुका है। यहां जो प्रयोग सफल होगा, वही मॉडल पूरे प्रदेश में दोहराया जाएगा। भाजपा विकास की रफ्तार और बड़ी परियोजनाओं के सहारे मैदान में है, सपा सामाजिक गठजोड़ और नए संदेश के साथ वापसी की कोशिश में है, जबकि बसपा अपने पुराने आधार को फिर से मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। आने वाले एक महीने में होने वाली रैलियां और कार्यक्रम यह तय करेंगे कि 2027 के चुनावी ऊंट की करवट किस ओर बैठेगी, लेकिन इतना तय है कि इस बार सत्ता की राह नोएडा होकर ही गुजरेगी।



अजय कुमार

# महाशिवरात्रि: शिव-शक्ति के मिलन और सृष्टि के संतुलन का उत्सव

महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं है, बल्कि यह ब्रह्मांडीय चेतना के जागरण की वह दिव्य बेला है जब आकाश और पृथ्वी का मिलन होता है। भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति में शिव को 'अनादि' और 'अनंत' माना गया है, जिनका न कोई आरंभ है और न ही कोई अंत। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को आने वाली यह महान रात्रि उस परम शिव तत्व के साक्षात्कार का अवसर प्रदान करती है जो संपूर्ण सृष्टि के कण-कण में व्याप्त है। सामान्यतः त्योहारों को उल्लास, रंग और बाहरी चमक-धमक से जोड़ा जाता है, किंतु महाशिवरात्रि एक ऐसी रात्रि है जो हमें अंतमुर्खी होने का संदेश देती है। यह अंधकार पर प्रकाश की विजय नहीं, बल्कि उस गहन अंधकार की आराधना है जिससे प्रकाश का जन्म होता है। शिव का अर्थ ही 'कल्याण' है और रात्रि का अर्थ 'विश्राम' या 'निवृत्ति' है। इस प्रकार महाशिवरात्रि का अर्थ है वह रात्रि जो हमें आध्यात्मिक विश्राम प्रदान कर परम कल्याण के मार्ग पर अग्रसर करती है। इस महापर्व की महत्ता को समझने के लिए हमें इसके पौराणिक, आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक आयामों को एक अखंड प्रवाह में देखना होगा।

पौराणिक गाथाओं के अनुसार महाशिवरात्रि के साथ कई अत्यंत महत्वपूर्ण प्रसंग जुड़े हुए हैं। सबसे प्रमुख कथा भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की है। यह विवाह केवल दो सत्ताओं का मिलन नहीं है, बल्कि यह पुरुष और प्रकृति, वैराग्य और गृहस्थ, तथा ध्यान और शक्ति के संतुलन का प्रतीक है। शिव जो परम योगी हैं, श्मशान निवासी हैं और सांसारिक मोह-माया से विरक्त हैं, वे देवी पार्वती के कठिन तप से प्रसन्न होकर उन्हें अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार करते हैं। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के लिए संसार का त्याग आवश्यक नहीं है, बल्कि संसार में रहते हुए भी अनासक्त भाव से शिव तत्व को प्राप्त किया जा सकता है। एक अन्य कथा के अनुसार, इसी रात्रि को ब्रह्मा और विष्णु के बीच श्रेष्ठता के विवाद को शांत करने के लिए शिव एक विशाल अग्नि स्तंभ यानी ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रकट हुए थे। इस स्तंभ का न तो कोई छोर था और न ही कोई अंत, जो यह दशार्ता है कि ईश्वर किसी सीमा या परिभाषा में बंधा हुआ नहीं है। समुद्र मंथन की कथा भी इस रात्रि से गहराई से जुड़ी है। जब समुद्र से निकले हलाहल विष से पूरी सृष्टि जलने लगी, तब करुणावतार शिव ने उस विष को अपने कंठ में धारण कर लिया। विष की उस प्रचंड ऊष्मा को शांत करने के लिए देवताओं और ऋषियों ने रात्रि भर जल और दुग्ध से उनका अभिषेक किया और उन्हें जागृत रखा। यही कारण है कि आज भी भक्त रात्रि भर जागकर शिव का जलाभिषेक करते हैं, जो वास्तव में समाज के कष्टों को स्वयं पर लेने की शिव की उदारता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन है।


अध्यात्म की दृष्टि से देखा जाए तो महाशिवरात्रि का महत्व 'जागरण' में निहित है। मनुष्य का जीवन प्रायः अज्ञान की निद्रा में बीता जाता है, जहाँ वह अपनी देह और अहंकार को ही सत्य मान बैठता है। शिवरात्रि की रात्रि वह समय है जब प्रकृति स्वयं मनुष्य की चेतना को ऊपर उठाने में सहायक होती है। योग विज्ञान के अनुसार, इस विशिष्ट रात्रि में पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध की स्थिति ऐसी होती है कि मनुष्य के शरीर के भीतर की ऊर्जा स्वाभाविक रूप से ऊपर की ओर यानी रीढ़ की हड्डी के माध्यम से मस्तिष्क (सहस्त्रार चक्र) की ओर प्रवाहित होने लगती है। यही कारण है कि इस रात्रि में रीढ़ की हड्डी को सीधा रखकर बैठने और जागने का विधान है। जो साधक इस रात्रि में सजग रहता है, वह अपनी कुंडलिनी शक्ति के जागरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठा सकता है। यहाँ 'जागने' का अर्थ केवल आंखों को खुला रखना नहीं है, बल्कि अपनी चेतना को विचारों और विकारों से मुक्त कर शून्य में ले जाना है। शिव स्वयं 'शून्य' के प्रतीक हैं—वह जो नहीं है, वही शिव है। जब हम अपनी पहचान, अपने पद, अपने धन और अपने अहंकार को पूरी तरह विसर्जित कर देते हैं, तब हमारे भीतर शिव का प्राकट्य होता है। इसीलिए कहा गया है 'शिवो भूत्वा शिवं यजेत' अर्थात शिव बनकर ही शिव की पूजा की जा सकती है।

महाशिवरात्रि की पूजन विधि भी अत्यंत प्रतीकात्मक और मनोवैज्ञानिक है। शिवलिंग पर चढ़ाए जाने वाले पदार्थों का गहरा अर्थ है। जल चढ़ाना मन की चंचलता को शांत करने का प्रतीक है, जबकि दूध शुद्धता और सात्विकता का। शहद वाणी की मधुरता के लिए है और घी तेज के लिए। बिल्वपत्र के तीन दल मनुष्य के तीन गुणों—सत्व, रज और तम—का प्रतिनिधित्व करते हैं। शिव को ये तीनों दल अर्पित करने का अर्थ है कि हम अपने इन तीनों गुणों को ईश्वर के चरणों में समर्पित कर रहे हैं ताकि हम गुणातीत अवस्था को प्राप्त कर सकें। धतूरा और भांग जैसे पदार्थ, जिन्हें समाज सामान्यतः त्याज्य मानता है, शिव उन्हें भी स्वीकार करते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि शिव की दृष्टि में कुछ भी अपवित्र नहीं है। वे उन सभी को शरण देते हैं जिन्हें दुनिया ठुकरा देती है। महाशिवरात्रि पर चार प्रहर की पूजा का विधान है, जो मनुष्य के जीवन की चार अवस्थाओं और पुरुषार्थों को शुद्ध करने की प्रक्रिया है। प्रत्येक प्रहर में किए जाने वाले विशिष्ट अभिषेक और मंत्रोच्चार भक्त के चित्त की परतों को साफ करते हैं, जिससे सूर्योदय तक वह एक नई ऊर्जा और स्पष्टता के साथ आत्मसात होता है।

सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर महाशिवरात्रि भारत की अखंडता और विविधता का जीवंत उदाहरण है। उत्तर में केदारनाथ और काशी विश्वनाथ से लेकर दक्षिण में रामेश्वरम तक, और पश्चिम में सोमनाथ से लेकर पूर्व में पशुपतिनाथ (नेपाल) तक, पूरा भारतीय उपमहाद्वीप शिवमय हो जाता है। अलग-अलग राज्यों में इस पर्व को मनाने की अपनी विशिष्ट परंपराएँ हैं। कहीं शिव की बारात निकाली जाती है जिसमें लोग भूत-पिशाचों का वेश धारण कर नाचते हैं, जो इस बात का संदेश है कि शिव की छाया में हर प्रकार की विषमता और विचित्रता के लिए स्थान है। कहीं मंदिरों में शास्त्रीय संगीत और नृत्य के माध्यम से भगवान नटराज की स्तुति की जाती है। शिव केवल संहारक नहीं हैं, वे नृत्य, संगीत, व्याकरण और योग के आदि गुरु भी हैं। उनके डमरू से निकले चौदह महेश्वर सूत्रों से ही संस्कृत व्याकरण का जन्म हुआ। अतः यह रात्रि कला और ज्ञान के साधकों के लिए भी अत्यंत फलदायी मानी जाती है। आधुनिक समय में जब मानसिक तनाव और अवसाद एक बड़ी चुनौती बन गए हैं, तब महाशिवरात्रि का व्रत और ध्यान एक औषधि के समान कार्य करता है। उपवास शरीर को विषमुक्त (डिटॉक्स) करता है, जबकि निरंतर मंत्र जप मन के बिखराव को रोकता है। 'ॐ नमः शिवाय' यह पंचाक्षरी मंत्र केवल शब्दों का समूह नहीं है, बल्कि यह पंचतत्वों—पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश—को संतुलित करने की एक ध्वनि तरंग है।

महाशिवरात्रि का दर्शन हमें वैराग्य और दायित्व के बीच संतुलन बनाना सिखाता है। शिव अपनी जटाओं में गंगा को धारण करते हैं जो पवित्रता का प्रतीक है, मस्तक पर चंद्रमा धारण करते हैं जो शीतलता और समय का प्रतीक है, और कंठ में विष धारण करते हैं जो सहनशीलता का प्रतीक है। उनके हाथ में त्रिशूल है जो इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्तियों के संतुलन का परिचायक है। यह स्वरूप हमें यह शिक्षा देता है कि एक आदर्श मनुष्य वही है जो विकट परिस्थितियों में भी अपना धैर्य न खोए और लोक कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहे। आज के भौतिकवादी युग में जहाँ गलाकाट प्रतिस्पर्धा और स्वार्थ की प्रधानता है, महाशिवरात्रि हमें 'सर्वजन हिताय' का मार्ग दिखाती है। शिव ने कभी महलों की कामना नहीं की, वे खुले आकाश के नीचे बाघंबर ओढ़े हिमालय की चोटियों पर या श्मशान की राख में प्रसन्न रहते हैं। यह सादगी हमें सिखाती है कि सुख भौतिक वस्तुओं में नहीं बल्कि आंतरिक संतोष और आत्म-साक्षात्कार में है।

अंततः महाशिवरात्रि का यह पावन अवसर हमें आत्म-निरीक्षण की प्रेरणा देता है। यह वह समय है जब हमें अपने भीतर के काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार रूपी अंधकार को पहचानना चाहिए और शिव की कृपा से उसे ज्ञान की अग्नि में भस्म कर देना चाहिए। जब तक हमारे भीतर 'स्व' (अहंकार) जीवित है, तब तक हम शिव के वास्तविक आनंद का अनुभव नहीं कर सकते। जैसे ही हम इस अहंकार की आहुति दे देते हैं, हम स्वयं शिव स्वरूप हो जाते हैं। महाशिवरात्रि की वह गहन काली रात वास्तव में एक अनंत संभावना की सुबह की ओर ले जाने वाली सीढ़ी है। यह हमें यह विश्वास दिलाती है कि चाहे जीवन में कितना भी बड़ा विष क्यों न आ जाए, यदि हम शिव के प्रति समर्पित हैं, तो वह विष भी अमृत में परिवर्तित हो सकता है। यह पर्व हमें शक्ति, भक्ति और मुक्ति का अद्भुत समन्वय प्रदान करता है। 'सत्यं शिवं सुंदरम्' के इस शाश्वत मंत्र को अपने जीवन में उतारना ही इस महापर्व की सच्ची सार्थकता है। जो व्यक्ति इस रात्रि की महिमा को समझकर पूर्ण श्रद्धा के साथ इसमें डूबता है, उसे न केवल मानसिक शांति प्राप्त होती है, बल्कि उसे वह परम सत्य भी अनुभूत होने लगता है जो इस नश्वर संसार से परे है। हर हर महादेव का उद्घोष केवल एक नारा नहीं, बल्कि आत्मा के गहरे तल से होना चाहिए, तभी इस महाशिवरात्रि पर हमारा वास्तविक पुनर्जन्म संभव है।




महेन्द्र तिवारी

# तारापुर शहीद दिवस

तारापुर शहीद दिवस भारत में प्रत्येक वर्ष 15 फरवरी को मनाया जाता है, जिसमें 15 फरवरी, 1932 को बिहार राज्य के मुंगेर के तारापुर गोलीकांड में शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है। आजादी मिलने के बाद से हर साल 15 फरवरी को स्थानीय जागरूक नागरिकों के द्वारा तारापुर दिवस मनाया जाता है।

तारापुर में शहीद स्मारक के विकास और संरक्षण को लेकर सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता चंदर सिंह राकेश बताते हैं कि जलियाँवाला बाग से भी बड़ी घटना थी तारापुर गोलीकांड। सैकड़ों लोगों ने धावक दल को अंग्रेजों के थाने पर झंडा फहराने का जिम्मा दिया था। और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए जनता खड़ी होकर भारतमाता की जय, वंदे मातरम् आदि का जयघोष कर रहे थे। भारत माँ के वीर बेटों के ऊपर अंग्रेजों के कॅलक्टर ई ओली एवं एस.पी. डब्ल्यू फ्लैग के नेतृत्व में गोलियां दागी गयीं थी। गोली चल रही थीं लेकिन कोई भाग नहीं रहा था। लोग डटे हुए थे। इस गोलीकांड के बाद कांग्रेस ने प्रस्ताव पारित कर हर साल देश में 15 फरवरी को तारापुर दिवस मनाने का निर्णय लिया था।

## इतिहास



15 फरवरी, 1932 की दोपहर सैकड़ों आजादी के दीवाने मुंगेर ज़िला के तारापुर थाने पर तिरंगा लहराने निकल पड़े। उन अमर सेनानियों ने हाथों में राष्ट्रीय झंडा और होठों पर 'वंदे मातरम्', 'भारत माता की जय' नारों की गूंज लिए हँसते-हँसते गोलियाँ खाई थीं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे बड़े गोलीकांड में देशभक्त पहले से लाठी-गोली खाने को तैयार हो कर घर से निकले थे। 50 से अधिक सपूतों की शहादत के बाद स्थानीय थाना भवन पर तिरंगा लहराया गया। घटना के बाद अंग्रेजों ने शहीदों का शव वाहनों में लाद कर सुल्तानगंज की गंगा नदी में बहा दिया था। सिर्फ 13 शहीदों की पहचान हुई शहीद सपूतों में से केवल 13 की ही पहचान हो पाई थी। ज्ञात शहीदों में विश्वनाथ सिंह (छत्रहार), महिपाल सिंह (रामचुआ), शीतल (असरगंज), सुकुल सोनार (तारापुर), संता पासी (तारापुर), झोंटी झा (सतखरिया), सिंहेश्वर राजहंस (बिहमा), बदरी मंडल (धनपुरा), वसंत धानुक (लौढ़िया), रामेश्वर मंडल (पड़भाड़ा), गैबी सिंह (महेशपुर), अशर्फी मंडल (कष्टीकरी) तथा चंडी महतो (चोरगांव) थे। 31 अज्ञात शव भी मिले थे, जिनकी पहचान नहीं हो पायी थी। कुछ शव तो गंगा की गोद में समा गए थे।

इलाके के बुजुर्गों के अनुसार शंभुगंज थाना के खौजरी पहाड में तारापुर थाना पर झंडा फहराने की योजना बनी थी। खौजरी पहाड, मंदार, बाराहाट और ढोलपहाड़ी तो जैसे क्रांतिकारियों की सुरक्षा के लिए ही बने थे। मातृभूमि की रक्षा के लिए जान लेने वाले और जान देने वाले दोनों तरह के सेनानियों ने अंग्रेज सरकार की नाक में दम कर रखा था। इतिहासकार डी सी डीन्कर ने अपनी किताब "स्वतंत्रता संग्राम में अछूतों का योगदान" में भी तारापुर की इस घटना का ज़िक्र करते हुए विशेष रूप से संता पासी और शीतल चमार के योगदान का उल्लेख किया है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# गौतमबुद्धनगर में 16-27 फरवरी तक एमआर विशेष टीकाकरण अभियान, 5-10 वर्ष के बच्चों को लगेगा टीका

समाज जागरण स्वास्थ्यः गौतमबुद्धनगर, 14 फरवरी 2026। शासन के निदेशों के क्रम में जनपद में खसरा-रूबेला (MR) विशेष टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक चलाया जाएगा। अभियान का लक्ष्य कक्षा 01 से कक्षा 05 तक के लगभग 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को खसरा एवं रूबेला से सुरक्षित करना है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार ने बताया कि अभियान के तहत जनपद के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में बच्चों को एमआर वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक दी जाएगी।

### विद्यालयों में होंगे विशेष टीकाकरण सत्र

सीएमओ ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 से 27 फरवरी के बीच स्कूल-आधारित सत्रों के माध्यम से टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग समन्वय के साथ कार्य करेंगे।

### अभिभावकों से अपील

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को निर्धारित तिथि पर विद्यालय में टीकाकरण के लिए अवश्य भेजें। उन्होंने स्पष्ट किया किः

### एमआर टीका पूर्णतः सुरक्षित है

टीकाकरण निःशुल्क किया जाएगा
यह बच्चों को खसरा और रूबेला जैसी गंभीर बीमारियों से बचाता है

### सहयोग का आह्वान

सीएमओ ने संबंधित विभागों, विद्यालय प्रबंधन और सहयोगी संस्थाओं से अभियान को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देने का आह्वान किया है। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

## मंत्रोच्चार, कैंडल मार्च एवं पुष्पांजलि के साथ वीर जवानों को नमन

# विशेष रूप से मनाया गया वैलेंटाइन डे – काला दिवस पर युवा शक्ति ने पुलवामा शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

समाज जागरण नोएडा, 14 फरवरी 14 फरवरी को जहाँ एक ओर विश्व में वैलेंटाइन डे मनाया जाता है, वहीं युवा शक्ति के कार्यकर्ताओं ने इस दिवस को राष्ट्रप्रेम और बलिदान की भावना के साथ 'काला दिवस' के रूप में स्मरण किया। वर्ष 2019 में हुए पुलवामा हमले में शहीद हुए भारत माता के वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के दौरान शहीदों की स्मृति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर अमर जवानों को नमन किया तथा कैंडल मार्च निकालकर अपनी श्रद्धा और सम्मान प्रकट किया। पूरा वातावरण 'शहीदों को नमन' और 'भारत माता की जय' के उद्घोष से गूंज उठा।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि पुलवामा में हुआ कायरतापूर्ण आतंकी हमला पूरे राष्ट्र के लिए अत्यंत वेदनापूर्ण क्षण था, लेकिन हमारे वीर जवानों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत अपने वीर




सपूतों को कभी नहीं भूल सकता। उनका बलिदान सदैव राष्ट्र को एकता और सुरक्षा के पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देता रहेगा।

वाईएसएस फाउंडेशन से दुर्गा प्रसाद दुबे ने कहा, "शहीदों का बलिदान केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की निरंतर प्रेरणा है। हम संकल्प लेते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए सदैव सजग एवं समर्पित रहेंगे।"

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। मंत्रोच्चार के पश्चात शांति पाठ एवं सामूहिक मौन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। युवा शक्ति के संस्थापक सचिन गुप्ता ने नागरिकों से अपील की कि वे शहीदों के त्याग को स्मरण रखते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें तथा समाज में एकता, सद्भाव और राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करें।

**"जब तक सूरज चाँद रहेगा, शहीदों का नाम रहेगा।"**

# नोएडा सेक्टर-30 में भव्य हिन्दू सम्मेलन आयोजित

समाज जागरण

संदीप गर्ग नोएडाः नोएडा के सेक्टर-30, डी ब्लॉक स्थित पार्क में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्धजन, युवाओं और मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।




कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नरेश शर्मा ने बताया कि सम्मेलन के माध्यम से भारतीय संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक एकता और सेवा कार्यों के विस्तार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रूपेश कुमार ने कहा कि यदि हिन्दू समाज जातीय विभाजनों से ऊपर उठकर एकजुट होता है तो वह राष्ट्र सेवा में और अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में 80 हजार से अधिक हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि साध्वी प्रज्ञा भारती ने कहा कि हिन्दू सम्मेलन का उद्देश्य समाज को सु-रक्षित और संगठित रखना है, ताकि विघटनकारी शक्तियों के जातीय विभाजन के प्रयास सफल न हो सकें। उन्होंने मातृशक्ति से आह्वान किया कि बेटियों के पालन-पोषण के साथ उन्हें सशक्त बनाने के अवसर भी प्रदान किए जाएं।

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सुरेश के चव्हाण ने जनसंख्या संबंधी आंकड़ों का उल्लेख करते हुए जनसंख्या नीति लागू करने और बहुपत्नी प्रथा पर रोक लगाने की आवश्यकता जताई।

सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने की। इस अवसर पर सेक्टर-30 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा, विनोद गौतम, कर्नल कमलेश प्रकाश शर्मा, कर्नल आई.पी. सिंह, कर्नल एस.के. वैद्य, सरस्वती बलूनी, मंजू वर्मा, साक्षी गुप्ता, नीतू भाटी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# CGC यूनिवर्सिटी, मोहाली ने ₹50 करोड़ की छात्रवृत्ति योजना की घोषणा, नोएडा में प्रिंसिपल्स-टीचर्स मीट आयोजित

समाज जागरण

संदीप गर्ग नोएडाः CGC यूनिवर्सिटी, मोहाली (पंजाब) ने मेधावी छात्रों की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ₹50 करोड़ की CGCUET छात्रवृत्ति योजना शुरू करने की घोषणा की है। यह जानकारी यूनिवर्सिटी के रीजनल मैनेजर (एडमिशन एवं मार्केटिंग) अभिषेक जसवाल ने नोएडा में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। इस अवसर पर सेक्टर स्थित होटल गोल्डन विस्टा में प्रिंसिपल्स एवं शिक्षकों की बैठक भी आयोजित की गई।

वर्ष 2012 में स्थापित और पूर्व में CGC झांजेरी के नाम से प्रसिद्ध उत्कृष्ठ यूनिवर्सिटी उत्तर भारत की अग्रणी शिक्षण संस्थाओं में शामिल है। विश्वविद्यालय NAAC A+, NIRF और NBA मान्यताओं के साथ आधुनिक एवं एआई आधारित पाठ्यक्रमों पर विशेष ध्यान देता है तथा शिक्षा, अनुसंधान और प्लेसमेंट



पर मजबूत फोकस रखता है।

प्रेस वार्ता के दौरान अभिषेक जसवाल ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक, परास्नातक और पीएचडी विद्यार्थियों हेतु ₹50 करोड़ की "CGC जोश" छात्रवृत्ति का औपचारिक शुभारंभ किया गया है। योजना का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक अंतर को कम करते हुए विशेष रूप से कम आय वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा जारी रखने में सहायता प्रदान करना है। होटल गोल्डन विस्टा में आयोजित प्रिंसिपल्स-टीचर्स मीट में नोएडा और आसपास के क्षेत्रों से 50 से अधिक प्रिंसिपल और शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, सही कैंपस एवं पाठ्यक्रम चयन सहित विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

अभिषेक जसवाल ने सभी उपस्थित शिक्षकों एवं प्रिंसिपलों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी देश की प्रगति शिक्षा के माध्यम से ही संभव है और शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने छात्रवृत्ति राशि को 7 करोड़ से बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये किया है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभ मिल सके।

इस अवसर पर चांसलर एस. रशपाल सिंह ढालीवाल ने कहा कि उच्च शिक्षा एक छात्र के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण निवेश है और आर्थिक बाधा किसी भी प्रतिभा के रास्ते में नहीं आनी चाहिए। वहीं मैनेजिंग डायरेक्टर अर्श ढालीवाल ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र की रीढ़ है और यह छात्रवृत्ति योजना युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होगी।

CGC यूनिवर्सिटी, मोहाली की यह पहल छात्रों को आर्थिक चिंताओं से मुक्त होकर अपने सपनों को साकार करने की दिशा में प्रेरित करने वाली महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# महाशिवरात्रि पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में वैश्विक आध्यात्मिक समन्वय की नई पहल

वाराणसी, 14 फरवरी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास, वाराणसी द्वारा एक अद्वितीय और अभिनव आध्यात्मिक पहल का शुभारंभ किया गया है। इस पहल के अंतर्गत भगवान श्री विश्वेश्वर महादेव के श्रीचरणों में देश-विदेश के प्रमुख ज्योतिलिंगों, सिद्धपीठों, शक्तिपीठों और प्राचीन तीर्थस्थलों से पावन प्रसाद, पूजित वस्त्र, रज, पवित्र जल तथा श्रद्धा उपहार अर्पित किए जाने की परंपरा प्रारंभ की गई है।

इस आध्यात्मिक समन्वय का उद्देश्य संपूर्ण सनातन समाज को एक सूत्र में पिरोते हुए वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को मूर्त रूप प्रदान करना और वैश्विक आध्यात्मिक एकात्मता को सुदृढ़ करना है।

### काशी के प्रमुख मंदिरों से भी सहभागिता

वाराणसी से सप्तमात्रिका सिद्धपीठ श्री बड़ी शीतलाधाम शीतलाघाट, काशी त्रिलोचन महादेव मंदिर, सिद्ध पीठ बड़ी काली जी मंदिर कालिका गली, श्री बड़ा गणेश मंदिर लोहटिया, श्री केदारेश्वर मंदिर केदार घाट, श्री ओम कालेश्वर मंदिर कोयला बाजार, श्री कालभैरव मंदिर भैरोनाथ, विन्ध्यवासिनी, दशाश्वमेध, तुलजा देवी, दशाश्धमध्येश्वर, जमेश्वर, प्राचीन रुद्रसरोवर, श्री श्रीयन्त्रराज, श्री दक्षिणी आदि शीतला बुढ़ीय माई, कपिलधारा पंचकोशी, शूलटंकेश्वर, प्रयागघाट, रामेश्वर पंचकोशी, महिषासुर मां मंदिर, लोलार्क कुंड, बैजनाथ मंदिर बैजनत्था, श्री चन्द्रेश्वर मंदिर केदारघाट, श्री लोलार्क कुंड मंदिर भदैनी, श्री अन्नपूर्णा मंदिर विश्वनाथ गली, श्री महालक्ष्मी मंदिर लक्सा, श्री बटुक भैरव मंदिर कमच्छा, श्री कामख्या मंदिर कमच्छा, अन्य प्रमुख मंदिर काशी और विशालाक्षी मंदिर काशी से भी पावन भेंट प्राप्त हुई है।

### देश-विदेश के अन्य तीर्थस्थलों की सहभागिता

उत्तराखंड से श्री केदारनाथ, मुंबई से लाल बाग के राजा और श्री सिद्धिविनायक मंदिर, गुजरात से द्वारकाधीश मंदिर, श्रीलंका से श्री ऐश्वर्या लक्ष्मी मंदिर कोलंबो तथा राजस्थान से नाथद्वारा मंदिर उदयपुर से भी पावन प्रसाद और भेंट काशी विश्वनाथ धाम पहुंच चुकी है।

### पवित्र सामग्री में जल, रज, वस्त्र और पुष्प शामिल

इन भेंटों में विभिन्न तीर्थस्थलों का पवित्र जल, मंदिरों में पूजित पुष्पमालाएं, रज, चंदन, वस्त्र तथा अन्य पूजनीय सामग्री सम्मिलित है। यह संपूर्ण प्रक्रिया सनातन परंपरा की आध्यात्मिक एकता का सजीव प्रतीक बनकर सामने आई है।

# बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ 25 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह

ग्रेटर नोएडा। ओपॉ फाउंडेशन, ग्रेटर नोएडा के तत्वावधान में 25 जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह 14 फरवरी 2026 (शनिवार) को साइट-4, डी-48, ग्रेटर नोएडा में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह कराना और समाज में सहयोग एवं सेवा की भावना को बढ़ावा देना रहा।



संस्था के ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन उनकी और पूनम अग्रवाल की शादी की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पिछले पांच वर्षों से लगातार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 108 कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जा चुका है।

मनोज सिंघल ने जानकारी दी कि सभी 25 दूल्हों की बारात जय किसान खल भंडार, साइट-4 से घोड़ा-बग्गी पर सवार होकर बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ विवाह स्थल तक पहुंची। विवाह स्थल पर पहुंचने पर पूनम अग्रवाल एवं अन्य महिलाओं ने तिलक लगाकर बारातियों और दूल्हों का पारंपरिक स्वागत किया।

कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र उपस्थित रहे। उन्होंने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी।

इस अवसर पर ओमप्रकाश अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, मनोज सिंघल, अनुज सिंघल, अमन अग्रवाल, कृति अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, राशि अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# थाना दादरी में पीस कमेटी की बैठक, त्योहार शांति से मनाने की अपील

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन एवं डीसीपी ग्रेटर नोएडा के पर्यवेक्षण में एसीपी-2 ग्रेटर नोएडा श्रीमती प्रशाली गंगवार द्वारा थाना दादरी परिसर में संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थानाध्यक्ष दादरी तथा दादरी नगरपालिका चेयरमैन की उपस्थिति रही।

बैठक के दौरान एसीपी प्रशाली गंगवार ने उपस्थित नागरिकों से आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार फैलाने का



प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने सभी नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था मजबूत रह सकती है और सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जा सकते हैं।

# नोएडा सेक्टर-49 में मसाज पार्लरों पर बड़ी कार्रवाई, तीन स्थानों पर छापेमारी

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर-49 क्षेत्र में पुलिस ने मसाज पार्लरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। सेक्टर-49 थाना पुलिस, एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) और एनएचआरसी की संयुक्त टीम ने एक साथ तीन मसाज पार्लरों पर छापा मारा।

छापेमारी के दौरान टीम ने मौके से कुछ युवक-युवतियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर थाना सेक्टर-49 लाया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सभी से विस्तृत पूछताछ की



जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति देखी गई। एडीसीपी नोएडा ने बताया कि जांच प्रक्रिया जारी है और यदि किसी प्रकार की अवैध गतिविधि सामने आती है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि शहर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# डीएनडी पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। भाजपा नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का ग्रेटर नोएडा एक कार्यक्रम में जाते समय डीएनडी पर भव्य, ऐतिहासिक एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी उपस्थित रहे।

स्वागत कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पूरे मार्ग को



पुष्पवर्षा, नारों, बैनरों एवं झंडों से सजाया गया था, जिससे वातावरण राष्ट्रभक्ति और संगठनात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में गौतम बुद्ध नगर के सांसद महेश शर्मा, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौजूद रहे। सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण और पुष्पवर्षा के माध्यम से रक्षा मंत्री का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्" और "भाजपा ज़िंदाबाद" के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। विभिन्न मोर्चों, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं की बड़ी भागी-दारी रही।

नेताओं ने कहा कि यह आयोजन भाजपा संगठन की शक्ति, अनुशासन और एकजुटता का प्रतीक है तथा राष्ट्रहित, विकास और जनकल्याण के प्रति कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# आगरा में बनेगा हाई-टेक स्पोर्ट्स कॉलेज, अब मंडल में ही निखरेंगी खेल प्रतिभाएं

## - योगी सरकार ने मंडल स्तर पर स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए मंजूर किए 80 करोड़ रुपये

**- पढ़ाई के साथ मिलेगी आधुनिक ट्रेनिंग, 2036 के ओलंपिक के लिए तैयार होंगे खिलाड़ी**

समाज जागरण

आगरा, 14 फरवरी। उत्तर प्रदेश को खेलों की दुनिया में 'नंबर वन' बनाने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं को एक बड़ी सौगात दी है। बजट 2026-27 में सरकार ने खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारने का पूरा रोडमैप तैयार कर लिया है। इसी कड़ी में आगरा समेत प्रदेश के 10 मंडलों में नए स्पोर्ट्स कॉलेज बनाए जाएंगे। इसके निर्माण के लिए सरकार ने 80 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट आवंटित किया है। अब ताजनगरी और आसपास के खिलाड़ियों को आधुनिक ट्रेनिंग के लिए दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

एत्मादपुर में 50 हेक्टेयर जमीन, आठ करोड़ का प्रावधान

योगी सरकार की 'एक मंडल- एक स्पोर्ट्स कॉलेज' नीति के तहत आगरा में बनने वाले स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। एत्मादपुर क्षेत्र में लगभग 50 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की गई है। प्रशासनिक जांच पूरी होने के बाद जल्द ही इसका प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। बजट में इस कॉलेज के निर्माण के लिए शुरूआती तौर पर करीब आठ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।




प्रस्तावित स्पोर्ट्स कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल मैदान, प्रशासनिक भवन, आवासीय सुविधाएं (हॉस्टल) और शिक्षा व्यवस्था एक ही परिसर में विकसित की जाएगी। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ पढ़ाई की सुविधा देना है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

**'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में होगा विकसित**

यह संस्थान केवल एक कॉलेज नहीं बल्कि 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 के ओलंपिक में भारत की भागीदारी और पदक संभावनाओं को मजबूत करना है। आगरा का यह कॉलेज भविष्य के ओलंपियन तैयार करने की नर्सरी बनेगा।

**खेल दिग्गजों ने सराहा योगी सरकार के फैसले को**

उत्तर प्रदेश सरकार का यह फैसला ऐतिहासिक है। आगरा में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। कमी थी तो बस उच्च स्तरीय संसाधनों की। स्पोर्ट्स कॉलेज बनने से यहाँ की बेटियों और युवाओं को अब अपने घर में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग मिल सकेगी। यह कदम आगरा से नए स्टार खिलाड़ी निकालने में मदद करेगा।
- हेमलता काला, पूर्व अध्यक्ष, चयन समिति, भारतीय महिला क्रिकेट टीम/ पूर्व क्रिकेटर, भारतीय महिला क्रिकेट टीम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने खेलों को जो प्राथमिकता दी है, वह अभूतपूर्व है। मंडल स्तर पर स्पोर्ट्स कॉलेज खुलने से ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। यह केवल एक इमारत नहीं, बल्कि भविष्य के ओलंपियंस तैयार करने की फैक्ट्री साबित होगी।
- संजय गौतम, उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश हॉकी संघ

आगरा में स्पोर्ट्स कॉलेज का सपना अब साकार होने जा रहा है। एक ही परिसर में पढ़ाई और खेल की व्यवस्था होने से अभिभावक भी बच्चों को खेल में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेंगे। यह आगरा के खेल जगत के लिए संजीवनी समान है।
- कमल चौधरी, अध्यक्ष, आगरा हॉकी संघ

# विद्यालय के वार्षिकोत्सव में प्रतिभाग करने वाले भैया - बहनों को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण**

चन्दौसी। हनुमान गढ़ी स्थित जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव के दौरान सांस्कृतिक एवं शारीरिक कार्यक्रमों में प्रतिभा करने वाले भैया-बहनों को प्रार्थना सत्र में सम्मानित किया गया ।सम्मान समारोह का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डॉ टीएस पाल,प्रबन्धक सुनील कुमार, संरक्षक सदस्य शिवम यादव,सदस्य राजश्री अग्रवाल, प्रधानाचार्य वीरपाल सिंह प्रभारी सुरेशचंद्र यादव ने संयुक्त रूप में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवम पुष्पर्पित करके किया।



विशिष्ट अतिथि डॉ टीएस पाल ने कहा सांस्कृतिक कार्यक्रम केवल मनोरंजन नहीं हैं, बल्कि ये बच्चों के भीतर छिपी झिझक को दूर कर उनकी प्रतिभा को तराशने का सबसे सशक्त माध्यम हैं।मंजिल उनको मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है।" विद्यालय का वार्षिकोत्सव में आचार्य बंधु एवं आचार्या बहनों के सहयोग से अति उत्तम रहा तथा सभी प्रतिभागी बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला।तथा बधाई की पात्र दोनों बहनें भी जिन्होंने अंग्रेजी एवं हिंदी में संयुक्त रूप से सफल संचालन किया। सभी पुरुस्कार पाकर अति प्रफुल्लित हुए।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया ।समान समारोह का संचालन आचार्य जगपाल शर्मा ने किया। इस दौरान मुकेश शर्मा, शिवा उपाध्याय, ममता, महेंद्र पाल,ि रतु अग्रवाल, विजय किशोर, पारुल कविता रानी,प्रेम नारायण, मेघल गुप्ता, बलवीर, रिमझिम, दिव्या, वैशाली, सत्येंद्र यादव, सतपाल, राजेंद्र शर्मा, आराधना आदि आचार्य बंधु एवम आचार्या बहनों का विशेष सहयोग रहा।

# मृत्यु लोक में कुछ भी आसानी से नहीं मिलता–वरिष्ठ समाजसेवी नरेश राघव

**समाज जागरण।**

सम्भल। सर्व धर्म सामाजिक संगठन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी नरेश राघव ने मृत्यु लोक के बारे में विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि मृत्यु लोक में कुछ भी आसानी से नहीं मिलता जैसे। सफलता, पद और प्रतिष्ठा यह संसार, जिसे अक्सर 'मृत्युलोक' कहा जाता है, एक ऐसी कर्मभूमि है जहाँ कुछ भी आसानी से प्राप्त नहीं होता। कहावत है कि "बिना मेहनत के तो केवल असफलता मिलती है।" सफलता, पद और प्रतिष्ठा ये तीनों जीवन के वे शिखर हैं जिन्हें पाने के लिए व्यक्ति को निरंतर संघर्ष, त्याग और कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। यह संसार मेहनत करने वालों की ही कद्र करता है और उन्हें ही सम्मान प्रदान करता है।



सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। सफलता का मतलब सिर्फ धन कमाना नहीं है, बल्कि यह अपने सपनों को साकार करने के लिए बार-बार असफल होने के बावजूद निरंतर प्रयास करते रहने का परिणाम है। जैसे थॉमस एडिसन ने वर्षों की मेहनत के बाद बल्ब का आविष्कार किया, वैसे ही किसी भी क्षेत्र में सर्वोच्च स्तर पर पहुँचने के लिए अथक परिश्रम आवश्यक है। असफलताएं सफलता की आधारशिला हैं, जो हमें मजबूत बनाती हैं और आगे बढ़ने का पाठ पढ़ाती हैं। पद और प्रतिष्ठा वे फल हैं, जो धैर्य और ईमानदारी के वृक्ष पर लगते हैं। समाज में मान-सम्मान या ऊँचा पद मुफ्त में नहीं मिलता; इसके लिए जिम्मेदारी,और समर्पण का मूल्य चुकाना पड़ता है। जब कोई व्यक्ति अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए समय और प्रयास लगाता है, तभी उसे उच्च पद और प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। कबीरदास जी ने भी कहा है कि सहज ही कुछ नहीं मिलता, पाने के लिए संघर्ष करना ही पड़ता है।

मृत्युलोक में, संघर्ष ही इंसान का सबसे बड़ा साथी है। जो लोग चुनौतियों से घबराकर हार मान लेते हैं, वे भीड़ में खो जाते हैं। लेकिन जो व्यक्ति संघर्ष की आग में तपते हैं, वे ही कुंदन बनकर निकलते हैं। मेहनत से व्यक्ति अपने कौशल को निखारता है और ऐसे अवसरों का निर्माण करता है जो उसे ऊंचाइयों तक ले जाते हैं।

# मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में धूमधाम से आयोजित हुआ 'बैटल ऑफ ब्रेन्स' इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता

**समाज जागरण**

संभल ।मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में ह्यबैटल ऑफ ब्रेन्सह्व इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह, ऊर्जा और ज्ञान के वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता, सामान्य ज्ञान और त्वरित सोच का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर तालियों की गूंज और प्रतिस्पर्धा के रोमांच से भर उठा।




प्रतियोगिता के प्रथम चरण में कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें चारों हाउस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न्यूटन हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय चरण में कक्षा नौ एवं ग्यारह के विद्यार्थियों के मध्य रोचक प्रतिस्पर्धा हुई, जिसमें अपनी सूझ-बूझ और ज्ञान के दम पर अरिस्टोटल हाउस विजेता रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य विल्सन राजन ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और त्वरित निर्णय लेने की योग्यता का विकास करती हैं। विद्यालय की निदेशक शबाना कौसर ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ज्ञान ही सफलता की असली कुंजी है और इसी प्रकार के आयोजन बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करते हैं। विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना से भी सशक्त बनाना है। उन्होंने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और समर्पण के बिना इस प्रकार के सफल आयोजन संभव नहीं होते।

विद्यालय के प्रबंधक मुशीर खान ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने और प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक दृष्टिकोण से लेने की सलाह दी ।स्कूल की इंटर हाउस प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच और टीम भावना का विकास करती हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हार और जीत जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है सीखना और आगे बढ़ना। जो छात्र आज विजयी हुए हैं, वे अपनी मेहनत और लगन को बनाए रखें, और जो छात्र इस बार पीछे रह गए हैं, वे निराश न हों बल्कि अगले अवसर के लिए और अधिक तैयारी करें।

कार्यक्रम के संयोजक के रूप में जुनैद इब्राहिम एवं नीलोफर खान ने पूरे आयोजन का सफल संचालन किया। प्रतियोगिता के जज के रूप में मुस्तफा कमाल पाशा और मोहम्मद फैजान अली, ज़िया उल्लाह खान उपस्थित रहे, जिन्होंने निष्पक्ष निर्णय देते हुए प्रतियोगिता को गरिमामय बनाया। स्कोरिंग की जिम्मेदारी यमशूना रूही ने संभाली, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम के दौरान अंक तालिका का सुव्यवस्थित संचालन किया

कार्यक्रम की सफलता में सभी हाउस टीचर्स का भी सराहनीय योगदान रहा, जिन्होंने विद्यार्थियों को तैयारी से लेकर प्रस्तुति तक भरपूर सहयोग दिया। अंत में विजेता टीमों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों की हौसला-अफजाई की गई।

यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में विद्यालय का एक सफल और प्रेरणादायक प्रयास साबित हुई।

# भक्ति और ड्यूटी का अनूठा संगम: मंडावली में डीएम और एसपी ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद/ मंडावली (बिजनौर): हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे शिवभक्त कांवड़ियों का नजीबाबाद और भागूवाला बॉर्डर पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मंडावली स्थित मोटा महादेव मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहाँ प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने कांवड़ियों की सेवा कर "सेवा ही परमो धर्मः" का उदाहरण पेश किया।



**पुष्प वर्षा और फल वितरण**

बिजनौर की जिलाधिकारी (DM) जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक (SP) अभिषेक झा ने कांवड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए उन पर पुष्प वर्षा की। अधिकारियों ने स्वयं अपने हाथों से शिवभक्तों को फल वितरित किए। नजीबाबाद के भागूवाला बॉर्डर पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं और अधिकारियों ने कांवड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

भाजपा विधायक ओम कुमार द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोटा महादेव मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान एक भावुक कर देने वाला दृश्य तब दिखा जब डीएम जसजीत कौर और विधायक ओम कुमार ने स्वयं अपने हाथों से सैकड़ों शिवभक्तों को भोजन परोसा। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के इस सेवा भाव को देख कांवड़ियों ने प्रदेश सरकार और प्रशासन की जमकर सराहना की। सुरक्षा और सेवा के सारथी एसपी अभिषेक झा के कुशल नेतृत्व में बिजनौर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सेवा की भी नई मिसाल पेश की है। कांवड़ियों ने कहा कि अधिकारियों के चेहरे पर थकान के बजाय सेवा की मुस्कान और भक्ति का भाव देखकर उनकी अपनी थकान भी मिट गई।

इस भव्य आयोजन के दौरान पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह, एसडीएम नजीबाबाद, क्षेत्राधिकारी (CO) नजीबाबाद सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# पाताली महादेव मंदिर परिसर में मधुमक्खियों का हमला

## महाशिवरात्रि से एक दिन पहले मची अफरा-तफरी

**समाज जागरण**

गुन्नौर महाशिवरात्रि से एक दिन पहले शनिवार दोपहर करीब एक बजे गांव तरफरी स्थित प्रसिद्ध पाताली महादेव मंदिर परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। उस समय कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर लगाया जा रहा था।



जानकारी के अनुसार सोनू पुत्र ओमप्रकाश, एकपाल पुत्र रामजीत और निशांत पुत्र ओमकार निवासी गांव तरफरी मंदिर परिसर में कांवड़ियों के लिए सेवा शिविर का टेंट लगा रहे थे। इसी दौरान किसी ने पास में लगे मधुमक्खियों के छत्ते को छेड़ दिया, जिससे मधुमक्खियां आक्रामक हो गईं और वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया।

अचानक हुए हमले से मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोगों ने इधर-उधर भागकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि घटना दिन में हुई और भीड़ अधिक नहीं थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह घटना महाशिवरात्रि के दिन होती, जब मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना पर ड्यूटी पर तैनात सीएचसी के फार्मासिस्ट दीपक यादव और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

महाशिवरात्रि के मद्देनजर प्रशासन से मंदिर परिसर में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ाने की मांग की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े

# बबराला में दूसरे दिन टप्पेबाजी, भैंस खरीदने जा रहे किसान की जेब से 60 हजार रुपये उडाए

**समाज जागरण**

बबराला। कस्बे में टप्पेबाजों के हौसले बुलंद हैं। लगातार दूसरे दिन टप्पेबाजी की घटना सामने आई है। भैंस खरीदने जा रहे एक ग्रामीण की जेब से 60 हजार रुपये उड़ा लिए गए।

थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी झंडू पुत्र पीतांबर शनिवार सुबह करीब 11 बजे ई-रिक्शा में सवार होकर जुनावई की पशु हाट में भैंस खरीदने जा रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से 60 हजार रुपये निकाल लिए। गांव इटऊआ पहुंचने पर रुपये गायब होने का पता चला तो उसके होश उड़ गए। उसने आसपास काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।

पीड़ित ने थाना बबराला पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। गौरतलब है कि शुक्रवार को भी टप्पेबाजों ने बदायूं जनपद के बजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव उरैना निवासी शाहिद हुसैन को बबराला के इंदिरा चौक पर झांसा देकर 30 हजार रुपये से भरा बैग उड़ा दिया था। लगातार हो रही वारदातों से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है।

# जूनियर क्लास के बच्चों ने सीनियर्स को दी विदाई पार्टी

## - बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए पेश

**समाज जागरण**

चंदौसी। डा. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल पथरा में जूनियर कक्षा के बच्चों के द्वारा सीनियर्स के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के संचालक महानंदन गौतम और प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके एवं दीप प्रज्वलित करके किया। उसके बाद बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाजिया ने गोरे तन से सरकता जाए, इशिका ने पैरों में बंधन है, किरन आदि ने फॉर्च्यूनर, इच्छा ने व्हाट झुमका, शिवी आदि ने काली एक्टिवा दा, अंजलि और दीक्षा ने पतली कमर पर तेरी, प्रिया ने लांबा लांबा घूंघट पर शानदार प्रस्तुति पेश की। नगमा ने लग जा गले गाना गया। जिस पर कार्यक्रम तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने बच्चों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और आगे भी मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। संचालन प्रवीण कुमार ने किया। इस दौरान सत्यपाल सिंह, सतेंद्र सिंह, रंजीत कुमार, अश्वनी शर्मा, शिवगणेश शर्मा, रिनी अग्रवाल, क्षमता, सुशीला, आरती सिंह, आभा रानी, योगेश, रंजीत कौर, वंशिका सक्सेना, काजल, खुशबू, रेशमा, राजकुमारी, अनामिका यादव, शालू, दुर्गेश नंदनी, राजेंद्र वर्मा, अंशुल गुप्ता, आनंद वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



# थानाध्यक्ष विजेन्द्र सिंह राठी ने समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। एक शिकायत का मौके पर ही किया निस्तारण

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। थानाध्यक्ष विजेन्द्र सिंह राठी ने कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान तीन शिकायतें दर्ज करायी गयी जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। शनिवार को कोतवाली प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस में थानाध्यक्ष विजेन्द्र सिंह राठी ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विवाद से कोई शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है, तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें। समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा तीन शिकायतें आयी एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। वही अफजलगढ़ एसएसआई श्रीपाल ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर एसएसआई श्रीपाल सिंह के आलावा कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार,एसआई हरवीर सिंह, उपनिरीक्षक राजीव कुमार,उप निरीक्षक जयवीर सिंह सहित कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार, कानूनगो कासमपुरगढ़ी नरेश कुमार, लेखपाल गौरव चौहान, लेखपाल अनिरुद्ध चौहान,जितेन्द्र प्रताप सिंह, ऋषिपाल सिंह,नागेन्द्र सिंह, राकेश कुमार, संजीव कुमार, जितेन्द्र कुमार,फूल सिंह, लेखपाल चंचल रानी, लेखपाल तेजपाल सिंह, लेखपाल दीपेन्दर कुमार लेखपाल राखी चौहान तथा लेखपाल सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।



# पुलिस ने दो युवकों को चुराए हुए कुंडल व टॉप्स सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। पुलिस ने बहला फुसलाकर महिला से कुंडल ठग लेने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को चुराए हुए कुंडल व टॉप्स सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दिनांक 02.02.2026 को दो लोगों ने दिनदहाड़े नगरपालिका के पास बहला फुसलाकर पता पूछने के बहाने एक महिला से कुंडल ठग लिए थे तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 318 (2) बीएनएस के तहत पंजीकृत कार्यवाही शुरू कर दी थी विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान उक्त घटना मे दिलशाद उर्फ भैय्या पुत्र अब्दुल सलाम व दिलनवाज उर्फ भोखू पुत्र दिलशाद उर्फ भैय्या निवासीगण मौहल्ला अहमदनगर थाना कोतवाली अमरोहा जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया जिनसे पीली धातु के 05 कुन्डल एवं 01 टॉप्स बरामद हुए और धारा 123 बीएनएस तथा बरामदगी के आधार पर धारा 317 (2) बीएनएस की वृद्धि की गई।



गिरफ्तार आरोपियों दिलशाद उर्फ भैय्या एवं दिलनवाज उर्फ भोखू ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे दोनों पिता-पुत्र मिलकर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अकेली एवं असहाय महिलाओं को चिन्हित करते थे। योजनाबद्ध तरीके से उन्हें बातों में उलझाकर अथवा नशीला पदार्थ सुंघाकर उनके पहने हुए सोने के कुण्डल व अन्य आभूषण उतखा लेते थे तथा मौके से फरार हो जाते थे।

पूछताछ में अभियुक्तों ने दिनांक 02.02.2026 को कस्बा नगीना स्थित नगरपालिका गेट के पास एक महिला से नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके कानों के कुण्डल लेना स्वीकार किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि करीब एक माह पहले बीना प्रकाश अस्पताल, बिजनौर के बाहर एक महिला को बहला-फुसलाकर उसके कानों के कुण्डल ले लिए थे। साथ ही लगभग ढाई माह पूर्व कस्बा धामपुर में भगत सिंह चौक के पास सुबह के समय एक अन्य महिला से कुण्डल एवं टाप्स ले जाने की घटना भी स्वीकार की। आरोपियों द्वारा यह भी बताया गया कि घटना के बाद वे आभूषणों को तत्काल न बेचकर सुरक्षित स्थान पर छिपा देते थे तथा अवसर मिलने पर उन्हें बेचने की योजना बनाते थे। पूछताछ में प्राप्त तथ्यों के आधार पर संबंधित थानों में पंजीकृत अभियोगों से घटनाओं तथा आरोपियों के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पलिस टीम के थानाध्यक्ष अवनीत मान, एसआई सुनील कुमार मय सर्विलांस / स्वाट बिजनौर व एसआई रामचन्द्र सिंह हेड कांस्टेबल अंकित व कांस्टेबल सचिन कुमार की प्रशंसा हो रही है।

# बबराला में महाशिवरात्रि पर भंडारे का आयोजन जय भोले की गूंज

**समाज जागरण**

थाना बबराला नगर में थाने के सामने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भक्त महेश कुमार ने हरिद्वार व गंगाघाट राजघाट से जल लेकर शिवालयों की तरफ आने जाने काबडिया, श्रद्धालुओं को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने पूडी सब्जी का प्रसाद का आनंद लिया ,और राहगीरों ने जय भोले के जयकारों से नगर गूंज उठा।





इस मौके पर डां कामेश वार्ष्णेय,आराध्या, पीहू, निखिल वार्ष्णेय, ममता वार्ष्णेय, अर्पणा वार्ष्णेय, हिमानी वार्ष्णेय, सावित्री वार्ष्णेय, आदि मौजूद रहे।

# गुन्नौर चलती बाइक से गिरकर महिला की मौत मचा कोहराम

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के झबदायूं स्टेट हाईवे पर शनिवार दोपहर करीब सवा दो बजे करीब बाइक से गिरकर महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।



जानकारी के अनुसार बदायूं जनपद के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव सिजावली निवासी अमरपाल अपनी पत्नी रूपवती (27) को बाइक से धनारी थाना क्षेत्र के गांव नगला चतुर्भानपुर स्थित ससुराल लेकर जा रहा था। दोपहर करीब दो बजे गुन्नौर नगर में स्थित हाईवे स्थित एचपी ढाबा के सामने अचानक रूपवती का संतुलन बिगड़ गया और वह चलती बाइक से सड़क पर गिर पड़ी।

घटना के बाद अमरपाल और आसपास के लोगों ने घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक संदीप यादव ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी पर पहुंचे स्वजनो का रो कर बुरा हाल हो गया मृतका रूपवती एक 10 वर्षीय कालू व 7 वर्षीय बेटे टीटू को छोड़कर गई है सूचना पर पहुंची पुलिस व स्वजन भी पहुंच गए लेकिन स्वजन विना पोस्टमार्टम कराए शव को गांव ले गए

गुन्नौर नगर चौकी प्रभारी जितेंद्र तोमर ने बताया कि स्वजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया शव को अपने गांव ले गए।

# खेत में गन्ना छील रहे मजदूरों के सामने आया गुलदार, मची भगदड़

## वन विभाग से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग।

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के गांव हिदायतपुर चोहड़वाला में शनिवार को गन्ने के खेत में काम कर रहे मजदूरों के सामने अचानक गुलदार दिखाई देने से अफरा-तफरी मच गई। गुलदार ने मजदूरों की ओर बढ़कर हमला करने का प्रयास किया, लेकिन मजदूर भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। गनीमत रही कि इस दौरान कोई घायल नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार गांव निवासी राजेंद्र सिंह के गन्ने के खेत में मजदूर गन्ना छील रहे थे। इसी दौरान पास के खेत से निकलकर गुलदार मजदूरों के नजदीक पहुंच गया और उनकी ओर झपटा। इससे मजदूर काम छोड़कर भाग निकले। मजदूरों के शोर मचाने पर गुलदार दोबारा गन्ने के खेत में जा घुसा। खेतों में काम कर रहे अन्य किसानों ने भी गुलदार दिखाई देने की सूचना वन विभाग को दी। खेत स्वामी राजेंद्र सिंह, मोहित कुमार, रितिक, सुरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, सुनील कुमार, गिरवर सिंह व डालचंद सिंह आदि का कहना है कि पिछले करीब दस दिनों से गुलदार क्षेत्र के खेतों के आसपास लगातार दिखाई दे रहा है और मजदूरों, किसानों व राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है। इस संबंध में रेंजर प्रदीप शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम को मौके पर भेज दिया गया है। जल्द ही पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# जीएसटी चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

## राज्य कर विभाग की शिकायत पर दर्ज हुआ था मुकदमा

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी चोरी के आरोप में दर्ज कराए गए मुकदमे में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से कर चोरी के मामलों में सख्ती का संदेश गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य कर खंड-एक धामपुर के सहायक आयुक्त आशुतोष कुमार सिंह ने 19 दिसंबर 2025 को थाना अफजलगढ़ में ऐआर ट्रेडर्स फर्म के नाम से जीएसटी चोरी किए जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी हुई थी और संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। शनिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए जसपुर थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा लक्ष्मीपुर निवासी वसीम अहमद पुत्र मुन्तयाज हुसैन को हरिश्चंद्र इंटर कॉलेज के समीप नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपित से पूछताछ की और आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसका चालान न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजेन्द्र सिंह राठी का कहना है कि कर चोरी से जुड़े मामलों में कार्रवाई जारी रहेगी और ऐसे मामलों में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बंदरों के हमले से 65 वर्षीय बुजुर्ग घायल, लोगों में दहशत

## डाक्टर ने बुजुर्ग को एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाकर घर भेजा

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। नगर के मोहल्ला मंझोली में शनिवार को बंदर के हमले में 65 वर्षीय बुजुर्ग घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाकर घर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला मंझोली निवासी शफीक अहमद (65) अपने घर की छत पर धूप में बैठे थे। इसी दौरान दीवार पर बैठे एक बंदर ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले से वह घायल हो गए और उनकी चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बंदर को भगाकर उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उपचार के दौरान एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया और हालत सामान्य होने पर घर भेज दिया। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय निवासी सलीम अहमद, समीम अहमद, इरफान अहमद, फुरकान, दिलशाद, शरीफ और इमरान आदि का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। लोग छतों पर जाने से भी डरने लगे हैं और कई बार बंदर हमलावर हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका से शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से बंदरों को पकड़वाने की मांग करते हुए जसजीत कौर (डीएम, बिजनौर) से कार्रवाई की अपील की है।

# रिश्तेदार बनकर ठगी, ग्रामीण से 5 हजार की साइबर ठगी

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी निवासी एक ग्रामीण के खाते से अज्ञात साइबर ठग द्वारा रिश्तेदार बनकर हजारों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने साइबर पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।गांव रामपुर खेड़ी निवासी बृजेश गिरी ने बताया कि उनके घर पर शादी का कार्यक्रम चल रहा था, जिस कारण वह काफी व्यस्त थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया, जिसने खुद को उनका रिश्तेदार बताया। कॉल करने वाले ने बताया कि उसका पुत्र बीमार है और इलाज के लिए तुरंत रुपये की जरूरत है।ठग के झांसे में आकर पीड़ित ने उसके द्वारा भेजे गए बारकोड के माध्यम से 5 हजार रुपये भेज दिए। थोड़ी देर के बाद साइबर्थक की फिर से कॉल आई और बाकी पांच हजार रुपये डालने के लिए कहा।कुछ समय बाद जब उन्हें शक हुआ तो उन्होंने मामले की जानकारी ली, जिस पर पता चला कि यह साइबर ठगी थी।इसके बाद पीड़ित ने तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई और थाने की साइबर पुलिस को भी प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने अपनी मेहनत की कमाई वापस दिलाने की गुहार लगाई है।पुलिस ने पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए साइबर ठग की तलाश शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल, ओटीपी या बारकोड पर पैसे भेजने से पहले पूरी जांच-पड़ताल जरूर करें, ताकि साइबर ठगी से बचा जा सके।

# अज्ञात वाहन की चपेट मे आकर बाइक सवार दंपति घायल

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के निकट शुक्रवार देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बाइक सवार व्यक्ति की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शामली जनपद के थाना आदर्श मंडी क्षेत्र अंतर्गत कस्बा बनत निवासी अजीत अपनी पत्नी ममता के साथ बाइक से बागपत जनपद के कस्बा छपरौली स्थित रिश्तेदारी में गए हुए थे। शुक्रवार देर शाम दंपति बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर द गोल्ड पब्लिक स्कूल के समीप पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने सूचना 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने अजीत की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि प्राथमिक उपचार के बाद महिला को छुट्टी दे दी गई।खबर लिखे जाने तक इस संबंध में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# 108 एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ से बची वृद्ध की जान

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बा निवासी एक वृद्ध व्यक्ति की शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना देकर सहायता मांगी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए वृद्ध को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में वृद्ध महेंद्रदास की तबीयत और बिगड़ गई। स्थिति को भांपते हुए एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी अभिषेक चौधरी व चालक नितिन मलिक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए एंबुलेंस में उपलब्ध उपकरणों की मदद से तुरंत उपचार शुरू किया।कर्मचारियों की तत्परता और मेहनत से वृद्ध की हालत में सुधार हुआ और उन्हें सुरक्षित जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। फिलहाल वृद्ध की हालत सामान्य बताई जा रही है।एक बार फिर 108 एंबुलेंस सेवा की उपयोगिता और विश्वसनीयता साबित हुई है। समय पर पहुंचने, आधुनिक सुविधाओं और प्रशिक्षित स्टाफ के कारण यह सेवा लगातार लोगों की जान बचाने में अहम भूमिका निभा रही है।कस्बा का क्षेत्र के लोगों ने एंबुलेंस कर्मियों की सराहना करते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की है।

# आवारा कुत्तों का आतंक, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

## --एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने को अस्पताल पहुंचे पीड़ित, दहशत का माहौल

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर एवं क्षेत्र में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। नगर पालिका द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने एवं बधियाकरण अभियान चलाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद हमलों पर कोई रोक नहीं लग पा रही है। आए दिन महिला, पुरुष और बच्चों पर कुत्तों के हमले हो रहे हैं।सोमवार को कस्बा निवासी सतीश कुमार, गुलअफशा, मोहम्मद कैफ, अर्जुन, ओवैस, किवाना निवासी अंशुल, महिला सविता, असदपुर निवासी विनय कुमार सहित कई लोग आवारा कुत्तों के हमले में घायल हो गए। सभी घायलों ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई।नगर एवं क्षेत्र में बीते एक वर्ष से आवारा कुत्तों के हमले लगातार सामने आ रहे हैं। विगत दिनों नगर निवासी राजीव शर्मा और क्षेत्र के गांव ढुढार निवासी किशोर त्रिदेव की कुत्तों के काटने से मौत हो चुकी है, जिससे लोगों में भय और आक्रोश व्याप्त है। नगर एवं क्षेत्र में लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़कर उनका बधियाकरण कराने की मांग की है।

चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने लोगों से आवारा जानवरों से दूर रहने और सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कुत्ते के काटने की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचकर उपचार कराना जरूरी है।

# सडक पर जलभराव से लोग परेशान,वीडियो वायरल कर जताई नाराजगी

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में लंबे समय से सड़क पर हो रहे जलभराव की समस्या को लेकर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में कस्बा निवासी डॉक्टर वसीम ने सड़क पर भरे पानी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए पालिका अध्यक्ष व कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। शनिवार को कस्बा निवासी डॉ. वसीम द्वारा वायरल किए गए वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मोहल्ले की सड़क पर लगातार पानी भरा रहता है, जिससे आमजन के साथ-साथ स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कत हो



रही है, वहीं गंदा पानी जमा रहने से बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है।पीड़ितों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। पालिका अध्यक्ष व कर्मचारियों द्वारा समस्या के समाधान में रुचि न लेने से मोहल्लेवासियों में नाराजगी है मोहल्ले के अन्य लोगों का कहना है कि जलभराव के चलते उनका जनजीवन प्रभावित हो गया है और रोजमर्रा के कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। अंततः परेशान होकर डॉ. वसीम ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी बात उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई है।पीड़ितों ने जनपद के उच्च अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

# समाधान दिवस में भूमि विवाद से जुड़ी चार शिकायतें, निस्तारण के निर्देश

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



शनिवार को शासन के निर्देश पर थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें राजस्व विभाग की टीम व पुलिस बल मौजूद रहा।समाधान दिवस के दौरान चार शिकायतें प्राप्त हुईं। कस्बा निवासी किसान सत्येंद्र सिंह ने बताया कि उसका खेत दक्षिण क्षेत्र में स्थित है। आरोप है कि उनका पड़ोसी ओमवीर लगातार चकरोड काटकर खेत को नुकसान पहुंचा रहा है। पूर्व में शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा खेत के चारों ओर पिलर लगवाए गए थे, जिन्हें आरोपी ने उखाड़ दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।आल्दी निवासी किसान राजपाल ने अपने पड़ोसी पर चकरोड काटने का आरोप लगाया। गांव मखमूलपुर निवासी किसान इरफान व प्रमोद ने पड़ोसी किसानों पर बार-बार मेड़ काटकर फसल को नुकसान पहुंचाने की शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा रसूलपुर गुजरान निवासी पुष्पेंद्र चौहान ने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों की संयुक्त टीम गठित कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी मामलों का शीघ्र व निष्पक्ष समाधान कराया जाएगा।

# कांग्रेस कार्यकताओं ने किया नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जनपद शामली के तीन पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपे जाने पर शनिवार को स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ओमप्रकाश शर्मा के कैंप कार्यालय पर आयोजित हुआ, जहां नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

पार्टी नेतृत्व द्वारा दिनेश चन्द्र शर्मा को उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग का सचिव, परवेज जंग को जिला कांग्रेस विधि विभाग का अध्यक्ष, तथा डा. चयन सिंह पुण्डीर को जिला कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नियुक्ति के बाद कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर



पर आयोजित समारोह में कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि पार्टी हाईकमान के निर्देश पर आगामी 17 फरवरी को उत्तर प्रदेश विधानसभा का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में शामली जनपद से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस अवसर पर बाबूखान, वैभव गर्ग, प्रवीण तरार, ओमवीर उपाध्याय, शेखरपाल, रविन्द्र आर्य, सोमदेव तोमर, डा. श्रीपाल सिंह, विनोद कुमार अत्री, पंडित नरेन्द्र शर्मा, डा. उनेन्द्र कुमार शर्मा, चन्द्र कुमार शर्मा, बिजेन्द्रपाल वर्मा, अमित डिंपल शर्मा मौजूद रहे।

# व्यापारी ने सीएम को भेजा पत्र, जान माल की सुरक्षा की गुहार

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

शहर के मोहल्ला मलूकशाह गांधी चौक निवासी एक व्यापारी ने अपनी दुकान को लेकर चल रहे विवाद के संबंध में मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर स्वयं एवं अपने परिवार की जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। पीडित ने कुछ लोगों पर झूठे मुकदमों में फंसाने और दुकान खाली कराने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। व्यापारी संजीव बंसल पुत्र स्व. राजेन्द्र बंसल ने भेजे पत्र में बताया कि उनकी माता द्वारा वर्ष 1995 में पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से गांधी चौक में दुकान खरीदी गई थी। बाद में वर्ष 2020 में पंजीकृत वसीयत के आधार पर वह उक्त संपत्ति के स्वामी बने और वर्तमान में उसी दुकान में अग्रवाल गारमेन्ट्स के नाम से व्यापार कर रहे हैं। लेकिन फरवरी 2025 में कुछ लोगों द्वारा दुकान पर हस्तक्षेप करते हुए बेदखल करने का प्रयास किया गया। इस संबंध में उन्होंने सिविल न्यायालय में वाद दायर किया, जो वर्तमान में विचाराधीन है। आरोप लगाया गया है कि विवाद के दौरान दबाव बनाने के उद्देश्य से उनके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई, दुकान को सील किया गया तथा बाद में उन्हें और उनके भाई को एक आपराधिक मुकदमे में नामजद कर दिया गया। व्यापारी का कहना है कि दुकान खाली कराने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है और परिवार को झूठे मामलों में फंसाने की आशंका बनी हुई है। पीडित ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए तथा किसी भी प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई से बचाया जाए।

# ऋषि बोध उत्सव के सातवें दिन का कार्यक्रम शहीदों की स्मृति को समर्पित

**समाज जागरण**



शामली। शहर के आर्य समाज मंदिर द्वारा आयोजित ऋषि बोध उत्सव के सातवें दिन का कार्यक्रम शहीदों की स्मृति को समर्पित रहा। इस अवसर पर वैदिक यज्ञ, प्रवचन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया तथा शहीदों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धापूर्वक आहुतियां अर्पित की गईं। शनिवार प्रातः गगन विहार स्थित जेपी आर्य के आवास पर यज्ञ का आयोजन हुआ। यज्ञ के ब्रह्मा पुरोहित सुदेशपाल आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत यज्ञ संपन्न कराया। मुख्य यजमान के रूप में डॉ. जनेश्वर प्रसाद आर्य व सुषमा आर्य, अशोक कुमार आर्य व मिथलेश आर्य, गौरव आर्य व शिखा आर्य तथा संयम आर्य व प्रिय दिव्यान दंपत्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आर्य भजन सम्राट कुलदीप आर्य ने शहीदों को समर्पित देशभक्ति गीत नमन उन शहीदों को जो खो गए, वतन को जगाकर स्वयं सो गए प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो उठा। वक्ताओं ने कहा कि मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले शहीदों की वीरता की गाथा सदैव हमारे हृदय में जीवित रहेगी और राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा। इस अवसर पर राजपाल सिंह आर्य, दिनेश आर्य, रघुवीर सिंह, सुभाष गोयल, नितिन वर्मा, देवेन्द्र आर्य, राजीव धीमान, मीरा वर्मा, रामकुमार गुप्ता, सुभाष धीमान, रामेश्वर दयाल आर्य, राजेश धीमान, सुनीता पाल, आदि मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व से एक दिन पूर्व सड़कों पर उमड़ा डाक कांवड़ियों का सैलाब

**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग) महा शिवरात्रि पर्व से एक दिन पूर्व शनिवार को शहर की सड़कों पर डाक कांवड़ियों का सैलाब उमड़ पड़ा। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे शिवभक्त हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ अपने-अपने शिवालयों की ओर बढ़ते दिखाई दिए। डीजे पर बजते भोले बाबा के भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और शहर शिवमय नजर आया।

शनिवार को हजारों की संख्या में कांवड़िये विभिन्न वाहनों, बाइक और सजाए गए कांवड़ वाहनों के




साथ शामली से होकर गुजरे। कांवड़ यात्रियों के गुजरने के दौरान मुख्य मार्गों पर उत्साह का माहौल रहा। महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जो फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को भगवान शिव की आराधना के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था तथा शिवलिंग के रूप में भगवान शिव प्रकट हुए थे। इस अवसर पर श्रद्धालु रात्रि जागरण, पूजा-अर्चना और ॐ नमः शिवाय के जाप के माध्यम से साधना करते हैं।रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा, जिसके लिए हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्तों का तांता लगातार लगा रहा। प्रशासन की ओर से सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए, ताकि कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न हो सके। शहर के विभिन्न चौराहों पर ट्रेफिक पुलिस कर्मियों की डयूटी लगाई गई थी।

वही महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शहर के प्रमुख शिव मंदिरों सिद्धपीठ भाकूवाला शिव मंदिर, सिद्धपीठ सदाशिव मंदिर, सिद्धपीठ गुलजारी वाला शिव मंदिर, गढमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर, हनुमान धाम स्थित शिव मंदिर, गांधी चौक स्थित कुटी वाला मंदिर, बुढाना रोड स्थित बलभद्र मंदिर में साफ सफाई करने के साथ ही रंग बिरंगी लाईटों से सजाया गया। महाशिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक को लेकर शिव मंदिरों में तैयारियों की गई है। एसपी एनपी सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक को देखते हुए जिलेभर के शिव मंदिरों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहेगा।

# उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ, शामली शाखा के गठन को लेकर शनिवार को सीएचसी परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान महासंघ की जिला शाखा के गठन पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। कर्मचारियों की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर शंकर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राम कुमार, तथा जिला मंत्री मुजफ्फरनगर संजय कुमार को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। इसके बाद चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न कराया गया। जिसमें लोक निर्माण विभाग से



लोकेश कुमार को संरक्षक, सीएचसी शामली से वेदपाल को जिलाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग से प्रदीप कुमार को जिला मंत्री तथा शिक्षा विभाग से सिकन्दर सैनी को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। अध्यक्षता कर रहे ठाकुर लखनवीर सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि 15 दिनों के भीतर जनपद शामली में महासंघ की पूर्ण शाखा का विस्तार करने का आहवान किया। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों ने संगठन को मजबूत बनाते हुए कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हनीफ अहमद मौजूद रहे।

# शहीद वीर सपूत अमित कोरी की सातवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) वर्ष 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए शामली जिले के वीर सपूत अमित कोरी की सातवीं पुण्यतिथि पर कुड़ाना रोड स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएम अरविन्द कुमार चौहान, एडीएम सत्येन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि



अर्पित की।

डीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सेवा सभी करते हैं, लेकिन अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूत विरले ही होते हैं। उनका नाम इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि देश के सैनिक कठिन परिस्थितियों में दिन-रात सीमाओं की रक्षा करते हैं, तभी हम सभी सुरक्षित वातावरण में जीवन यापन कर पाते हैं। डीएम ने कहा कि सैनिक का हौसला कभी कम नहीं होता, क्योंकि उसके भीतर देश सेवा का जज्बा होता है। देश सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। उन्होंने शहीद के परिवारजनों को नमन करते हुए कहा कि ऐसे वीर सपूत को जन्म देने वाले परिवार भी सम्मान के पात्र हैं। कहा कि जनपद शामली के युवाओं में देश सेवा की भावना कूट-कूटकर भरी है। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, शहीद के पिता सोहनपाल सिंह, माता उर्मिला देवी, पुनीत द्विवेदी, विजय कौशिक, विनय कुमार शर्मा कमांडेंट, सीआरपीएफ बटालियन से राकेश कुमार शर्मा, सरदार राजेन्द्र सिंह, अनुराग शर्मा, बिजेन्द्र सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# अवैध गतिविधियाँ रोकने के लिए पुलिस का पैदल मार्च

**समाज जागरण**

मैहर। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निदेर्शानुसार मैहर थाना प्रभारी अनिमेश द्विवेदी के नेतृत्व में शुक्रवार शाम शहर में पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस टीम ने घंटाघर, एसबीआई चौक और स्टेशन रोड सहित प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पैदल मार्च के दौरान पुलिस ने दुकानदारों, राहगीरों और युवाओं से बातचीत कर उन्हें कानून व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने तथा असामाजिक तत्वों से दूर रहने की समझाइश दी। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक भीड़, शराब खोरी और अन्य अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

थाना प्रभारी अनिमेश द्विवेदी ने बताया कि शहर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए इस तरह के पैदल मार्च लगातार जारी रहेंगे। पुलिस का उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाना और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

पैदल मार्च में थाना मैहर के पुलिस अधिकारी एवं जवान बड़ी संख्या में शामिल रहे। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस की मौजूदगी से लोगों में सुरक्षा का माहौल देखने को

# शराब विनष्टीकरण में लापरवाही से बड़ा हादसा

## --झिंझाना कोतवाली परिसर में आग से चार झुलसे, चौकीदार गंभीर

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) झिंझाना कोतवाली में 59 मुकदमों में जब्त अवैध शराब के विनष्टीकरण के दौरान भारी लापरवाही सामने आई है। आग लगने से दो पुलिसकर्मी, एक चौकीदार और एक जेसीबी चालक झुलस गए। घायलों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चौकीदार नवाब की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।माननीय न्यायालय के आदेश पर गठित टीम की निगरानी में शनिवार को कोतवाली परिसर में शराब नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके लिए जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाया गया और उसमें जब्त शराब की पेटियां डाली गईं। इसी दौरान



चौकीदार नवाब द्वारा जलती माचिस की तीली पेटियों पर फेंक दी गई, जिससे अचानक आग भड़क उठी और देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया।हादसे में हैंड कांस्टेबल जोनी कुमार, ललित कुमार, चौकीदार नवाब तथा जेसीबी चालक सुनील झुलस गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जहां जोनी, ललित व सुनील को प्राथमिक उपचार के बाद खतरे से बाहर बताया गया है, जबकि नवाब की हालत गंभीर बनी हुई है।बताया जा रहा है कि झिंझाना क्षेत्र हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ से उत्तर प्रदेश में आने वाली अवैध शराब तस्करी का प्रमुख मार्ग है। इसी कारण यहां लगातार बड़ी मात्रा में शराब पकड़ी जाती है, जिससे कोतवाली में भारी स्टॉक जमा हो जाता है। समय-समय पर न्यायालय के आदेश पर इसका विनष्टीकरण किया जाता है।गौरतलब है कि इससे पूर्व वर्ष 2021 में चौसाना में भी शराब विनष्टीकरण के दौरान बड़ा हादसा हो चुका है। उस समय चौकीदार यशपाल गंभीर रूप से झुलस गया था, जिसकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके बावजूद आज तक सुरक्षा व्यवस्था में कोई ठोस सुधार नहीं हो सका है।सूत्रों की मानें तो कई बार गठित टीम केवल औपचारिकता निभाकर फोटो खिंचवाकर लौट जाती है, जबकि बाद में कर्मचारियों के भरोसे ही शराब नष्ट की जाती है। ऐसे में सुरक्षा मानकों की अनदेखी होती है और हादसों की आशंका बनी रहती है।इस मामले में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत न्यायालय के आदेश पर शराब का विनष्टीकरण किया जा रहा था। इसी दौरान चौकीदार द्वारा जलता कपड़ा गड्ढे में फेंकने से आग लग गई, जिससे चार लोग झुलस गए। सभी घायलों का उपचार कराया जा रहा है।लगातार हो रहे ऐसे हादसे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। आबादी क्षेत्र में शराब का विनष्टीकरण करना भी गंभीर चिंता का विषय है। अब देखना होगा कि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की जाती है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

# बच्चों को वितरित की शिक्षण सामग्री, जल संरक्षण के लिए किया जागरुक

**समाज जागरण बागपत।**

बाघू गांव में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राज्यमंत्री केपी मलिक ओर ग्राम प्रधान सुरेंद्र के निर्देशन में शिक्षाविद् समाजसेवी डा. भरत झा ने गांव के मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री व सेटो टैब वितरित किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री केपी मलिक ने प्रदेश के विकास कार्यो और बजट पर चर्चा की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए जागरुक किया गया। डा. भरत झा ने कहा कि जल है तो कल है को मूलमंत्र मानकर जल की बचत करने से ही आने वाला कल सुरक्षित रख सकते हैं। छात्रों और ग्रामवासियों को जल बचत जागरूकता अभियान के माध्यम से जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में देशप्रेम, अनुशासन और संस्कारों को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में शहीदों के सम्मान में देशभक्ति नारों के साथ श्रद्धांजलि सभा का समापन किया गया। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सूरजपाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य रविंद्र कुमार, कृष्णपाल, सुभाष चंद सहित अन्य ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



# गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जिवाना में पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण**

जिवाना। शनिवार को गुरुकुल इंटर नेशनल स्कूल जिवाना में पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने कैंडल जला कर शहीदों को नमन किया और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में प्रबंधक डॉ अनिल आर्य ने कहा कि 14 फरवरी को वेलें टाइन डे मनाने के बजाय देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को याद करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को सभ्यता एवं संस्कृति के मार्ग पर चलने तथा राष्ट्रभक्ति की भावना अपनाने का संदेश दिया।

विद्यालय प्रधानाचार्य पवन त्यागी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में देशप्रेम, अनुशासन और संस्कारों को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में शहीदों के सम्मान में देशभक्ति नारों के साथ श्रद्धांजलि सभा का समापन किया गया। इस अवसर पर डा सुनील आर्य, एडवोकेट कुणाल आर्य उप प्रधानाचार्य डॉ सुशील वत्स, नीतू तोमर, नितिन जैन आदि मौजूद रहे।



# खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**समाज जागरण**

बड़ौत। संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में चल रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट देवेंद्र सिंह पंवार, चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा तथा प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस में बालक वर्ग में सीनियर वर्ग में अनिकेत प्रथम, ईशान द्वितीय तथा आशु तृतीय रहे। बालिका वर्ग में निक्की पंवार प्रथम, काकुल शर्मा द्वितीय तथा शालू तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग में राज प्रथम, हरदीप द्वितीय तथा विनीत तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में हिमिका सरोहा प्रथम, सिया द्वितीय तथा दिशा पंवार तृतीय स्थान पर रहे। एडवोकेट देवेंद्र सिंह, चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा तथा प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने सभी विजेताओं को मेडल तथा ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर माधवी शर्मा, सुरेखा तोमर, संजय शर्मा, नीतू चौधरी, सरिता रानी, दिव्या शर्मा, अंजू शर्मा, शालिनी, अंशु, प्रीति दहिया, स्नेहा शर्मा आदि का सहयोग रहा। प्रतियोगिता पी टी आई सचिन पंवार के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।




# नेहरू स्मारक इन्टर कालिज में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन।

## मेधावी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र और सिर्फ.लेकर किया सम्मानित

**समाज जागरण चांदीनगर।**

फुलैरा गांव के नेहरू स्मारक इन्टर कालिज में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये प्रधानाचार्य जय भगवान शर्मा द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र और सिर्फ. देकर सम्मानित किया गया। फुलैरा गांव के नेहरू स्मारक इन्टर कालिज में वार्षिक महोत्सव के मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया, कार्यक्रम में मेधावी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र और सिल्ड़ देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बोलते हुए प्रधानाचार्य जय भगवान शर्मा नें कहा की बोर्ड की परीक्षा शुरू होने वाली है,सभी छात्र और छात्राए जो बोर्ड की परीक्षा में शामिल होगे वह मेहनत और लगन के साथ पढाई करे और अपने स्कूल गांव का नाम रोशन करे।उन्होने कहा की परीक्षा के लिए एक नियम बना ले और तैयारी करें जब आप एक लक्ष्य निर्धारित कर लोगो तो उसे हासिल भी कर लोगो कार्यक्रम में प्रबंधक विजयपाल सिंह,क्षैंत्र के सम्मानित व्यक्ति और शिक्षकगण मौजूद रहे।



# अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में आप का जिला प्रदर्शन

**किसानों के हितों की रक्षा को राष्ट्रपति को सौंपा गया ज्ञापन**

**व्यापार समझौते के खिलाफ जिला मुख्यालय पर आप कार्यकताओं का प्रदर्शन**

**समाज जागरण**

बागपत। आम आदमी पार्टी कार्यकताओं ने शनिवार को अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने आरोप लगाया कि यह समझौता किसानों, छोटे व्यापारियों और देश की अर्थ व्यवस्था के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। जिलाध्यक्ष ओमबीर सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कार्यकताओं ने व्यापार समझौते की प्रतियां जलाकर जनआक्रोश व्यक्त किया। पार्टी पदाधिकारियों का कहना था कि इस समझौते की शर्तों को न तो संसद में विस्तार से रखा गया है और न ही जनता को पूरी जानकारी दी गई है। पार्टी ने आशंका जताई कि इस डील के तहत भारतीय कृषि बाजार विदेशी उत्पादों के लिए खुल सकता है, जिससे स्थानीय किसानों की आय प्रभावित होगी। उनका कहना था कि अमेरिकी किसानों को भारी सब्सिडी मिलती है, ऐसे में भारतीय किसान प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे। इसके अलावा छोटे उद्योगों, एमएसएमई, व्यापारियों और रोजगार पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई। ज्ञापन में राष्ट्रपति से मांग की गई है कि इस समझौते को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर केंद्र सरकार से इसकी विस्तृत जानकारी सार्वजनिक कराने के निर्देश दिए जाएं।

इस अवसर पर पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी ने कहा कि किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा के लिए आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर सचिन तोमर, सन्नी तोमर, बंटी, वसीम भारती, जुबैर खान, गोपीचंद आदि मौजूद रहे।



## पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**समाज जागरण बागपत।**

महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल, अग्रवाल मंडी टटीरी में वर्ष 2019 के पुलवामा अटैक में वीर जवानों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित करते हुए वीर जवानों के बलिदान को नमन किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी पवित्र स्मृति को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। मुख्य वक्ता प्रियंका आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि देश की सुरक्षा हेतु अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों का साहस, समर्पण और त्याग सदैव राष्ट्र को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने बच्चों से राष्ट्रहित में जागरूक रहने, निरंतर अध्ययन करने, राष्ट्र चिंतन करने, संगठित रहने तथा प्रतिबद्ध भाव से कार्य करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में सभी उपस्थितजनों द्वारा वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सभा में उपस्थित सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और वीर जवानों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रेखा सविता, अंजना कश्यप, सचिन, योगेंद्र, मुख्य वक्ता प्रियंका आर्य, प्रियांशी आर्य, अंजू देवी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## टटीरी व टिकरी के किसानों ने सांसद राजकुमार सांगवान से की मुलाकात

**समाज जागरण बागपत।**

टटीरी एवं टिकरी का एक प्रति निधिमंडल सांसद डॉ राजकुमार सागवान से उनके आवास पर मेरठ जाकर मिला।उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया एवं दिल्ली देहरादून इकोनामिक कॉरिडोर के निर्माण में किसानों के प्रति कर में विसंगतियों के बारे में चर्चा की गई। सांसद ने कॉरिडोर में सर्विस रोड के निर्माण एवं प्रतिकार की विसंगतियों को दूर करने के लिए अधिकारियों से बात करने की बात कही। उसके बाद किसानों ने एक बैठक सर्वोदय के सामने प्रहलाद सिंह सभासद के प्रतिष्ठान टटीरी पर की, जिसमें 16 फरवरी को अपर जिलाधिकारी से मिलने की बात कही गई। सभी किसानों ने इस बात पर सहमति जताई की समस्या का शांतिपूर्ण समाधान नहीं होगा तो आंदोलन के लिए भी तैयार रहना चाहिए।किसान नीरज राजपूत ने कहा कि हमें शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात अधिकारियों के सामने रखना चाहिए। प्रहलाद सिंह डायरेक्टर ने किसानों पर हो रहे अत्याचार के बारे में बैठक में विचार रखें। उन्होंने बताया कि किस तरह से नियम विरुद्ध मुआवजा दिया गया है। मनोज कुमार अध्यक्ष मंडी समिति ने कहा कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं होगा तो हमें जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देना पड़ेगा। कुशेन्द्र राठी निवासी टिकरी ने कहा कि हम जनसंपर्क करके किसानों का समर्थन इकट्ठा करेंगे। इस अवसर पर मनोज कुमार आर्य एडवोकेट, विनय कुमार, रणवीर सिंह, सौरभ राठी, रामेश्वर राठी, सुनील राठी, योगेश राठी, धर्मपाल ,करतार सिंह, छोटे लाल, धर्म सिंह, अमन सिंह आदि उपस्थित रहे।



# निशुल्क नेत्र शिविरों की 40वीं वर्षगांठ

**समाज जागरण**

बागपत। निशुल्क नेत्र जांच जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिवरों की 14 फरवरी 1986 को डीएवी इंटर कॉलेज अग्रवाल मंडी टटीरी में आर्य समाज अग्रवाल मंडी टटीरी के सहयोग से एमडीएच के महाशय धर्मपाल की पूज्य माताजी की स्मृति में माता चंनन देवी नेत्र चिकित्सालय जनकपुरी सीवन के डॉक्टरों द्वारा 14 फरवरी 1986 से 23 फरवरी 1986 तक 10 दिवसीय नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य संयोजक अभिमन्यु गुप्ता, स्वर्गीय वीरेंद्र बंसल, स्वर्गीय अमर सिंह प्रधान रहे। लायंस नेत्र चिकित्सा केंद्र अग्रवाल मंडी टटीरी में एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अभिमन्यु गुप्ता को पटका पहनाकर पगड़ी ओढ़ा कर एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर केक काटा एवं एक दूसरे को खिलाकर बधाई दी। कार्यक्रम में पूर्व रीजन चेयरमैन लायन दीपक गोयल, डॉ रामलाल पूर्व जॉन चेयरपर्सन श्रीपाल वर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य मूलचंद, मनोज मित्तल, अजय मित्तल, बृजभूषण गोयल, अमन गोयल, डॉ ज्ञान सिंह सहित अनेक बंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर अभिमन्यु गुप्ता ने कहा की 1986 में पूज्य पिता स्वर्गीय लाल अर्जुन सिंह की स्वतंत्रता सेनानी की प्रेरणा से स्वर्गीय वीरेंद्र बंसल एवं स्वर्गीय अमर सिंह प्रधान, स्वर्गीय राधेश्याम आर्य, स्वर्गीय बाबूलाल शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य डी.ए.वी. कॉलेज स्वर्गीय किशन चंद्र गुप्ता, किर्लोस्कर इंजन वाले स्वर्गीय रवि प्रकाश गोयल, भट्टे वाले स्वर्गीय लाला देवकरनदास लाला, ओम प्रकाश, स्वर्गीय राजकुमार आर्य, स्वर्गीय मूलचंद गोयल, स्वर्गीय पदम सेन जैन बावली वाले के अतुलनीय सहयोग से नेत्र शिविरो की श्रृंखला प्रारंभ की गई। जो निरंतर प्रगति पर रही आज भी जारी है अब तक 1600 से अधिक शिविरो का आयोजन किया जा चुका है। 58000 मोतियाबिंद के ऑपरेशन निशुल्क कराया जा चुके है। 1997 में लायंस क्लब अग्रवाल मंडी की स्थापना से क्लब कैसे पदाधिकारी एवं सदस्यों के सहयोग से नेत्र शिवरों के सहयोगी प्रमोद गुप्ता पूर्व अध्यक्ष, सुरेश जिंदल, मास्टर वेद प्रकाश, स्काउट टीचर सर्व डॉ रामलाल, डॉक्टर योगेश चौधरी, दीपक गोयल, पंकज गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, हंसराज गुप्ता, ईश्वर अग्रवाल, डॉक्टर कमला अग्रवाल, गुनेंद्र गुप्ता, श्रीपाल वर्मा, बृजमोहन गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, संजीव शर्मा, राजीव शर्मा प्रधान, संदीप अग्रवाल, सुनील मित्तल, धीरज अग्रवाल सतीश जिंदल, संतोष गुप्ता, अलका गुप्ता सहित अनेक सामाजिक कार्यकताओं का सहयोग रहा सभी का आभार व्यक्त करते है। उन्होंने बताया 62 जोड़ी नेत्रदान भी करा कर 124 व्यक्तियों को नेत्र ज्योति प्रदान कराई गई है।



## भगवान शिव और शक्ति के मिलन का पर्व है महाशिवरात्रि

**समाज जागरण बागपत।**

महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और शक्ति के मिलन का महापर्व है। शास्त्रों में कहा गया है कि भावी मेट सकें त्रिपुरी अर्थात भगवान शिव सभी संकटों का नाश कर भावी संकट और विपदाओं को मिटाने की सामर्थ रखते है। भगवान शिव पर बेल पत्र चढ़ाने का भी महत्व बताया गया है। भगवान शिव को बेलपत्र चढ़ाने से पूजा का कई गुणा फल मिलता है और भगवान शिव साधक को उसके तीन जन्मों के पापों से मुक्ति दिलाते हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित राजकुमार शास्त्री ने बताया कि 15 फरवरी को शाम पांच बजकर छह मिनट पर चर्तुदशी का प्रवेश होगा। 15 फरवरी को ही महाशिवरात्री का पर्व मनाया जाएगा। शास्त्रों में महाशिवरात्री पर चार पहर ही पूजा का विधान बताया गया है। इनमें निशीथ काल को सबसे उत्तम बताया गया है। महाशिवरात्री पर रात 12 बजकर 10 मिनट से लेकर रात एक बजकर 30 मिनट तक निशीथ काल रहेगा। चारों प्रहर में भगवान शिव की पूजा और अभिषेक करने से साधक का मन व कर्म पवित्र होता है और जीवन में खुशहाली आती है। भगवान शिव और मां पार्वती का पूजन करने से साधक को कर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्री पर भगवान शिव का मांग, धतूरा, घी, दूध, दही, शहद से अभिषेक करने से जीवन में आ रही बाधाओं और विपत्तियों का विनाश होता है और सुख-समृद्धि का विकास होता है। उन्होंने बताया कि भगवान शिव को देवों के देव महादेव कहा गया है। भगवान शिव अपने आप में संपूर्ण है और इन्हीं की कृपा से संसार का संचालन हो रहा हैं।



## आगामी चुनाव और मजबूती के लिए होगा कार्यकताओं का प्रशिक्षण

**समाज जागरण**

बागपत। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा लखनऊ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 का आयोजन शनिवार को किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद, पार्टी द्वारा बचे हुए जिला अध्यक्षों की घोषणा की जाएगी और जिलों की टीमों का गठन किया जाएगा। प्रदेश प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद सभी जिलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे, जिसमें जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर के कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने बताया कि कार्यकर्ता के निर्माण के लिए पार्टी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण अभियान में जिले की टोली जिला ध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय के साथ जिला महामंत्री सरिता चौधरी, युवा मोर्चा जिला संयोजक अक्षय चौधरी, एससी मोर्चा जिला संयोजक आत्मराम मौर्य लखनऊ प्रशिक्षण में पहुंची। इस प्रशिक्षण अभियान का उद्देश्य पार्टी के कार्यकताओं को मजबूत करना और उन्हें आगामी चुनावों के लिए तैयार करना है। भाजपा ने जनपद बागपत में भी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए संयोजक और सहसंयोजक बनाए हैं, मंडल स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भी संयोजक सहसंयोजक बना दिए गए हैं।




## वेलेंटाइन डे पर मंगेतर के डांटने पर कानपुर आईआईटी में फांसी पर झूली युवती : जांच शुरू

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां देश की प्रतिष्ठित आईआईटी में हत्याओं और आत्मकायों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं दे रहा है। इसी क्रम में आज शनिवार को वैलेंटाइन डे पर मंगेतर के डांटने से नाराज टेक्नीशियन युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। जिसके बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पुलिस घटना की जांच में जुटी है। मौके पर पहुंची पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक जूनियर टेक्नीशियन युवती वेलेंटाइन डे पर सुबह अपने मंगेतर से फोन पर बात कर रही थी। तभी किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। युवती ने कहा कि मैं जान देने जा रही। फिर कॉल कट कर दी। किसी के बाद वह फांसी के फंदे से लटकी हुई मिली।



इसकी जानकारी तब हुई जब मंगेतर ने अपने एक साथी को रूम में भेजा लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। स्टाफ से सूचना मिलते ही कल्याणपुर पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ जांच करने पहुंची।युवती के परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक झारखंड के जादूगोड़ा की रहने वाली 26 साल की अंजू कुमारी आईआईटी कानपुर में जूनियर टेक्नीशियन थी। वह यहां तीन साल से कार्यरत थी। उसकी शादी उड़ीसा के पावर हाउस में तैनात पंकज से तय थी। दोनों की कुछ दिनों बाद सगाई भी होनी थी।

बताया गया कि दोनों के बीच कॉल पर बात होने लगी थी। रोज की तरह वैलेंटाइन डे की सुबह भी अंजू अपने मंगेतर पंकज से बात कर रही थी। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। मंगेतर ने चिल्लाकर डांट दिया। इसके बाद अंजू ने कहा- अब वह फांसी लगाकर जान दे देगी और कॉल कट कर दी। एडीसीपी वेस्ट कपिल देव सिंह ने बताया कि जांच के दौरान रूम से एक डायरी मिली है। युवती ने डायरी में अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी कुछ लिखा है। डायरी पढ़ने के बाद पता चला कि युवती की कुछ दिन बाद सगाई होनी थी। सुसाइड के पीछे की वजह जानने के लिए पुलिस लागातार जांच में लगी है।

## ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से निगोहां कस्बे स्थित बाबू सुंदर सिंह कॉलेज परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं – प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना तथा मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना – के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि इन योजनाओं के माध्यम से युवा कम ब्याज दर पर ऋण एवं अनुदान प्राप्त कर लघु एवं कुटीर उद्योग स्थापित कर सकते हैं।

अधिकारियों ने समझाया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में नए उद्योग स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वहीं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना विशेष रूप से कुम्हार समुदाय एवं मिट्टी से जुड़े पारंपरिक कार्यों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर केंद्रित है।इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अवधेश गौतम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण युवाओं को रोजगार के लिए शहरों की ओर पलायन से रोकना और गांवों में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर जागरूकता शिविर आयोजित कर युवाओं को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें।

कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों के साथ कॉलेज के प्राचार्य, फैकल्टी सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए अधिकारियों ने उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।




## ई रिक्शा और ऑटो की मनमानी से निगोहा कस्बे में लग रहा जाम

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ निगोहां कस्बा क्षेत्र में लखनऊ-रायबरेली हाईवे पर डग्गामार वाहनों की मनमानी से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। नगराम मोड़ से लेकर भगवानपुर मोड़ तक आए दिन भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। हर कट और चौराहे के सामने अवैध रूप से खड़े और ई-रिक्शा सड़क पर अतिक्रमण किए रहते हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है कस्बा के लोगों के मुताबिक नगराम मोड़ पर सुबह और शाम के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है ऑटो और ई-रिक्शा चालक सवारियां भरने के लिए सड़क के बीचों-बीच वाहन खड़ा कर देते हैं। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है और जाम में फंसे वाहन रेंगते नजर आते हैं। हाईवे पर बने कट के पास अव्यवस्थित खड़े वाहनों के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। व्यापारियों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक नहीं चेता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि निगोहां थाने की पुलिस को कई बार मौखिक व लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं, इसके बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी भी देखी जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि जाम की वजह से ग्राहकों को बाजार तक पहुंचने में दिक्कत होती है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। वहीं स्कूली बच्चे और मरीज भी जाम में फंसकर परेशान होते हैं इस संबंध में निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि डग्गामार वाहनों और अवैध रूप से खड़े ई-रिक्शा ऑटो के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस टीम को निर्देशित किया गया है और जल्द ही स्थिति में सुधार किया जाएगा क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नगराम मोड़ से भगवानपुर मोड़ तक नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाए और अवैध रूप से सड़क पर खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि जाम और दुर्घटनाओं की समस्या से निजात मिल सके।

# ब्रह्माकुमारीज में 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन मेले का शुभारंभ

## महाशिवरात्रि उपलक्ष्य में त्रिदिवसीय आयोजन, एक स्थान पर प्रमुख तीर्थों के दर्शन

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 13 फरवरी । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहल शाखा में त्रिदिवसीय 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन मेले का विधिवत उद्घाटन किया गया। मेले का शुभारंभ बहल के सरपंच साधुराम पनिहार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि बहल नगरी मंदिरों की नगरी के रूप में जानी जाती है, लेकिन एक ही स्थान पर 2 ज्योतिलिंगों के दर्शन कर ऐसा प्रतीत होता है मानो स्वयं काशीनाथ, भोलेनाथ वहां पधारे हो क्षेत्रवासियों को एक साथ देश के प्रमुख 2 तिर्थों के दर्शन कराना वास्तव में सराहनीय प्रयास है।


बहल में त्रिदिवसीय 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन मेले का शुभारंभ करते सरपंच साधुराम पनिहार।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुनील सांगवान, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, सुशील केडिया तथा समाजसेवी सुशील चैहड़िया ने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया।

जुई- बाढडा क्षेत्र की ब्रह्माकुमारीज संचालिका बीके निर्मला ने क्षेत्रवासियों से परिवार सहित तीनों दिन मेले का लाभ उगने का आह्वान किया। मेले की निदेशिका एवं बहल व ढिगावा बडी केंद्र की संचालिका राजयोगिनी बीके शकुंतला ने बताया कि यह आयोजन महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में बहल निवासियों के लिए एक प्रभु आहार है। मेले में सुसज्जित मंदिरों की अलौकिक छटा, मधुर शिव संगीत और मंदिरों की घंटियों की ध्वनि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव कराती है।

उन्होंने बताया कि मेले में विशेष रूप से बताया गया मेडिटेशन का श्रद्धालुओं को शांति की अनुभूति कराता है। साथ ही एक अनोखा हवन कुंड भी बनाया गया है, जहां श्रद्धालु अपनी किसी न किसी बुराई को प्रतीकात्मक रूप से आहुति देकर आत्मशुद्धि का संकल्प लेते है।

# जेजेपी के अंकित बरालू बने हल्का वरिष्ठ उपाध्यक्ष व बहल के मनीष सोनी बने युवा हल्का प्रधान महासचिव

## जेजेपी की तरफ से हल्का लोहारू की युवा विंग की कार्यकारिणी गठित

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 14 फरवरी । जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला जी व युवा ज़िलाध्यक्ष व जिला प्रभारी से विचार-विमर्श करके जजपा युवा हल्का अध्यक्ष दिनेश सुरपुरा ने हल्का लोहारू की युवा कार्यकारिणी का विस्तार किया है। युवा कार्यकारिणी में अंकित बरालू को हल्का वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनीष सोनी युवा हल्का प्रधान महासचिव, अनिल उर्फ मोनू , अजय पातवान ,चेतन गोकलपूरा को युवा हल्का उपाध्यक्ष , अमित लाखलाण, विकास बिधनोई , मुकेश श्योराण को युवा हल्का सचिव , नविन बारवास



, बलदेव सिंह ,अजय कुड़ल को कार्यकारिणी मेंबर मनोनीत किया है। इस मौके पर युवा हल्का अध्यक्ष दिनेश सुरपुरा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी तथा निर्देश दिए कि वे सभी जजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के जमीन स्तर पर तेजी से कार्य करें। दिनेश सुरपुरा ने कहा कि जननायक जनता पार्टी ने हमेशा किसान, मजदूर, कमेरे व हर वर्ग के लिए काम किया है । उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के कार्यकाल में भिन्न-भिन्न वर्गों व प्रदेश हित के लिए अनेकों परियोजनाओं पर कार्य हुआ। आज प्रदेश में बीजेपी के तानाशाही रवैये से आम आदमी परेशान है।

इस मौके पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, जिला अध्यक्ष सेठी धनाना, युवा जिला प्रभारी ओमी राजपूत व युवा हल्का प्रधान दिनेश सुरपुरा सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया तथा अपनी जिम्मेवारी का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने का भरोसा दिलाया।

# एस.एस. जैन सभा में महासाध्वी श्री गीता जी म.सा. का 43 वां दीक्षा दिवस आज

**समाज जागरण**

कालांवाली 14 फरवरी (सुरेश जोरासिया) एस.एस. जैन सभा कालांवाली में जैनशासन ज्योति महासाध्वी श्री गीता जी म.सा. का 43 वां दीक्षा दिवस रविवार, 15 फरवरी को श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा एसएस जैन सभा के प्रधान संदीप जैन ने बताया के यह धार्मिक आयोजन प्रातः 8:30 बजे से 9:30 बजे तक होगा जैन ने बताया कि जैनशासन ज्योति महासाध्वी श्री गीता जी म.सा. की जन्म नेपाल में हुआ इनकी दीक्षा 15 फरवरी 1984 दिल्ली के लक्ष्मी नगर में हुई अब इनका 43 वां दीक्षा दिवस मना रहे हैं उनकी शिक्षाएं साध्वी श्री सलोनी जी, साध्वी वर्णिका जी, साध्वी तेजस्वी जी, श्री वृद्धि जी है कार्यक्रम के अंतर्गत पैसठिया यंत्र जाप का आयोजन रखा गया है। प्रातः 8:45 बजे तक आने वाले श्रद्धालुओं को लक्की कूपन प्रदान दिया जाएंगे। यह सभा के पदाधिकारियों ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जाप का लाभ लेने तथा गुरुणीवृंद का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। संदीप जैन ने बताया कि महासाध्वी श्री गीता जी म.सा. का कालांवाली में पहली बार पधारने पर जैन समाज में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है इस मौके पर प्रभावना का प्रशाद साई दास सेतिया की से होगा जैन समाज की तरफ से सही लोगों को दीक्षा दिवस पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की



# दोबारा कलम हाथ में आई तो लोहारु हलके की कायाकल्प कर दूंगा : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल

## लोहारू हलके के युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था करना और लोहारू क्षेत्र के किसान के खेत में खजूर लगाना मेरी प्राथमिकता : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल- सिवानी/ढिगावा, 14 फरवरी। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि दोबारा कलम हाथ में आई तो लोहारु हलके की कायाकल्प कर दूंगा। उन्होंने कहा कि लोहारू हलके के युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था करना और लोहारू क्षेत्र के किसान के खेत में खजूर लगाना मेरी प्राथमिकता है।



उन्होंने कहा कि सरकार गौवंश को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है, इसके लिए सरकार द्वारा गौशालाओं में आर्थिक सहायता राशि दी जा रही है।

श्री जेपी दलाल शनिवार को गांव बुद्धसैली स्थित श्री कृष्ण गौशाला के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इसके पश्चात पूर्व कृषि मंत्री ने झुम्पा, बहल,
चैहड़ कलां,बुढेडी तथा खरकड़ी गांव का दौरा कर शादी समारोह में शामिल हुए और नव विवाहितों का आशीर्वाद दिया।

उन्होंने कहा कि गौ-सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है और समाज के सहयोग से ही हमारी संस्कृति सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि गऊ, गंगा, गीता और गायत्री भारतीय संस्कृति की पहचान व जड़ है। उन्होंने कहा कि गाय खेतों को खाद, हमें दूध देती हैं, जो कि अमृत के समान है।

उन्होंने कहा कि गौवंश की रक्षा करना हमारा परम धर्म है। गाय में सभी देवताओं का वास माना जाता है, जिसको हम माता का रूप मानते हैं।

उन्होंने कहा कि जिला भिवानी में 44 गौशालाओं में से 42 गौशालाओं को विगत साल करीब तीन करोड़ 90 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इस वर्ष पहले से अधिक सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जहां पंचायती भूमि है, वहां गौशालाओं के विस्तार की योजना बनाई गई है। इसके साथ गौ अभ्यारण केंद्र बनाए जा रहे हैं। पंचायत के पास जमीन है तो वे गो अभ्यारण केंद्र बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फिलहाल करीब 694 गौशालाएं हैं, जिनमें चार लाख के लगभग गौवंश है।

उन्होंने कहा कि गौशालाओं से ऑफ ग्रिड सोलर प्लांट के लिए आवेदन मांगे हैं, इससे बिजली का बोझ कम होगा। वहीं दूसरी ओर गौशालाओं में दो रुपए प्रति यूनिट बिजली दर की गई है, जिससे गौशालाओं को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं के लिए जमीन खरीदने पर किसी प्रकार का रजिस्ट्री खर्च नहीं लगता और कोई प्रॉपर्टी टैक्स नहीं लगता। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को मनरेगा से भी जुड़वा दिया गया है। गौशालाओं में एक हजार गायों पर एक ई-रिक्शा भी प्रदान की जा रही है। एक हजार से अधिक गायों पर दो ई-रिक्शा दी जा रही है। गौशालाओं में बायो गैस प्लांट लगाए जाएंगे।

इस अवसर पर श्री कृष्ण गौशाला सेवा समिति द्वारा पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल का गांव की तरफ से पगड़ी स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# कनाडा के तीन पार्लियामैंट मेंबर सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में हुए नतमस्तक

## - श्री दरबार साहिब के इन्फॉर्मेशन सेंटर में एडवोकेट धामी ने किया सम्मानित

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 14 फरवरी : कनाडा के मेंबर पार्लियामैंट जसराज सिंह हलन, अमनप्रीत सिंह गिल और दलविंदर सिंह गिल ने आज सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में नतमस्तक होकर अपनी श्रद्धा जाहिर की। इस मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रेसिडेंट एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, सीनियर अकाली दलजीत सिंह चीमा और शिरोमणि कमेटी के चीफ सेक्रेटरी कुलवंत सिंह मनन ने श्री दरबार साहिब के सूचना केंद्र में जसराज सिंह हलन, अमनप्रीत सिंह गिल, दलविंदर सिंह गिल और उनके साथ आए सीनियर जर्नलिस्ट सुखजिंदर सिंह चोहला को सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब का गोल्डन मॉडल, सिरोपा और धार्मिक किताबें देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिरोमणि कमेटी के प्रेसिडेंट एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि गुरु ने सिखों को आशीर्वाद दिया है कि वे जहां भी रहें, सबकी भलाई के लिए काम करें। इन्हीं हालातों में देश और दुनिया में रहने वाले सिख गुरु उम्मीद के मुताबिक काम करने में बड़ी तरक्की कर रहे हैं। कनाडा की धरती पर भी सिखों ने बिजनेस के साथ-साथ पॉलिटिक्स में भी बड़ी ऊंचाइयां हासिल की हैं। एडवोकेट धामी ने कहा कि यह खुशी की बात है कि कनाडा के मेंबर ऑफ पार्लियामेंट जसराज सिंह हलन व अमनप्रीत सिंह पूरी तरह पढ़े-लिखे इंसान हैं और सिखी रूप है,जो युवाओं के लिए प्रेरणा का सोर्स हैं। उन्होंने कहा कि युवा एम.पी. जहां अपने इलाकों में बड़ी सेवाएं कर रहे हैं, वहीं वे एजुकेशन को भी बढ़ावा दे रहे हैं। बड़ा योगदान भी दे रहे हैं।



जब वे श्री अमृतसर आए तो शिरोमणि कमेटी ने उनका भव्य स्वागत किया और उन्होंने कनाडा में सिखी प्रचार के लिए हर तरह के सहयोग का वादा किया। इस मौके पर सीनियर अकाली नेता डॉ.दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि बड़ी संख्या में पंजाबी कनाडा की पार्लियामेंट में हैं। वे ऐसे में.पी. हैं जिनसे कौम को हमेशा बड़ी उम्मीदें रही हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने इलाके में अच्छी सर्विस भी दे रहे हैं। चीमा ने अपील की कि हमारे नौजवानों को हमेशा अपनी मिट्टी और विरासत से जुड़े रहने की कोशिश करनी चाहिए। इस दौरान कनाडा के पार्लियामेंट मेंबर जसराज सिंह हलन,अमनप्रीत सिंह गिल, दलविंदर सिंह गिल ने धन्यवाद करते हुए कहा कि गुरु साहिब के आशीर्वाद से उन्हें आज सचखंड श्री हरमंदर साहिब में नतमस्तक होने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि गुरु के बताए अनुसार दस्तार पहनकर इंसानियत की सेवा करने में उन्हें हमेशा गर्व महसूस होता है। हम ऐसा करते हैं और शिक्षा की तरक्की के लिए हमेशा मिलकर कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके लिए कनाडा की पार्लियामेंट के मेंबर के तौर पर खड़ा होना मुश्किल होगा। यह वह दिन था जब कोमागाटा मारू कनाडा से लौटा था।उन्होंने कहा कि यह उनके लिए और ज्यादा लगन से काम करने की भी बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने शिरोमणि कमेटी से मिले सम्मान के लिए शिरोमणि कमेटी के प्रेसिडेंट एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी और दूसरों का धन्यवाद किया। इस मौके पर शिरोमणि कमेटी के पूर्व प्रेसिडेंट अलविंदरपाल सिंह पखोके, चीफ सेक्रेटरी कुलवंत सिंह मंहन, मेंबर फुम्मन सिंह, अमरजीत सिंह बंडाला,ओ.एस.डी.सतबीर सिंह धामी, निजी सेक्रेटरी शाहबाज सिंह, असिस्टेंट सेक्रेटरी हरभजन सिंह वक्ता ,मैनेजर भगवंत सिंह धंगेडा ,जसपाल सिंह, एडिशनल मैनेजर गुरिंदर सिंह देवीदासपुर, इन्फॉर्मेशन ऑफिसर अमृतपाल सिंह, अमृतपाल सिंह बैंस, अमृत हेयर, गुरप्रताप सिंह, हरमीत सिंह सलूजा वगैरह मौजूद थे।

कनाडा के मेंबर ऑफ पार्लियामेंट। जसराज सिंह हालन, अमनप्रीत सिंह गिल, दलविंदर सिंह गिल इन्फॉर्मेशन सेंटर ऑफ श्री दरबार साहिब शिरोमणि कमेटी के प्रेसिडेंट एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, डॉ. दलजीत सिंह चीमा, कुलवंत सिंह मनहन, फुम्मन सिंह और दूसरों को सम्मानित करते हुए।

# निर्धारित राधा स्वामी सत्संग दिवस के दौरान ब्यास से फिरोजपुर के बीच विशेष ट्रेन का निर्णय : परमजीत सैनी

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**


जैतो,14 फरवरी :उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक परमजीत सिंह सैनी ने शनिवार को कहा कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल द्वारा वर्ष 2026 के दौरान राधा स्वामी सत्संग दिवस (निर्धारित सत्संग दिवस) के दौरान ब्यास से फिरोजपुर कैंट रेलवे स्टेशन के लिए एक विशेष अनारक्षित एकतरफा ट्रेन चलाई जाएगी। यह विशेष अनारक्षित (एकतरफा) ट्रेन संख्या 04612 फरवरी 2026 से दिसंबर 2026 तक कुल 18 फेरे लगाएगी तथा निर्धारित सत्संग दिवस के दौरान प्रत्येक रविवार को ब्यास से फिरोजपुर कैंट रेलवे स्टेशन के लिए निम्नानुसार संचालित किया जाएगा। जिसका विवरण इस प्रकार हैं।यह विशेष अनारक्षित (एकतरफा) ट्रेन संख्या 04612 ट्रेन फरवरी माह में दिनांक 15.02.2026 तथा 22.02.2026, मार्च माह में 15.03.2026, 22.03.2026 तथा 29.03.2026, अप्रैल माह में 26.04.2026, मई माह में 03.05.2026 तथा 10.05.2026, जून माह में 21.06.2026, सितंबर माह में 06.09.2026, 13.09.2026 तथा 20.09.2026, नवंबर माह में 01.11.2026, 08.11.2026 तथा 15.11.2026 और दिसंबर माह में 13.12.2026, 20.12.2026 तथा 27.12.2026 को संचालित की जाएगी। यह विशेष अनारक्षित (एकतरफा) ट्रेन संख्या 04612 ब्यास से दोपहर 12:40 बजे प्रस्थान करके शाम 17:25 बजे फिरोजपुर छावनी पहुँचेगी। मार्ग में यह स्पैशल ट्रेन ढिलवां, हमीरा, करतारपुर, सुरानुस्सी, जालंधर सिटी, जालंधर कैंट, फगवाड़ा, फिल्लौर, लुधियाना, जगराओं, मोगा, तलवंडी भाई रेलवे स्टेशनों पर ठहरेगी।

# दिल्ली यूनिवर्सिटी में छात्रा से जुड़ी घटना निंदनीय: वीसी योगेश सिंह

**समाज जागरण शिक्षा**

नई दिल्ली। योगेश सिंह, कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय की छात्रा रुचि तिवारी से जुड़ी हालिया घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में इस प्रकार की घटनाएं बेहद गंभीर हैं और इन्हें किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

कुलपति ने अपने बयान में स्पष्ट किया कि दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं और पूरे मामले को गंभीरता से देखा जा रहा है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



योगेश सिंह ने विश्वविद्यालय समुदाय से अपील की कि सभी मिलकर सुरक्षित, सम्मानजनक और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने दोहराया कि दिल्ली विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों की सुरक्षा और गरिमा की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# पंजाब स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 16 और 17 फरवरी को गवर्नमेंट स्पोर्ट्स स्कूल घुडा में होगी

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 14 फरवरी (:पंजाब पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी जसप्रीत सिंह धालीवाल और मीडिया इंचार्ज प्रमोद धीर ने आज जैतो में प्रेस को बताया कि पंजाब स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप 16 और 17 फरवरी 2026 को सुबह से शाम तक गवर्नमेंट स्पोर्ट्स स्कूल घुडा, जिला बठिंडा में बड़ी धूमधाम से होगी। जिसमें पूरे पंजाब से 300 से ज्यादा पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ी शॉट पुट, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, लॉन्ग जंप, हाई जंप, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1600 मीटर, 3000 मीटर, 5000 मीटर रेस जैसे अलग-अलग खेलों में हिस्सा लेने के लिए पहुंच रहे हैं। पी पी एस ए के प्रभारी शमिंदर सिंह ढिल्लों और दविंदर सिंह टफी बराड़ ने कहा कि इस स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के विजेताओं में से पंजाब के खिलाड़ियों को मार्च 2026 में ओडिशा में होने वाली पैरा एथलेटिक्स नेशनल चैंपियनशिप के लिए चुना जाएगा। इस बारे में, ज्यादा रजिस्ट्रेशन होने की वजह से स्टेट चैंपियनशिप दो दिन में पूरी की जाएगी।



पहले दिन, 16 फरवरी 2026 को, ब्लाइंड कैटेगरी: T11, T12, T13 T20 / F20 (इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी) T31 से T38 (CP कैटेगरी) के लड़के और लड़कियां दोनों खिलाड़ी स्टेट चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। दूसरे दिन, 17 फरवरी 2026 को T41 से T47 और T51 से T57 कैटेगरी के लड़के और लड़कियां दोनों खिलाड़ियों के लिए गेम्स होंगे। इस स्टेट चैंपियनशिप के विजेताओं को पंजाब पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन मेडल देकर सम्मानित करेगा। इस मौके पर पंजाब पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रधान चरणजीत सिंह बराड़, एथलेटिक्स कोच गगनदीप सिंह, जगरूप सिंह सूबा बराड़, सुखजिंदर सिंह, अमनदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह धालीवाल, सिमरनजीत कौर, क्लासिफाइड डॉक्टर नवजोत सिंह बल इत्यादि अपनी सेवाएं देंगे। इस मौके पर खुशप्रीत भुल्लर, कुलदीप सिंह, डेविड, रमनदीप सिंह, जोबनदीप सिंह आदि ऑफिशियल के तौर पर अपनी सेवाएं देंगे। जैतो में पंजाब पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी मीटिंग के मौके पर जानकारी देते हुए।

# निवेश को लेकर सीएम नायब सिंह सैनी की कंपनियों से बैठक, हरियाणा को बताया निवेश का अनुकूल गंतव्य

**समाज जागरण बिजनेस/राज्य**

नई दिल्ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर राज्य में निवेश संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की औद्योगिक नीतियों, बुनियादी ढांचे और तेज अनुमोदन प्रणाली की विशेषताओं को साझा किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा निवेशकों के विश्वास और नीतिगत पारदर्शिता के लक्ष्य के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार उद्योगों को अनुकूल वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है और निवेश प्रक्रियाओं को सरल, तेज तथा समयबद्ध बनाया गया है।



श्री सैनी ने बताया कि मजबूत औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतर कनेक्टिविटी और नई नीतिगत पहलों के चलते हरियाणा देश में निवेश के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्यों में उभर रहा है। उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उद्योग स्थापना से लेकर संचालन तक हर स्तर पर सहयोग प्रदान करेगी।

बैठक में निवेश बढ़ाने, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को गति देने के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य हरियाणा को उद्योग और निवेश के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाना है।

# केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले 15 फरवरी को माजरी (झज्जर) में करेंगे जनसभा को संबोधित

**समाज जागरण शिक्षा**

झज्जर/नई दिल्ली। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण राज्य मंत्री रामदास अठावले 15 फरवरी को हरियाणा के झज्जर जिले के गांव माजरी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री यहां जनसमूह को संबोधित करेंगे और केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। अपने संबोधन में वे विशेष रूप से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित करेंगे।

सूत्रों के अनुसार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और ग्रामीणों की भागीदारी रहने की संभावना है। आयोजन को लेकर प्रशासन और स्थानीय स्तर पर तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं।

कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और पात्र लाभार्थियों को जागरूक करने पर विशेष जोर रहेगा।

# विकसित भारत-2047 में हरियाणा निभाएगा निर्णायक भूमिका: सीएम नायब सिंह सैनी

**समाज जागरण हरियाणा**

नई दिल्ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 विजन को साकार करने में हरियाणा की भूमिका महत्वपूर्ण और निर्णायक रहेगी। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है।

नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा तेजी से औद्योगिक विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में विकसित हो रहा मजबूत औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर, नई औद्योगिक मॉडल टाउनशिप, बेहतर कनेक्टिविटी और निवेशक-अनुकूल नीतियां प्रदेश को उद्योग जगत की पहली पसंद बना रही हैं।



श्री सैनी ने कहा कि सरकार की नई औद्योगिक नीति के माध्यम से निवेश प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाया गया है, जिससे देश-विदेश के निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन पहलों से न केवल हरियाणा की आर्थिक प्रगति तेज होगी, बल्कि यह राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि हरियाणा सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक विस्तार, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर निरंतर कार्य कर रही है।

# हरियाणा में वेक्टर-बोर्न बीमारियों पर सख्ती, 24 घंटे में रिपोर्ट देना अनिवार्य

**समाज जागरण चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और जापानी इंसेफेलाइटिस जैसी वेक्टर-बोर्न बीमारियों की रोकथाम को लेकर बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने हरियाणा महामारी अधिनियम संशोधन 2024 को नोटिफाई करते हुए निगरानी व्यवस्था को और सख्त बना दिया है। नए प्रावधानों के तहत अब सभी सरकारी व निजी अस्पतालों, क्लीनिकों तथा लैबोरेटरी को इन बीमारियों के प्रत्येक पुष्ट (कन्फर्म) मामले की जानकारी 24 घंटे के भीतर संबंधित सिविल सर्जन को देना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही मरीज का पूरा विवरण इंटीग्रेटेड हेल्थ इंफॉर्मेशन प्लेटफॉर्म पोर्टल पर भी अपडेट करना होगा, ताकि रियल-टाइम मॉनिटरिंग और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

सरकार ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित संस्थानों के खिलाफ जुमार्ना सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह संशोधित प्रावधान 31 मार्च 2027 तक प्रभावी रहेंगे।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2025-26 के लिए आवेदन शुरू, 28 फरवरी अंतिम तिथि

समाज जागरण चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने सत्र 2025-26 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक छात्र-छात्राएं 28 फरवरी 2026 तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

सरकारी जानकारी के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति (SC) और पिछड़ा वर्ग (BC) के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में आर्थिक सहायता प्रदान करना है, ताकि आर्थिक तंगी के कारण कोई भी छात्र अपनी पढ़ाई बीच में न छोड़े। पात्र विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे समय रहते पोर्टल scholarships.gov.in पर पंजीकरण और आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# बागवानी फसलों को बढ़ावा दे रही सरकार: कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा

**समाज जागरण हरियाणा/कृषि**

चंडीगढ़/नई दिल्ली। एकीकृत बागवानी मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य सरकार बागवानी फसलों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, जिनका प्रत्यक्ष लाभ किसानों को मिल रहा है।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान हितैषी सोच के साथ काम कर रही है और किसानों से जुड़ी योजनाओं को पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बागवानी क्षेत्र के विस्तार से किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। श्री राणा ने संरक्षित खेती (प्रोटेक्टेड कल्टीवेशन) को बढ़ावा देने, आधुनिक तकनीकों के प्रसार और मूल्यवर्धित कृषि को प्रोत्साहन देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ उच्च मूल्य वाली बागवानी फसलों की ओर प्रेरित करना है, ताकि उनकी आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

# जनपद के समस्त थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

### भूमि सम्बन्धी प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु पुलिस-राजस्व की संयुक्त कार्यवाही पर विशेष जोर



**अवधेश कुमार गुप्ता सदर संवाददाता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर ह्लथाना समाधान दिवसह्न का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र श्री अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज, क्षेत्राधिकारी पिपरी द्वारा थाना पिपरी, क्षेत्राधिकारी दुद्धी द्वारा थाना दुद्धी एवं सीओ घोरावल द्वारा थाना घोरावल पर उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। अन्य समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारीगण द्वारा भी अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस आयोजित किया गया।

समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में से अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि भूमि सम्बन्धी समस्त प्रकरणों का निस्तारण पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

जनपद में पूर्व एवं आज के दिन प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्रों में पुलिस से सम्बन्धित कुल 29 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 10 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व विभाग से सम्बन्धित कुल 122 प्रार्थना पत्रों में से 69 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस प्रकार कुल 151 प्रार्थना पत्रों में से 98 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत शिवद्वार मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

### सुरक्षा प्रबंध एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़



**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में थाना घोरावल क्षेत्रान्तर्गत स्थित शिवद्वार मंदिर में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने हेतु क्षेत्राधिकारी घोरावल श्री राहुल पाण्डेय द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण योजना तथा पुलिस बल की तैनाती का जायजा लिया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पर्व के दौरान सतत निगरानी रखते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में वरिष्ठ संभ्रांत व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं के साथ समन्वय बैठकें आयोजित की जा रही हैं। साथ ही प्रमुख मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर जाकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने, यातायात व्यवस्था सुचारु रखने तथा महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

# थाना अनपरा की साइबर टीम द्वारा फ्रॉड हुई ₹17,835/- धनराशि आवेदक के मूल खाते में कराई गई वापस



**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

अनपरा/ सोनभद्र। आवेदक आयूष कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी महावीर कॉलोनी अनपरा, थाना अनपरा जनपद सोनभद्र द्वारा दिनांक 04.11.2025 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा वढक माध्यम से कुल ₹17 ,835/- (सत्रह हजार आठ सौ पैंतीस रुपये) की धनराशि धोखाधड़ीपूर्वक ट्रांसफर कर लिए जाने के संबंध में साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं भारत सरकार के साइबर क्राइम पोर्टल cyber crime.gov.in) पर शिकायत दर्ज कराई गई थी।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना अनपरा सत्येन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना अनपरा की साइबर टीम द्वारा ठउफ्ढ पोर्टल का अवलोकन कर संबंधित खातों में संपूर्ण धनराशि होल्ड कराई गई। तत्पश्चात आवश्यक साक्ष्य संकलित कर संबंधित बैंक शाखा से ई-मेल पत्राचार के माध्यम से समन्वय स्थापित करते हुए आवेदक की होल्ड की गई संपूर्ण धनराशि ₹17,835/- सफलतापूर्वक उसके मूल बैंक खाते में वापस कराई गई। अपनी धनराशि वापस प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा थाना अनपरा की साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

# अडाणी कौशल विकास केन्द्र के प्रशिक्षुओं को नियुक्ति पत्र का वितरण




**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। अडाणी सीमेन्ट सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में अडाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित अडाणी कौशल विकास केन्द्र के प्रशिक्षुओं को तीन माह के निःशुल्क सिलाई मशीन के प्रशिक्षण के उपरांत उनको नियुक्ति पत्र का वितरण अडाणी सीमेन्ट के प्रोजेक्ट हेड श्री नीरज त्रिपाठी और प्रधान सुरक्षा अधिकारी राजेश राठौर के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

अडाणी फाउंडेशन के साइट सी.एस.आर. हेड मनोज चौबे ने बताया कि कौशल विकास केन्द्र मे तीन माह के सिलाई प्रशिक्षण के उपरान्त 06 महिलाओं को अहमदाबाद की एक कंपनी में सिलाई मशीन आपरेटर के पद के लिए नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया है। और आगे भी इस तरह से प्रशिक्षण देकर स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

इस अवसर पर अडाणी कौशल विकास की ओर से क्लस्टर हेड सुधांशु मिश्रा, सुमित वाजपेयी, प्रशिक्षिका नीलम मोदनवाल और प्रशिक्षुओं के परिवार के लोग मौजूद रहे।

# जुगैल में एक युवक का शव अचानक घर पहुंचने से परिवार में मचा कोहराम



**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

जुगैल/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र निवासी एक युवक का शव अचानक घर पहुंचने से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि युवक को पिछले अक्टूबर माह में बागपत जिले में गन्ने की खेती में काम कराने के लिए डाला निवासी एक ठेकेदार अपने साथ ले गया था। गांव में शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही परिजनों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद जुगैल थाना प्रभारी जितेंद्र पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव के साथ आए एंबुलेंस चालक से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई। मृतक की पत्नी गर्भवती बताई जा रही है और उसके पहले से तीन छोटे बच्चे भी हैं। ऐसे में परिवार के भरण-पोषण और बच्चों की देखरेख को लेकर ग्रामीणों में चिंता जताई जा रही है फिलहाल युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह बीमारी, दुर्घटना या अन्य किसी कारण से हुई इसका स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ सकेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। 32 वर्षीय मृतक रामसुरत पुत्र भईया राम ग्राम जुगैल टोला जोरबा का निवासी बताया जा रहा है।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का किया निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिये जोर



**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। जनपद के प्राथमिक विद्यालय सहजन खुर्द, उच्च प्राथमिक विद्यालय सहिजन कला एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का जिलाधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालयों में संचालित पठन-पाठन व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन, स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिये। जिलाधिकारी ने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया तथा उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं नियमित शिक्षा प्रदान की जाए तथा पठन-पाठन कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की बुनियादी शैक्षणिक दक्षताओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने शौचालय, पेयजल एवं अन्य सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमित निरीक्षण के माध्यम से व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही आवासीय एवं शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी ली गयी तथा आवश्यक सुधार हेतु संबंधित शिक्षकों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पांडेय सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता नामांकन प्रक्रिया का जिलाधिकारी ने लिया जायजा



**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। जनपद में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय सहिजन खुर्द एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय सहिजन कला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बी0एल0ओ0 से मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन एवं नोटिस के माध्यम से की जा रही सुनवाई प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन नागरिकों की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनके फॉर्म-6 अनिवार्य रूप से भरवाकर मतदाता सूची में नाम अंकित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। इसके लिए संपर्क अभियान चलाकर पात्र युवाओं को जागरूक किया जाए, कोटेदार का भी सहयोग लिया जाये। इस दौरान उन्होंने ई0आर0ओ0 द्वारा नोटिस जारी किए गए प्रकरणों की सुनवाई समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से करने के निर्देश दिए तथा कहा कि सभी दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में किया जाए। जिलाधिकारी ने बीएलओ से अब तक प्राप्त आवेदनों की संख्या एवं प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत पात्र मतदाताओं का पंजीकरण अत्यंत आवश्यक है। विशेष अभियान के दौरान अधिकतम लोगों को मतदाता सूची से जोड़ने हेतु गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विद्यालय के अध्यापक व बूथ के बी0एल0ओ0 उपस्थित रहें।

# साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में, ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

### अम्बिकापुर मार्ग पर मधुघूटरा के समीप हुई घटना

**विजय शंकर पाण्डेय जिला संवाददाता/समाज जागरण**

सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के बभनी - अम्बिकापुर मार्ग पर शुक्रवार को देर शाम मधुघूटरा के समीप साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक सवार किशोर की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं बाइक पर बैठे दो बच्चे और चालक बाल बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवा दिया।

जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार 14 पुत्र अशर्फी लाल निवासी पतेरीटोला बभनी तथा विजय कुमार 22 पुत्र जगदेव निवासी नवाटोला सतबहनी और साथ में दो बच्चे राकेश पुत्र पन्ना लाल तथा काजल पुत्री अनिल कुमार आधार कार्ड



सुधरवाने के लिए वाड्रफनगर छत्तीसगढ़ गये हुए थे। आधार कार्ड सुधरवा कर वापस लौट रहे थे कि मधुघूटरा के समीप सड़क पर साइकिल आ गई। साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक चालक विजय कुमार हैडिल काटा तो बाइक पर बैठे प्रमोद और दोनों बच्चे गिर गये। गिरने के बाद सामने से आ रही ट्रक कुचलते हुए निकल गई। जिससे प्रमोद की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं विजय कुमार तथा दोनों बच्चे राकेश कुमार व काजल बाल बाल बच गए।घटना की सूचना ग्रामीणों ने तत्काल बभनी पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक डीपी यादव घटनास्थल पर पहुंच गए और मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक डीपी यादव ने बताया कि मृतक के पिता अशर्फी लाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता रैली व अन्य प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन




**विजय शंकर पाण्डेय/ जिला संवाददाता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। नगवां ब्लॉक के नगवा गांव में एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से प्रयत्न संस्था द्वारा एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स परियोजना के तहत स्वच्छ भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर स्वच्छता रैली को प्राथमिक विद्यालय से प्रधानाध्याक नीरज कुमार सिंह एवं गोविन्द सिंह एवं ग्रामीण जनों के द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया जो कि पूरे गांव में स्वच्छता बैनर एवं नारों की तख्ती लेकर गूंज के लोगो को जागरूक किया गया जिसमें राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नगवा, [illegible] ने भागीदारी की तथा स्वच्छता हेतु शपथ ग्रहण की।

इस जागरूकता गतिविधि में रैली के [illegible] एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।

संस्था की ओर से दोनों विद्यालयों में कक्षा के अनुसार नियमित एवं साफ सफाई से आने वाले प्रत्येक कक्षा से 1 बालक एवं 1 बालिका, ड्राइंग प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पानी बोतल एवं हार्डबोर्ड शीट, डिक्शनरी पुरुष्कार के रूप में दिया गया। संस्था की ओर से स्वच्छ भारत अभियान के तहत दोनों स्कूल, आंगनवाड़ी एवं पंचायत घर पर उपयोग हेतु डस्टबिन एवं हैंडवाश, झाड़ू, सनेटेरी पैड आदि रखवाये गये और सभी बच्चों को नेल कटर एवं रुमाल आदि दिए गये चित्रकला प्रतियोगिता प्राइमरी में प्रथम स्थान राम सिंह, द्वितीय स्थान रिंकू सिंह, तृतीय स्थान अंजलि कुमारी और अपर प्राइमरी में प्रथम स्थान अर्चना कुमारी, द्वितीय स्थान सोनू कुमार, तृतीय स्थान अरविन्द कुमार ने प्राप्त किया। ग्रामीण जनों ने एस बी आई फाउंडेशन एवं प्रयत्न संस्था के पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्र स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु एवं बच्चों का मनोबल बढ़ाने के हेतु की सराहना की टीम में परियोजना अधिकारी सुन्दर सिंह, मेडिकल ऑफिसर डॉ यश शर्मा, फार्मासिस्ट सुधाकर प्रजापति, स्टॉफ नर्स सुनैना, लैब टेक्शशियन मनोज कुमार वर्मा, पायलट धर्मेन्द्र कुमार, प्राथमिक विद्यालय प्रधानाचार्य गोविन्द सिंह, राजकुमार, रा0 उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रधानाचार्य नीरज कुमार सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ती सुशीला देवी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# शिवद्वार धाम में महाशिवरात्रि पर 10 दिवसीय मेला का आयोजन

### पौराणिक श्री शिव पार्वती मंदिर में कई राज्यों से दर्शनार्थियों का होता है आगमन



**विजय कुमार अग्रहरी/विजय शंकर पांडेय। समाज जागरण**

सोनभद्र। गुप्तकाशी एवं दक्षिण काशी नामों से विख्यात शिवद्वार धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर 15 फरवरी से 24 फरवरी तक 10 दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले व दर्शन पूजन की व्यवस्था को लेकर मंदिर परिसर में प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा, दर्शन पूजन व्यवस्था, पेयजल, साफ सफाई, शौचालय, विभिन्न मार्गों पर बैरिकेडिंग, बिजली आपूर्ति, स्वास्थ्य विभाग की टीम इत्यादि विषयों के साथ ही मंदिर परिसर में दुकान लगाने के बावत चर्चा की गई। वहीं मंदिर की सजावट और बैरिकेडिंग के लिए श्री शिव पार्वती मंदिर सेवा समिति द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर को फूलों, झालरों व रोशनी से सजाया जाएगा।बताते चलें महाशिवरात्रि पर शिवद्वार में हजारों श्रद्धालुओं का आगमन होता है। जिसमें उनके परिवहन और सुरक्षा के आलावा उनके सामानों की सुरक्षा प्रशासन के लिए एक चुनौती से कम नही होती। महाशिवरात्रि मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने भी कमर कस ली है। इस अवसर पर शिवद्वार चौकी प्रभारी कविंद्र यादव, सतद्वारी ग्राम प्रधान सियाराम यादव, मुख्य पुजारी सुरेश गिरी, अजय गिरी, शिवराज गिरी, सुभाष गिरी, संजय मोदनवाल, धीरज सिंह, अमरेश गिरी इत्यादि मौजूद रहे।

घोरावल। शिवद्वार मंदिर के पुजारी अजय गिरी ने बताया कि भगवान भोलेनाथ एवं माता जगदंबा और मंदिर की फूलों से सजावट करने के लिए कोलकाता की टीम आएगी। भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती, शिवलिंग और मंदिर परिसर में स्थापित अन्य मूर्तियों का श्रृंगार करने के लिए मिजार्पुर से कलाकारों की टीम आएगी, जो मंदिर के पुजारियों के सहयोग से मूर्तियों का श्रृंगार करेगी। मंदिर को भव्य रूप में सजाने के लिए मिजार्पुर से टीम आएगी। वहीं भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती के लिए वस्त्र -आभूषण काशी से मंगाया गया है। शुक्रवार को को हल्दी की रस्म और शनिवार को मेंहदी की रस्म निभाई जाएगी। शनिवार रात्रि भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती का वर एवं वधू के रूप में सजाया जाएगा।

सनातन धर्म एवं विशेष रूप से शैव संप्रदाय के मतावलंबियों आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। आदिदेव महादेव एवम माता पार्वती के दुर्लभ व विलक्षण विग्रह का दर्शन पूजन करने के लिए दूर दूर से यहां पर श्रद्धालुओं का आगमन होता है। महाशिवरात्रि पर यहां प्रत्येक वर्ष 10 दिनों तक चलने वाले परंपरागत मेला का आयोजन किया जाता है।

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिला मुख्यालय के दक्षिण-पश्चिम में 39 किलोमीटर दूर और घोरावल तहसील मुख्यालय के दक्षिण में 10 किलोमीटर दूर अवस्थित शिवद्वार धाम आज परिचय का मोहताज नहीं है। आदिम सभ्यता के साक्षी बेलन नदी के करीब शिवद्वार मंदिर में स्थापित आशुतोष भगवान शिवशंकर और आदिशक्ति माता भगवती की काले पत्थर से बनी साढ़े चार फीट ऊंची इस अद्वितीय मूर्ति का दर्शन करने पर निगाहें उस पर से नही हटती हैं। लास्य शैली की इस प्रतिमा का कालखंड कुछ विद्वान ग्यारहवीं शताब्दी मानते हैं। जबकि कुछ आठवीं और कुछ विद्वान और अधिक प्राचीन मानते हैं।

उमामहेश्वर की यह संपृक्त प्रतिमा 1305 फसली सन में मोती महतो नामक व्यक्ति को मिली थी। किंवदंतियों के अनुसार खेत में हल जोतते समय यह दिव्य प्रतिमा प्राप्त हुई थी, जिसे मोती महतो ने वहां पर एक मंदिर बनवाकर स्थापित कराया था। शिवद्वार के बाबू जगत बहादुर सिंह की धर्मपत्नी बहुरिया अविनाश कुँवरी ने शिवद्वार मंदिर का निर्माण सन 1942 में अपने स्वर्गीय पति की पुण्यस्मृति में कराया था। चुनार के कारीगरों द्वारा चुनार के पत्थर से तीन वर्षों में मंदिर का निर्माण हुआ था।कालांतर में बाहरी मंडप, परिक्रमा पथ, यज्ञशाला इत्यादि का निर्माण धर्मप्राण लोगों के सहयोग से हुआ।सन 1985 में परमहंस आश्रम अमेठी के श्री हरिचैतन्य ब्रह्मचारी की प्रेरणा से बद्रिकाश्रम के शंकराचार्य जगद्गुरू स्वामी विष्णु देवानन्दजी सरस्वती महाराज के कर कमलों से मंदिर में श्री शिवलिंग की वैदिक रीति से स्थापना एवम प्राण प्रतिष्ठा की गई थी।

## असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे दो लेन वाली ट्विन ट्यूब टीबीएम रोड और एक ट्यूब में रेलवे के आधारभूत ढांचे के प्रावधान के साथ नदी के नीचे एक सुरंग निर्माण को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इसकी कुल लंबाई 33.7 किलोमीटर है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की आर्थिक मामलों की समिति ने कल असम में इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) के अंतर्गत 18,662 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत से विकसित किए जाने वाले एनएच-15 पर गोहपुर से नुमालीगढ़ तक 715 खंड पर 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसके अंतर्गत ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे 15.79 किलोमीटर की सड़क सह रेल सुरंग भी शामिल है। वर्तमान में, एनएच-715 पर स्थित नुमालीगढ़ और एनएच-15 पर स्थित गोहपुर के बीच की दूरी एनएच-52 पर सिलघाट के पास स्थित कालियाभम्भोरा सड़क पुल से 240 किलोमीटर है। इसमें नुमालीगढ़, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और बिश्वनाथ कस्बे से होते हुए 6 घंटे का समय लगता है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, एनएच-15 पर गोहपुर से नुमालीगढ़ तक ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे सड़क-सह-रेल सुरंग के साथ 4-लेन पहुंच-नियंत्रित हरित परिवहन परियोजना विकसित करने का प्रस्ताव है। यह भारत की पहली और विश्व की दूसरी जलमग्न सड़क-सह-रेल सुरंग होगी। इस परियोजना से असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और अन्य उत्तर-पूर्वी राज्यों को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। इससे माल ढुलाई की दक्षता बढ़ेगी, रसद लागत कम होगी और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

यह परियोजना दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच-15 और एनएच-715) और दो रेलवे लाइनों से जुड़ती है, जिनमें गोहपुर की ओर एनएफआर के रंगिया डिवीजन के अंतर्गत रंगिया-मुकोंगसेलेक रेलवे खंड और नुमालीगढ़ की ओर एनएफआर के तिनसुकिया खंड के अंतर्गत फुरकटिंग-मारियानी लूप लाइन खंड शामिल हैं। यह परियोजना असम के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक्स केंद्रों को निर्बाध रूप से जोड़ती है।

इसके अतिरिक्त, यह परियोजना 11 आर्थिक केंद्रों, 3 सामाजिक केंद्रों, 2 पर्यटन केंद्रों और 8 लॉजिस्टिक्स केंद्रों से जुड़कर बहु-मोडल एकीकरण को बढ़ावा देगी, जिससे 4 प्रमुख रेलवे स्टेशनों, 2 हवाई अड्डों और 2 अंतर्देशीय जलमार्गों से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और इस क्षेत्र में माल और यात्रियों की आवाजाही तेज होगी।

परियोजना पूर्ण होने पर रणनीतिक दृष्टिकोण, क्षेत्रीय आर्थिक विकास, प्रमुख आर्थिक केंद्रों के बीच संपर्क सुदृढ़ करने और व्यापार एवं औद्योगिक विकास के नए द्वार खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह परियोजना लगभग 80 लाख मानव-दिवस का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करेगी तथा आसपास के क्षेत्रों में विकास, उन्नति और समृद्धि के नए मार्ग प्रशस्त करेगी।

# रामेश्वर महादेव मंदिर में शिव बारातियों की तैयारी पूरी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**





रामेश्वर वाराणसी।। महाशिवरात्रि को लेकर रामेश्वर महादेव मंदिर की व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया जा रहा है। रविवार को भगवान शिव के जलाभिषेक के साथ ही व्यापक स्तर पर मेले का आयोजन किया जाता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंदिर व परिसर की सफाई के साथ ही रंग-रोगन का काम भी तेजी से चल रहा है। श्रद्धालुओं के साथ ही युवाओं की टोली इस काम को मंदिर के पुजारियों की देखरेख में अंजाम दे रही है।शनिवार को सफाई कर्मचारियों की लगभग 50 कर्मचारियों ने रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर,वरुणा घाट,पंचकोसी मार्ग पर सफाई कार्य किया।वरुणा सेतु पर सुरक्षा के दृष्टि से बैरिकेटिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है।मंदिर परिसर के साथ साथ रामेश्वर बाजार में सी सी टीवी कैमरा,ध्वनि विस्तारक यंत्र और पेय जल की व्यवस्था को पूरा कर लिया गया हैं।मंदिर पुजारी अन्नू तिवारी ने बताया हर वर्ष से अधिक शिव बारातियों के आने की उम्मीद है और तैयारी उसी अनुसार किया जा रहा हैं।

सेवापुरी खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया सफाई कर्मचारी की तैनाती दो शिफ्ट में किया गया जिससे साफ सफाई का कार्य अच्छे से किया जा सके।मंदिर परिसर और पंचकोसी मार्ग पर की 50 कर्मचारियों की तैनाती की गई हैं।सफाई कर्मचारी में मुख्य रूप से टीम लीडर राकेश सिंह एवं कैलाश यादव ,काशीनाथ ,लाल बहादुर,हरि नाथ पाल ,विनोद मौर्य ,राम सजीवन पाल ,संजय कुमार पटेल ,पप्पू राम ,वजीर अहमद सुशील कुमार,मंजू देवी ,स्वर्ण लता भारती ,कृष कुमार राय सहित अन्य कर्मचारी सफाई कार्य में जुटे रहे।

# गांधीवादी युवाओं की 'मनरेगा बचाओ यात्रा' पहुँची पुआरी कला।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। मोदी सरकार द्वारा मनरेगा में किए गए मजदूर विरोधी बदलावों और नए कानून 'वीबी-जी राम जी, के विरोध में युवा गांधीवादियों की ह्यमनरेगा बचाओ यात्राह्न आज शनिवार को हरहुआ ब्लाक के पलहीपट्टी चौराहे से होते हुए प्रेमनगर से पुआरी कला पहुँची जहाँ स्थानीय लोगों ने यात्रा का स्वागत किया।

गांधीवादी युवाओं ने गाँव-गाँव पहुंचकर मजदूरों को मनरेगा की बहाली के लिए संगठित किया व नये कानून 'वीबी-जी रामजी' के मजदूर विरोधी प्रावधानों और काम के संवैधानिक अधिकार पर किये जा रहे सुनियोजित हमले के प्रयासों से भी अवगत कराया।

17 जनवरी को चौरी-चौरा (गोरखपुर) से प्रारंभ हुई "मनरेगा बचाओ साइकिल" यात्रा जो गोरखपुर, देवरिया, बलिया, मऊ, गाजीपुर होते हुए बनारस पहुंची जो ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूक करते हुए 17 फरवरी को भारत माता मंदिर से निकलकर कचहरी स्थित अम्बेडकर प्रतिमा पर यात्रा का एक दिवसीय उपवास के साथ समापन होगा।

पुआरी कला में आयोजित सभा में यात्री विवेक ने कहा कि सरकार "वीबी-जी रामजी" मजदूर विरोधी कानून लाकर मनरेगा जैसे जनकल्याणकारी कानून को खत्म कर रही है। इससे गरीब, पिछड़े वर्ग, दलित, भूमिहीन मजदूर और महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित होंगी और गांवों में पलायन भी बढ़ेगा।

यात्री मुरारी ने कहा कि मनरेगा कानून लागू होने के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं को काम मिला इससे आर्थिक और सामाजिक रूप से महिलाएँ सुदृढ़ हो रही थीं और उनकी सौदा शक्ति में भी इजाफा हुआ। मोदी सरकार द्वारा उनके रोजगार पर हमले के बाद अब वे महिलाएँ फिर से घरों में कैद हो जाएंगी।

यात्री प्रियेश ने कहा कि मोदी सरकार पूँजीपतियों के लाखों करोड़ों रुपये के कर्ज माफ कर रही है और कौड़ियों के भाव अडानी को देश की सरकारी संपत्तियां नीलाम कर रही है, उसी कड़ी में यह मजदूर विरोधी सरकार मनरेगा को खत्म करके कॉपोरेट को सस्ता श्रम उपलब्ध कराने का रास्ता खोल रही है। यात्रा के दौरान सभी यात्री नए कानून के आने के बाद मनरेगा मजदूरों के मन में पैदा हुई अनिश्चितताओं और आशंकाओं को लगातार संकलित कर रहे हैं जिसे यात्रा के बाद सरकार को पूर्वांचल के मजदूरों के मन में अपनी रोजी रोटी की सुरक्षा को लेकर व्याप्त भय से अवगत करायेंगे।

जगह -जगह गांधीवादी युवाओं को मनरेगा से जुड़े श्रमिक व ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

यात्रा में प्रमुख रूप से काम के संवैधानिक अधिकार को बहाल किया जाए,मजदूर विरोधी कानून वीबी-जी रामजी को तुरंत वापस लिया जाए और
मनरेगा की न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन की जाए की जोरदार अपील किया गया।

यात्रा में प्रमुख रूप से मृत्युंजय मौर्या, सतीश साहनी, प्रवीण वर्मा, राहुल पवारा (महाराष्ट्र), अमन यादव, करण चौरसिया(झारखंड, प्रियेश, रजत, विवेक मिश्र, नीरज कुमार, दीपक, विवेक यादव (मध्य प्रदेश), नजम शमीम, तौहीद बेग, सूफी सलीम, सुमन आनंद, गौरव पुरोहित (पश्चिम बंगाल), बृजेश साहनी, गौरव पांडेय, संगम गुप्ता, राशिद शेख (बेगूसराय), राजू कुमार (सहरसा), मुरारी कुमार (मुजफ्फरपुर), डॉ शैलेंद्र कुमार (नवादा), निर्भय अहिरवार (मध्य प्रदेश) शामिल हैं।

# थाना दिवस पर पड़े चार प्रार्थना पत्र नहीं हुआ निस्तारण

**समाज जागरण**




मीरजापुर /हलिया थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार हलिया राजीव यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस पर कुल चार प्रार्थना पत्र भूमि विवाद से संबंधित पड़े मौके पर किसी भी प्रार्थना पत्र का निस्तारण नहीं हो सका नायब तहसीलदार ने प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को रवाना किया गया है नायब तहसीलदार ने संबंधित राजस्व व पुलिसकर्मियों को समय से निस्तारण कर आख्या देने का निर्देश दिया है जिससे मामलों का निस्तारण हो सके इस दौरान सहायक चकबंदी अधिकारी हथेडा श्रवण कुमार, राजस्व निरीक्षक शिव कुमार चौबे, प्रमोद सिंह, थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, एसआई महेंद्र प्रताप यादव, शिवजी यादव सहित राजस्व चकबंदी के लेखपाल मौजूद रहे

# स्वच्छता के लिए पुरस्कार प्राप्त कर चुका ग्राम पंचायत नदीहार में दिखा कूड़े का अंबार



राजगढ़ मीरजापुर/ स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत नदिहार के नाम के साथ 'प्रदेश में प्रथम स्थान' और लाखों रुपए के पुरस्कार जैसी उपलब्धियां जुड़ी हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। विकासखंड राजगढ़ की इस तथाकथित मॉडल पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

रिहायशी इलाकों और बाजार की गलियों में कूड़े के ढेर लगे हैं, जिससे पंचायत की चमक फीकी पड़ गई है। गौरतलब है कि विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने ग्राम प्रधान रविशंकर पटेल को प्रदेश में प्रथम स्थान का पुरस्कार देकर सम्मानित किया था। प्रोत्साहन योजना के तहत पंचायत को वर्ष 2024-25 में लगभग बीस लाख रुपए और वर्ष 2025-26 में लगभग दस लाख रुपए की धनराशि भी मिल चुकी है।

इसके बावजूद ग्रामीणों का आरोप है कि कूड़ा संग्रह के लिए रखे गए डस्टबिन केवल दिखावे तक सीमित हैं। सफाई व्यवस्था और विकास कार्य ग्राम पंचायत कार्यालय और मुख्य बाजार तक सिमट कर रह गए हैं, जबकि अंदरूनी गलियां गंदगी से पटी पड़ी हैं। गर्मी के मौसम में सड़ रहे कचरे और जाम नालियों से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, जिससे लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों की सरकारी योजनाएं और पुरस्कार मिलने के बावजूद यदि सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पा रही है तो जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

नदिहार के ग्राम प्रधान गणतंत्र दिवस समारोह में नई दिल्ली में शामिल हो चुके हैं और विकास कार्यों के अध्ययन के लिए अन्य राज्यों का दौरा भी कर चुके हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब पंचायत को सम्मान और धनराशि मिल चुकी है, तो विकास और स्वच्छता का लाभ आम ग्रामीणों तक क्यों नहीं पहुंच पा रहा? वहीं, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) श्री कृष्ण उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# वार्षिक उत्सव के अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय चंदापुर में कंप्यूटर लैब व लाइब्रेरी का उद्घाटन

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। हरहुआ विकास खंड कम्पोजिट विद्यालय, चंदापुर ग्राम पंचायत में वार्षिक उत्सव के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यालय के नवनिर्मित संसाधनों का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी पंकज यादव व एडवोकेट प्रिंस चौबे ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

पीएम श्री योजना अंतर्गत स्थापित कंप्यूटर लैब एवं आधुनिक लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडवोकेट प्रिंस चौबे ने कहा कि शिक्षा ही गरीबी से बाहर निकालने का सशक्त माध्यम है। सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों को हाईटेक बनाया जा रहा है। कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी एवं अन्य आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। अब सरकारी विद्यालयों में भी कॉन्वेंट स्कूलों की तर्ज पर वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिल रहा है।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मेधावी विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान गीता देवी, शिक्षक संघ मंत्री शिव जतन यादव, ब्लॉक शिक्षा संघ अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, शिक्षिकाएँ गीता, सुप्रिया, रेखा सहित अभिभावक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश गौतम ने किया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति देवी ने किया।

# कंपोजिट विद्यालय सिरिहीरा में वार्षिक हुआ उत्सव सम्पन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**






रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी क्षेत्र स्थित कंपोजिट विद्यालय सिरिहीरा में शनिवार को वार्षिक उत्सव धूम धाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव और ग्राम प्रधान सोनू सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार और ग्रामीणों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत, समूह नृत्य, देशभक्ति गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि संजय कुमार यादव ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उनका आत्मविश्वास बढ़ाते हैं।इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष राकेश सिंह, एआरपी आशुतोष मिश्रा, प्रधानाध्यापक डॉ. जितेंद्र उपाध्याय, सर्वेश सिंह, अनु कपूर, मीनू सिंह, नीतू सिंह, ममता सिंह, किरन देवी, रसोइया और नोडल शिक्षक संकुल आनंद दूबे सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# आकांक्षा पांडेय नेट जेआरएफ में 99.88 प्रतिशत पाकर किया सफलता हासिल

## *उद्योग व्यापार मंडल उ0प्र0 की ओर से हुआ सम्मान।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी नेट जेआरएफ में पहली बार में 99.88 हासिल कर आकांक्षा पांडेय ने सफलता हासिल की।

रामेश्वर क्षेत्र के भोपतपुर गांव निवासी आकांशा पांडेय जेडीएस स्कूल से इंटर तक 'गोल्ड मेडलिस्ट' शिक्षा हासिल करने के बाद यू0पी0 कालेज से बी काम,एम0 काम और बीएड की शिक्षा ग्रहण की। इसी बीच नेट जेआरएफ की परीक्षा में शामिल हुई और टॉपर बनी।

पिता धरम पांडेय इनकम टैक्स जीएसटी प्रैक्टिस करते हैं। जिनके एक पुत्री आकांक्षा 24 वर्ष व पुत्र आयुष पांडेय 20 वर्ष हैं। दादा नन्दलाल पाण्डेय कमर्शियल टैक्स ऑफिसर पद से सेवनिबृत हैं।
आकांक्षा पांडेय के चयन की सूचना पर आज भोपतपुर घर उद्योग व्यापार मंडल उ0प्र0 के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता,रंजीत जायसवाल प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष वाराणसी शुभम सिंह आकांक्षा पांडेय का सम्मान किया। वहीं परिवार में दादा व पिताजी को अंगवस्त्र सहित सूट के कपड़े व माता जी को बनारसी साड़ी भेंट कर आकांक्षा व भाई आयुष को रेडीमेडसूट ,डायरी, स्टेशनरी सहित बॉक्स व चॉकलेट भेंट कर पूरे परिवार को बधाई दी।

# कैबिनेट सहयोगी की पुत्री के विवाह समारोह में शामिल हुई रेखा गुप्ता

**समाज जागरण उदयपुर**





दिल्ली सरकार की मंत्री रेखा गुप्ता ने उदयपुर में अपने कैबिनेट सहयोगी मंजींदर सिंह सिरसा की पुत्री मनलीन के विवाह समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने नवविवाहित जोड़े और दोनों परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।
रेखा गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि यह परिवार के लिए अत्यंत खुशी का अवसर है। उन्होंने दुआ की कि वाहेगुरु जी की कृपा नवदंपति पर बनी रहे और उनका वैवाहिक जीवन सुख, समृद्धि और खुशियों से परिपूर्ण हो।
कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग और परिजन उपस्थित रहे तथा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह समारोह संपन्न हुआ।

# IGI एयरपोर्ट पर एंटी स्मॉग फॉगर सिस्टम का उद्घाटन, 120 मिस्ट गन लगाई गई

**समाज जागरण नई दिल्ली**



दिल्ली सरकार की मंत्री रेखा गुप्ता ने आईजीआई एयरपोर्ट परिसर में एंटी स्मॉग फॉगर सिस्टम का उद्घाटन किया। इस परियोजना के तहत 120 मिस्ट गनों की स्थापना की गई है, जिसे वायु गुणवत्ता सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के लिए सरकार सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने एयरपोर्ट क्षेत्र में डस्ट मिटिगेशन के लिए GMR Group द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह स्वच्छ और सुरक्षित दिल्ली के संकल्प को मजबूत करेगी। कार्यक्रम में सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, विधायक कैलाश गहलोत सहित अन्य गणमान्यजन भी मौजूद रहे।

# दिल्ली के विकास से जुड़े केंद्रीय फैसले दूरगामी: रेखा गुप्ता

**समाज जागरण नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार की मंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा दिल्ली के बुनियादी ढांचे, आर्थिक प्रगति और सांस्कृतिक उत्थान से जुड़े फैसलों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग पर तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण को मंजूरी मिलना राजधानी के रेल नेटवर्क को अधिक सुगम बनाने और यात्रियों के आवागमन को सुविधाजनक करने की दिशा में एक ठोस कदम है। रेखा गुप्ता ने ऐतिहासिक नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालयह्न में परिवर्तित करने के निर्णय को दिल्ली की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और उसे वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

# वाजिदपुर, हरहुआ रिंग रोड पर दो डंपरों में जोरदार टक्कर, घंटों लगा रहा लंबा जाम।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी वाजिदपुर ,हरहुआ रिंग रोड चौराहे पर आज सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब दो भारी डंपर आपस में टकरा गए। यह हादसा



तब हुआ जब अगले डंपर ने अचानक ब्रेक मारा और पीछे से आ रहा उसी कम्पनी का दूसरा डंपर उससे जा भीड़ा।
राहत की बात यह है कि इस भिड़ंत में दोनों डंपरों के चालक और खलासी पूरी तरह सुरक्षित बाल -बाल बचे । टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सड़क पर घंटों तक लंबा जाम लगा रहा, जिससे राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।
हरहुआ पुलिस और ट्रैफिक विभाग ने मौके पर पहुंचकर रूट डायवर्ट किया और क्रेन की मदद से वाहनों को हटाकर यातायात बहाल कराया।
चौकी प्रभारी हरहुआ विवेकानन्द द्विवेदी के अनुसार व्यस्त चौराहों पर भारी वाहनों द्वारा अचानक ब्रेक मारना जानलेवा साबित होता है। चालक कृपया वाहन चलाते समय उचित दूरी बनाए रखें और सतर्क रहें तथा सिग्नल नियम का पालन करें।

# कम्पोजिट विद्यालय करधना का वार्षिक उत्सव सम्पन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। कम्पोजिट विद्यालय करधना में 'सेव वाटर' थीम पर विद्यालय वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न हुआ। सेवापुरी में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, देशभक्ति, सामाजिक समरसता, समता और समानता



पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए।इस अवसर पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक और उपस्थिति के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 57 छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेवापुरी विधायक की सुपुत्री अदिति पटेल थीं। विशिष्ट अतिथियों में अमन सिंह रजत और खण्ड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय यादव शामिल रहे।कार्यक्रम का संचालन लोकगायिका और शिक्षिका शैलबाला मिश्रा ने किया। इस दौरान पीएलसी सदस्य डॉ. शिव कुमार मिश्र, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, अशोक कुमार चंद्र भूषण, सुभेष झा, एसएससी अध्यक्ष वंदिनी विश्वकर्मा, संतोष मिश्र, संतोष पांडेय और विनोद सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# युद्ध स्तर पर कार्य करें बूथ लेवल अधिकारी: देवेंद्र कुमार सिंह

**समाज जागरण**

वाराणसी। शनिवार को सहायक निर्वाचक रजिस्टरीकरण अधिकारी तथा सहायक आयुक्त सहकारिता देवेंद्र कुमार सिंह द्वारा एसआईआर के कार्यो , दावों और आपत्तियो के लिए बूथो पर भ्रमण करके बूथ लेवल अधिकारियो की समीक्षा की गई।



ज्ञातव्य है कि एसआईआर कार्य मे प्रगति संतोषजनक न होने के कारण सहायक आयुक्त अपने साथ अपर जिला सहकारी अधिकारी अवधेश सिंह, अजय कुमार तथा सहायक सांख्यिकीय अधिकारी आलोक शेखर के साथ बूथ भ्रमण मे निकले।
सर्वप्रथम सहिजन कलाँ अंतर्गत बूथ पर बीएलओ साधना व निशा पाई गई।सहायक आयुक्त ने तमाम आपत्तियो की सुनवाई भी की।
जोगियाबीर प्राइमरी पाठशाला पर उपस्थित बीएलओ राजकुमारी तथा श्वेता पांडेय ने एसआईआर की प्रगति के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।
जय ज्योति इंटर कॉलेज मे सुपरवाइजर अखिलेश तथा बीएलओ ने नोटिस वितरण के संबंध मे जानकारी दी।

भ्रमणके दौरान एडीसीओ अवधेश सिंह, एडीसीओ अजय कुमार, आलोक कुमार शेखर, सुपरवाइजर लेखपाल अखिलेश, सचिव राहुल सिंह , सचिव कमलेश शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

# किसान मेले में जुटे सैकड़ों किसान, ली अच्छी उपज की जानकारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मिर्जापुर।। नमामि गंगे योजना से जुड़े बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सीखड़ विकासखंड के नंदूपुरपुर गांव में जैविक किसान मेले का आयोजित किया गया। जैविक कृषि मेला में किसानों से जैविक खेती करने का आह्वान किया गया।विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने कम लागत



में अधिक उत्पादन के तौर-तरीके बताए। रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से उपजाऊ भूमि बदलते स्वभाव एवं लगातार हो रही कार्बन की कमी को लेकर किसानों को आगाह किया। किसानों से पशुपालन कर पशुओं के गोबर से तैयार खाद का प्रयोग करने की अपील किया। किसानों को जैविक विधि से टमाटर,मिर्च,गोभी इत्यादि की हाईटेक नर्सरी डालने की विधि बताई गई। डॉ सुरेश ने किसानों को प्रकृति में जो भी उपलब्ध है , उसका समावेश करके खेती में प्रयोग कर अपनी उपज को बढ़ाने के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रेश यादव ने किया। कार्यक्रम में सिकन्दर यादव, पवन यादव, भुल्लन यादव, बचाऊं यादव सहित सैकड़ों किसानो ने मेले में आ कर कृषि संबंधित जानकारी ली।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

## आदिवासियों की जमीन हड़पने के लिए विधायक संजय पाठक पर भी लगाए गंभीर आरोप,

### मुख्यमंत्री के बयान पर पटवारी का पलटवार बयान,

**समाज जागरण**

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी शहडोल संभागीय दौरे पर आये उमरिया जिले सहित पाली में ब्लॉक कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया।इस दौरान पाली में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे और प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पमालाओं से अभि नंदन किया गया।

मीडिया से चर्चा करते हुए पटवारी ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पिछले 25 वर्षों में प्रदेशवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में प्रशासनिक व्यवस्था चरमराई हुई है और कांग्रेस कार्यकताओं को पुलिस कार्रवाई का भय दिखाया जाता है। भाजपा शासन में अब तो जिले के कलेक्टर भी डण्डा भांज रहे है।श्री पटवारी ने कहा की आखिर सरकार नाम की व्यवस्था है नहीं आपने ह्मुख्यमंत्री के बयान पर पलटवार करते हुए बीते दिनों मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शहडोल संभाग के धनपुरी में एक सभा के दौरान कहा था कि मैं अगर भगवान का नाम लेता हूं तो कांग्रेसियों की छाती पर सांप लोट जाता है।जिस पर आपने कहा की मोहन यादव जी माला लेकर दिन-रात भगवान का नाम जपें, हम उनका स्वागत करते हैं। लेकिन सरकार तो चलाना हैं, तो सरकार के अनुरूप चलाना पडेगा।श्री पटवारी ने विजय राघव गढ विधायक को आडे हाथों लेते हुए कहा की संजय पाठक पर भी आदिवासियों की भूमि हडपने के तीखे आरोप लगाये। आपने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासी समुदाय के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी और यहाँ तो भाजपा उन पर अत्याचार कर रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष के दौरे से जिले की राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है। कांग्रेस कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन तेज करने का संकल्प लिया। हालांकि वही जब पत्रकारों ने यूजीसी कानून को लेकर सवाल किया तो प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकारों के सवालों पर बिना जबाब दिए चलते बने।

# इलाज के नाम पर महिला को लगाए गलत इंजेक्शन तड़पती छोड़ अस्पताल से भागा डॉक्टर, पहले भी डॉक्टर के इलाज करने से कई की हो चुकी है मौत

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

शहडोल/।मानवता को शर्मसार और चिकित्सा जगत को कलंकित करने वाला एक सनसनीखेज मामला बुढ़ार के स्वास्तिक हेल्थ केयर अस्पताल से सामने आया है। यहां एक तथाकथित मसीहा डॉक्टर ने न केवल अपनी मयार्दा लांघी, बल्कि इलाज के नाम पर एक मरीज की जिंदगी दांव पर लगा दी। डॉक्टर की बदतमीजी और लापरवाही का आलम यह रहा कि इंजेक्शन लगने के बाद महिला की आंखों की रोशनी पर संकट आ गया है और डॉक्टर ने बेशर्मी की सारी हदें पार करते हुए तड़पती महिला को बीच मझधार में छोडकर फरार हो गया। भर्ती करने का दबाव

पीड़ित मनोहर लाल जगवानी ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में बताया कि 11 फरवरी की शाम करीब 7:30 बजे वह अपनी पत्नी बबिता जगवानी को चक्कर आने की शिकायत पर स्वास्तिक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां मौजूद डॉ. पीयूष कुमार सिंह ने बिना किसी जांच के मरीज को तुरंत भर्ती करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब मनोहर लाल ने घर पास होने की बात कहकर सुबह आने को कहा, तो डॉक्टर आगबबूला हो गया और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा।

जांच रिपोर्ट से पहले ठोंक दिए 3 इंजेक्शन

डॉक्टर की तानाशाही यहीं नहीं रुकी। बिना ब्लड रिपोर्ट, ईसीजी या एक्स-रे का इंतजार किए, डॉ. पीयूष ने महिला को ताबड़तोड़ तीन इंजेक्शन लगा दिए। इंजेक्शन लगते ही बबिता जगवानी की हालत अचानक गंभीर हो गई। उन्हें धुंधला दिखाई देने लगा और घबराहट बढ़ गई। जब घबराए परिजनों ने डॉक्टर से गुहार लगाई, तो जवाब सुनकर रूह कांप गई। डॉक्टर ने चिल्लाते हुए कहा जब मरने लगते हो तभी अस्पताल आते हो, मेरे भी बीवी-बच्चे हैं, रात भर तुम्हारी सेवा नहीं करता रहूंगा।

झोलाछाप मानसिकता वाला डॉक्टर इंसानियत को ताक पर रखकर डॉ. पीयूष कुमार सिंह गंभीर हालत में मरीज को बिना किसी प्राथमिक उपचार या डिस्चार्ज प्रक्रिया के अकेला छोडकर अस्पताल से रफूचक्कर हो गया। पूरी रात परिजन दहशत में रहे। अगली सुबह आनन-फानन में मरीज को शहडोल ले जाया गया, जहां डॉ. विमल प्रजापति के पास उनका उपचार शुरू हुआ। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन की वजह से पीड़िता की आंखों में आज भी गंभीर तकलीफ है और उन्हें साफ दिखाई नहीं दे रहा है। पीड़ित परिवार ने बुढ़ार थाना प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपी डॉ. पीयूष कुमार सिंह के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इलाज के नाम पर

दे चुके हैं कई को मौत- यह कोई पहली बार नहीं है इसके पहले भी डॉ पीयूष कुमार सिंह के द्वारा कई लोगों को इलाज के नाम पर पैसा आइडिने को लेकर और उनको गलत इंजेक्शन व दवाई देकर मौत के मुंह में धकेल चुके हैं , जिसको लेकर भी कई बार इनके ऊपर सवाल भी खड़े हो चुके हैं, फिर भी इन पर कोई कार्रवाई होती हुई नहीं दिखाई दे रही है, जिसके कारण इनके हौसले बुलंद है, और लगातार अपने गलत इलाज को लेकर सुर्खियों में छाए रहते हैं, जिस पर भी शासन प्रशासन को लेकर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं , और लोगों ने इस पर कार्यवाही की मांग की है '

# जन संपर्क,जन सेवा के लिए घर घर पहुँच विधायक सुश्री मीना सिंह ने चलाया अभियान

### जनता से हितग्राही मूलक योजनाओं की ली जानकारी ममता सिंह सरपंच के कार्य शैली की सराहना

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- मानपुर क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक सुश्री मीना सिंह इन दिनों पाली विकास खंड के गाँवो में घर घर पहुँच कर लोगों की समस्याओं के निराकरण करने में जुटी हुई है, इस बाबत बीते दिवस उन्होंने छह गाँवों का भ्रमण कर लोगों का हाल चाल जाना। महरोई ग्राम पंचायत के बंधवा वारा पहुचने पर उनका स्वागत महरोई ग्राम पंचायत की सरपंच श्री मती ममता सिंह ने विधायक सुश्री मीना सिंह का भव्य स्वागत, वंदन अभिनंदन किया। इस दौरान उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष अशोक नायक, जिला मंत्री अमृत लाल जयसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता राम दयाल यादव अमिलिहा सरपंच वैंकट सिंह खैरवार, भिम्माडोगरी के सरपंच बिन्द कुमार, विनय केवट, सुरेश सिंह जी साथ रहें। विधायक ने ममता सिंह सरपंच के घर पर ही लोगों का जमावड़ा लग गया। विधायक ने सबका कुशलक्षेम पूंछा और शासन के व्दारा मिलने वाली



योजनाओं के बारे में जानकारी ली।

विधायक इन दिनों क्षेत्र भ्रमण करते हुए लोगों को मिलने वाली हितग्राही मूलक योजनाओं की निगरानी कर उन्हें जनता तक सीधे, और सुगमता पूर्वक पहुँच रही हैं कि नहीं उसकी असलियत जानने के लिए हर व्यक्ति से मुखातिर होने का प्रयास कर रही है। सुश्री विधायक जी ने ग्रामीण जनों से कहा की शासन की योजना मिलने पर कही भी समस्या आती है तो आपके लिए सदैव मेरे दरवाजे खुले है, आप कभी भी कही भी आप मिलकर मुझे बता सकती है, उसका तत्काल समाधान किया जायेगा, साथ ही दोषियों को बक्सा नहीं जायेगा। सुश्री मीना सिंह ने महरोई सरपंच ममता सिंह के कार्य शैली की सराहना करते हुए कहा कि ममता बहन सुलझी और समस्याओं के त्वरित निराकरण की क्षमता रखती है, यही वजह है कि वह सीधे जनता से जुडकर काम कर रही है, यही काबिलियत से उन्हें दुबारा सरपंच पद की ताजपोशी मिली है।

विधायक सुश्री मीना सिंह ने महरोई के साथ भिम्माडोगरी, अमिलिहा, सेमरिहा ग्राम पंचायत में जनता से मिलने उनके घर घर पहुंच रही है। जन संपर्क और जन सेवा के लिए विधायक के इस कदम की चहुँ ओर सराहना की जा रही है।

# बजट को लेकर प्रतियोगिता हो रही आयोजित

## क्विज के विजेता को प्रधानमंत्री से संवाद का मिलेगा मौका

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केंद्रीय बजट को लेकर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

भारत की युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के लिए बजट क्वेस्ट 2026 एक अनूठा मंच है। मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की यह पहल यूनियन बजट की जन - समझ बढ़ाना और युवा सहभागिता सुनिश्चित कर बजट को लोगों के जीवन से जोड़ने और उसे सरल व समझने योग्य बनाने का प्रयास है।

मेरा युवा भारत शहडोल की जिला युवा अधिकारी श्रीमती कीर्ति कुहर और लेखा एवं कार्यक्रम सहायक मनीष चौहान संयुक्त रूप से बताया कि यह क्विज वर्चुअल तौर पर मेरा युवा भारत (माई भारत) की वेबसाइट पर लाइव है। इसमें भाग लेकर राष्ट्रीय स्तरीय विजेताओं को प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी से सीधे संवाद का अवसर प्राप्त किया जा सकता है। विजेता युवा अपने विचार सीधा देश के सर्वोच्च नेतृत्व के समक्ष साझा कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता 3 फरवरी से प्रारंभ है जो 17 फरवरी तक चलेगी। 17 फरवरी को क्विज का परिणाम घोषित होंगे एवं देश के प्रत्येक जिले से चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु आगे बढ़ेंगे।

मेरा युवा भारत शहडोल की जिला युवा अधिकारी श्रीमती कीर्ति कुहर और लेखा एवं कार्यक्रम सहायक मनीष चौहान ने शहडोल जिले के सभी युवाओं से आह्वान किया है, कि वें अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़े एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# विकास की नई राह, मंत्री दिलीप जायसवाल ने बहेराबांध में किया करोड़ों के कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण

**समाज जागरण**

कोतमाः-क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक और मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल के कर-कमलों से ग्राम पंचायत बहेराबांध में विकास कार्यों की सौगात दी गई। इस अवसर पर आयोजित भव्य 'भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम' में मंत्री श्री जायसवाल ने क्षेत्र की प्रगति के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



**इन कार्यो का हुआ शुभारंभ**

कार्यक्रम के दौरान दो प्रमुख शिलापट्टिकाओं का अनावरण किया गया जो क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और सांस्कृतिक उत्थान में मील का पत्थर साबित होंगी जिसमे हाट बाजार कॉम्प्लेक्स निर्माण (भूमिपूजन) मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अधो संरचना योजना के अंतर्गत 25 लाख की लागत से बनने वाले इस कॉम्प्लेक्स से स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों को बेहतर बाजार सुविधाएं प्राप्त होंगी। सांस्कृतिक मंच निर्माण (लोकार्पण) जिला प्रतिष्ठान मद (2025-2026) से 3.50 लाख की लागत से नवनिर्मित सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण किया गया जो गांव के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा।

**गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल जनपद सदस्य गेदिया बाई सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता पुरुषोत्तम साहू एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी चौधरी मंडल अध्यक्ष राजेश वर्मा सरपंच मनमोहन सिंह उपसरपंच दीपिका अहिरवार गोपाल कुशवाहा तुलसी मिश्रा सहित स्थानीय पंचगण प्रशासनिक अधि कारी के रूप एसडीएम टी.आर नाग,नायब तहसीलदार धनीराम सिंह सीईओ ममता मिश्रा सचिव दिलीप कुमार शर्मा और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**जनता का आभार और मंत्री का संबोधन**

मंत्री दिलीप जायसवाल का ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। अपने संबोधन में मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंतिम छोर के व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए संकल्पित है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही है योजनाओं को भी बताया साथ ही बहेराबांध में हाट बाजार का निर्माण स्थानीय अर्थ व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।

# शहडोल जिले में भाजपा के पितृपुरुष, प्रख्यात विधि विशेषज्ञ, कर्मयोगी एवं समाज सेवा के अग्रदूत, पूर्व विधायक स्वर्गीय लल्लू सिंह की 12वीं पुण्यतिथि श्रद्धा, गरिमा और संगठनात्मक एकजुटता के साथ लल्लू सिंह चौक पर मनाई गई।

**समाज जागरण विजय तिवारी शहडोल।**



लल्लू सिंह चौक में आज स्वर्गीय लल्लू सिंह की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में राजनीतिक, सामाजिक और पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। पुण्यतिथि के अवसर पर स्व. श्री लल्लू सिंह की प्रतिमा पर उनके पुत्र अरुण प्रताप सिंह (प्रधान न्याया धीश), पौत्री अर्पिता सिंह एवं महेश सिंह ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उपस्थित जनसमूह ने पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन किया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरधर प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुपम अनुराग अवस्थी, दिनेश दीक्षित एड., महेन्द्र सराफ एड., राजेश्वरनाथ उदानिया, दाउराम पाण्डेय,, प्रवीण शर्मा डाली (नपा उपाध्यक्ष), महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती निभागुप्ता सत्यभामा गुप्ता, संचिता सखटे, बृजेन्द्र सिंह, दुर्गेश सिंह, योगेन्द्र चतुर्वेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, अनिल द्विवेदी, राकेश महिन्द्रा, दिलीप खेर, संतोष लोहानी, प्रकाश जगवानी, राकेश सैनी पप्पू, विजय जसवानी, महेश भागदेव, कमल प्रताप सिंह (पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष), श्रवण शर्मा, दिलीप मिश्रा, व्यंकट राव, मोतीलालसिंह (स्वच्छता निरीक्षक), शीतल पोद्दार,तेजप्रताप सिंह ( पत्रकार), मनोज सिंह (पत्रकार), विनोद पाण्डेय, प्रदीप सिंह चुनिया, राजेश तिवारी, महेश सोनी (विश्व हिंदू परिषद), सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे और सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की। प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात पूर्व जिला अध्यक्ष अनुपम अनुराग अवस्थी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्व. लल्लू सिंह संभाग ही नहीं बल्कि प्रदेश स्तर पर एक विशिष्ट पहचान रखने वाले नेता थे। उन्होंने भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित राजनीति को केवल सिद्धांत तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे अपने सार्वजनिक जीवन में व्यवहारिक रूप दिया। उन्होंने कहा कि स्व. सिंह ने तात्कालिक समय में प्रचलित पूंजीवादी और समाजवादी व्यव स्थाओं से अलग हटकर मानवता, नैतिकता और जनसेवा पर आधारित राजनीतिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। वे कार्यकताओं को संगठन की आत्मा मानते थे और हर स्तर पर संवाद को प्राथमिकता देते थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरधर प्रताप सिंह ने कहा कि स्व. लल्लू सिंह की कार्यशैली अनुशासन, समर्पण और संगठनात्मक मजबूती पर आधारित थी। वे प्रत्येक कार्यकर्ता की क्षमता को पहचानते थे और उसी अनुरूप जिम्मेदारी सौंपते थे।

संगठन, संपर्क, प्रवास और सतत संवाद को वे राजनीतिक जीवन की आधारशिला मानते थे। वक्ताओं ने कहा कि स्व. लल्लू सिंह का जीवन सादगी, स्पष्टवादिता और जनसमर्पण का उदाहरण रहा। उन्होंने सदैव जनहित को सर्वोपरि रखा और समाज के सभी वर्गों के साथ आत्मीय संबंध बनाए। पुण्यतिथि समारोह में उपस्थित जनसमूह ने उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प व्यक्त किया। पू हैरे कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा, सम्मान और संगठनात्मक एकता की भावना से ओतप्रोत रहा।

# अनूपपुर जिला अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर / कहा जाता हैं कि सत्य की हमेशा विजय होती है। यह सही है कि हमेशा सत्य ही जीतता है। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि न्यायालय मे सत्य कभी पराजित भी हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि वहां सत्य अकेला होता है, संगठित नहीं होता। सत्य की विजय के लिये जिस स्तर की तैयारी की जानी चाहिये , वह नहीं की जाती। महाभारत के मैदान में पाण्डवों के साथ भगवान श्रीकृष्ण थे। लेकिन कलयुग मे कृष्ण जी हमेशा और हर जगह नहीं आ सकते। इसके लिये आपको स्वयं उच्च स्तर की तैयारी करना चाहिये। अदालत मे क्लाईंट को न्याय दिलवाने के लिये अधिवक्ता ही कृष्ण हैं। उपरोक्त विचार उच्च न्यायालय के पोर्ट फोलियो जज न्यायाधिपति श्री भगवती प्रसाद शर्मा ने जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह मे व्यक्त किये।

शपथग्रहण समारोह में सपत्नीक श्रीमती रंजना शर्मा के साथ शामिल हुए और जिला सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्व,लाल, जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती अर्चना कुमारी, जिला अधिवक्ता संघ के



अध्यक्ष संतोष सिंह, दिनेश नारायण पाठक, अखंड प्रताप सिंह के साथ एडीएम दिलीप पाण्डेय, एडि एसपी जे पी मरकाम,एसडीएम कमलेश पुरी सहित अधिवक्ता गण और पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने आशुतोष मुखर्जी के दृष्टांत का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि उनके सामने एक बिल लाया गया, जो अरेबिक में था। उसके ट्रांसलेशन से वो संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने अरब देशों से पुस्तकें मंगवाईं और चार महीने अरेबिक भाषा सीखी।

अधिवक्ताओं को क्लाईंट को रिलीफ दिलवाने के लिये या उसे न्याय दिलवाने के लिये अदालत मे खडे होने से पहले पूरी ईमानदारी से मेहनत करनी चाहिए । अपने पेशे के प्रति पूर्ण ईमानदार होना चाहिये।उन्होने कहा कि जूनियर अधिवक्ताओ को सीनियर्स से गाईडेंस लेना ही पर्याप्त नहीं है। लक्ष्य तक पहुंचने के लिये मेहनत तो करना ही पडेगा ।

न्यायाधिपति श्री शर्मा ने चुटकी लेते हुए कहा कि जब कोई केस अधिवक्ता तक आता है ति उसे यह पता होता है कि यह मामला कोर्ट मे नहीं टिकेगा। इसके बावजूद अधिवक्ता क्लाईंट को अश्योर करता है कि तुम जीत जाओगे और निर्णय तुम्हारे पक्ष मे ही होगा।

उन्होने एक किस्से के माध्यम से ऐसे आचरण पर तंज करते हुए कहा कि एक व्यक्ति को बच्चा नहीं हो रहा था। किसी के बतलाने पर वह भैरव बाबा के मन्दिर गया। उसने सोचा कि रोज मन्दिर कौन आएगा , वह भैरव बाबा की मूर्ति ही घर उठा लाया। साल भर खूब उनकी पूजा की, रोज हलवा - पूडी का प्रसाद चढाया लेकिन एक साल बाद तक बच्चा नहीं हुआ तो उसने भैरव जी की मूर्ति के पास भैंस ला कर बांध दी । किसी ने पटाखा फोड़ा तो भैंस खूटा उखाड कर भाग खडी हुई। साथ मे भैरव जी की प्रतिमा भी भैंस के साथ दुर्गा मन्दिर तक पहुंच गयी। तब दुर्गा मैया ने पूछा कि अभी तक कहां थे। तो भैरव बाबा ने बच्चे वाला किस्सा बतलाया। दुर्गा मैया ने कहा कि जब तुम्हे पता था कि उसे सात जन्म तक बच्चा होने का योग नहीं है तो क्यों उसके यहाँ मुफ्त का हलवा पूडी खाते रहे।

अधिवक्ताओं को भी पता होता है कि इस केस में कुछ होना नहीं है । इसके बाद भी क्लाईंट को सही सलाह नहीं देना पेशे से ईमानदारी नहीं होती इससे छवि खराब होती है और लोगों का भरोसा खतम होता है।

श्री शर्मा ने फेयरनेस जैसे महत्वपूर्ण बिन्दु को स्पष्ट करने के लिये तुलसीदास जी और गणेश जी की कहानी सुनाते हुए कहा कि अुँ८ श्री राम सीता के लिये तुलसीदास जी का जैसा समर्पण था ,वैसा ही आपका कमिटमेंट सच्चा और ईमानदार होना चाहिए । उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि सीखने ,पढने के लिये कोई उम्र नहीं होती। सतत अध्ययन और सीखने की ललक होनी चाहिए । इससे पूर्व जिला सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल , दिनेश नारायण पाठक, अखंड प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष संतोष सिंह अधिवक्ता अखिलेश सिंह, हनुमान शरण तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किये।

जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने उद्घाटन भाषण देते हुए मंचासीन अतिथियों का भावपूर्ण स्वागत किया। आभार प्रदर्शन रामकुमार राठौर ने किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम का उत्कष्ट संचालन कोतमा के एडीजे श्री गंगाचरण दुबे ने किया। म प्र न्यायिक कर्मचारी संघ शाखा जिला अनूपप्रु के राजेश द्विवेदी ने स्वागत किया। नव निर्वाचित पदा धिकारियों को मुख्य अतिथि ने औपचारिक शपथ दिलवाते हुए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का गौरव उत्कृष्ट मंच संचालन था। जबकि अल्प समय मे कार्यक्रम की बेहतरीन व्यवस्था एडवोकेट सनी सिंह एवं उनके सहयोगियों ने की। शपथ ग्रहण समारोह के आकर्षण का केन्द्र अधिवक्ताओं द्वारा मुख्य अतिथि का सत्तर से अधिक मालाओं से भावभीना स्वागत था।

# जीतू पटवारी की जनाक्रोश रैली,

### जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में हुई फलॉप पत्रकारों की सुरक्षा पार्टी की जिम्मेदारी: जीतू पटवारी जिले में इसके ठीक विपरीत उल्टी तस्वीर

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल ' जिले में एक सूबे के मुखिया मोहन यादव को काले झंडे दिखाने मामले में लगभग चालीस लोग जब सीएम की सभा के बाद आसानी से रिहा हो जाते है लेकिन 2 लोगो सहित नाबालिग गिरफ्तार कर जेल भेजे जा रहे थे उस समय जिला नेतृत्व करने वालो ने इस नाबालिग को पहचानन्ने से इंकार करने के बाद ही पुलिस ने असामा जिक तत्व समझकर जेल भेज दिया होगा ' पर सवाल इस बात का है कि जब पुलिस पूछ रही थी तो उसी समय कहना था हमरा कार्यकर्ता है तब तो जेल भेजवा दिया ' फिर क्यों राजनीति कि विसात नाबालिग बच्चे के नाम पर बिछाई गई ' वाह जिला अध्यक्ष और वाह प्रदेश अध्यक्ष 'जबकि इसी मामले में गिरफतारी के बाद कांग्रेस नेता सुफियान खान ने उक्त मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गिरफ्तारियां चेहरा देखकर की जा रही थीं। उन्होंने जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी पर आरोप लगाया कि जब बुढार थाने में कार्यकताओं की पहचान कराई जा रही थी, तब उन्होंने सत्यम प्रजापति को पहचानने से इनकार कर दिया, जिसके कारण एक नाबालिग छात्र नेता को जेल जाना पड़ा। हालांकि बाद में इस बयान से पार्टी की साख के लिए इस लाइन को दबाकर बैठ गए '

**गिरेबान झाकने की जरुरत....**

जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जनाक्रोश रैली में तय सर्किट हॉउस की पत्रकारवार्ता को प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कलेक्ट्रेट में ही सम्बोधित किया, पत्रकारों ने सवाल दागे तो पटवारी दिल्ली, अमेरिका और पीएम मोदी का हाल बताने लगे और कहा विपक्ष को मजबूत करने में पत्रकारों की अहम्-भूमिका है पत्रकारों आप हमे सहयोग करे, तो पत्रकारों ने पूछ लिया आपकी कांग्रेस पार्टी कहा थी जब 18 पत्रकारों का कलेक्टर ने जिला बदर करने की नोटिस दे दी थी ' पटवारी ने मामले की गंभीरता समझते हुए कहा की जिला अध्यक्ष अजय अवस्थी जी पार्टी की पूरी जिम्मेदारी है हम ऐसी स्थिति में पत्रकारों का साथ दे और कही भी पत्रकारों पर हमले हो तो उनका साथ दीजिये आप पत्रकार मुझे डाइरेक्ट भी फोन कर सकते है ' सवाल के जवाब में फस चुके जीतू पटवारी से स्थानीय वरिष्ठ पत्रकार ने पूछा आप मोहन सरकार को माफिया की सरकार बोल बोल कर कोस रहे है आपकी पार्टी में जिला अध्यक्ष कितने पाक साफ आप ही बताइये .... यह खुद भूमाफिया की श्रेणी में है शहडोल में भू माफिया का भी राज है इस पर कोई कुछ नहीं बोला फिर एक सवाल हुआ ... आपकी पार्टी को पत्रकारों को सुरक्षा देने की बात कर रही है आपकी पार्टी का तथाकथित भूमाफिया भ्रष्ट पदाधिकारी पत्रकार की हत्या करने गुंडे भेजता है, शासकीय, आदिवासियो की भूमि फर्जी तरीके से कब्जा कर बिक्री करता है... ऐसे सवाल होते ही अजय अवस्थी का चेहरा देखने लायक था, वही जो जीतू पटवारी भाजपा सरकार और जिला प्रशासन पर ऊँगली दिखाकर सवाल करते नजर आ रही थे वो पत्रकारों के जवाब से कन्नी काट निकल गए '

**क्या कहते है जानकर...**

विधिक मामले में जानकार एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह ने एक गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गिरफ्तार लोगों में सत्यम प्रजापति नाबालिग है। उनके अनुसार सत्यम की जन्मतिथि 22 मई 2008 है, जो उसकी दसवीं की अंकसूची और अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। इस आधार पर गिरफ्तारी की तारीख 8 फरवरी को उसकी उम्र 18 वर्ष से कम थी, यानी वह विधिक रूप से नाबालिग था। प्रशासन राजनीतिक दबाव में काम कर रहा है और सभी जिम्मेदार अधिकारियों को हाईकोर्ट में जवाब देना होगा। कांग्रेस ने इस मामले में न्यायालय की शरण लेने की बात कही है। लेकिन जिला पदाधिकारी नाबालिग को रहत दिलाने मामले में कोई कदम नहीं उठा पाए एक कदम जरूर उठा कलेक्टर की शिकायत कलेक्टर से करने जरूर पहुंच गए ' जो किसी नादानी से कम नहीं था '

**कहा था जेल भरो आंदोलन होगा...**

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित सिंह ने कहा कि कलेक्टर द्वारा जिस तरह से लाठीचार्ज किया गया, उसकी सूचना प्रदेश नेतृत्व को दे दी गई है। जल्द ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी शहडोल आ सकते हैं और इस मामले को लेकर जेल भरो आंदोलन भी किया जाएगा। कांग्रेस का आरोप है कि निहत्थे कार्य कताओं पर कार्रवाई कर प्रशासन ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है। लेकिन जीतू पटवारी आये तो शहडोल इसी प्रोमोशन के साथ फिर संभवतः पार्टी की अंदरूनी फूट को भांपते हुए शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन देकर इतिश्री कर ली गई '

**एनएसयूआई ने बचाई लाज...**

शहडोल की जनता इस बात को ऐसे समझे की साप भी मर गया लाठी भी नहीं टूटी कलेक्टर का डंडा भी नहीं झुका ' जिसके लिए शहडोल से प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व को शहडोल में हुंकार भरनी थी सूत्रों के हवाले से खबर यह भी है जनसुनवाई मंच पर करने वाले जीतू पटवारी की सभा में जिला अध्यक्ष अजय अवस्थी समां बांधने में फेल रहे वही पोस्टर में लगी बड़ी बड़ी तस्वीरों वाले नायको ने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व वाली जनाक्रोश रैली को तरजीह नहीं देना चाहते थे इस लिए जनता काम आई शहडोल अनूपपुर डिंडोरी उमरिया मिलाकर भी कॉग्रेस की जनाक्रोश रैली में लगभग दो हजार लोगो की भीड़ नहीं जुटा पाई, भले ही ड्रोन से लिए गए वीडियो में भीड़ भाड़ दिखाई दे रही है लेकिन उस भीड़ में भी एनएसयूआई की लोगो की भीड़ और झंडा साफ तौर पर लहराते हुए दिखाई दे रहा है '

**क्या कहता है विपक्ष...**

इस मामले में तो जीतू पटवारी को राजधानी से ही विश्वाश सारंग एवं शहडोल से अमित मिश्रा ने ही जनाक्रोश रैली को नाबालिग के नाम सियासी रोटी सेकने का जोरदार तंज कसकर 50 प्रतिशत तो चित्त कर दिया था वही जनता और पुलिस प्रशासन की भी दो टूक थी की जब वार्षिक परीक्षा थी तो काळा झंडे दिखने गया क्यों था ' जिसका किसी कांग्रेस पार्टी कार्यकर्त्ता और पदाधकारी के पास कोई जवाब नहीं था '

**पार्टी पद बना "सुरक्षा कवच"...**

जीतू परवरी ने कहा रेत कोयला का भण्डार अवैध कारोबारी प्रशासन से मिलकर हड़प रहे है मतलब आपको भोपाल से जानकारी मिल गई तो आपने कितने बार इस बात को विधानसभा में उठाया ' वही उन्होंने कहा शहडोल में माफिया राज है तो उनके जिला अध्यक्ष सहित उनके परिवार के पास सैकड़ो एकड़ जमीन आई कहा से स्पस्टीकरण पार्टी क्यों नहीं मांग रही है ' तत्कालीन कलेक्टर ने जिला अध्यक्ष का कार्यालय जो शासकीय तालाब भीठा दर्ज है यानि तालाब की भूमि पर बना हुआ है ' वही शहडोल कलेक्टर कार्यालय में लंबित निगरानी गुंडे बदमाशों की लिस्ट में उनके रिश्ते में भाई का नाम 2024 से दर्ज है जिला बदर का प्रकरण कलेक्टर में लंबित बताता है की अपराध पृष्ठ्भूमि के लोगो ने पार्टी का चोला अपने बचाव के लिए ओढ़ रखा हुआ है इससे भले ही पार्टी को कोई लाभ नहीं है लेकिन जिला प्रशासन इनकी गिरिबान में हाथ डालने से डरे इनका खौफ बरकारार रहे जिला अध्यक्ष की महज इतनी ही राजनीति है इस बात पर शीर्ष नेतृत्व को गहन चिंतन करने की आवश्यकता है ' शहडोल का कांग्रेस नेतृत्व पार्टी के झंडा नहीं उठाकर रहा है अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति पर प्रशासन कार्यवाही ना करे सफेदपोश खद्दर ओढ़ रखा हुआ है '

# अश्वनी जैन का राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर जे डी आगरा ने जताया हर्ष

**समाज जागरण**



सिरसागंज !आगरा मण्डल के जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिर सागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है।

डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल, संयुक्त शिक्षा निदेशक, आगरा मण्डल आगरा ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि जैन कई वर्षों से इस पुरस्कार के प्रतिभागी रहे, वह विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। उनके द्वारा विद्यालय में सभी गतिविधियों में पूर्ण सक्रियता रहती है।

अश्वनी कुमार जैन ने जे डी आगरा, डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल के साथ समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है, उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके।

# 33वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ, नौ ब्लॉकों के खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**समाज जागरण-ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। दाऊ दयाल स्टेडियम में खेलो इंडिया के तहत 33वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा रहे, जबकि अध्यक्षता बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडे ने की।

जनपद के नौ ब्लॉकों से आए छात्र-छात्राओं ने मार्चपास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई और प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में विधायक असीजा ने कहा कि अपने से बेहतर खिलाड़ी का सम्मान करना सीखें, तभी खेल की असली भावना जीवित रहती है। उन्होंने कहा कि खेल हमेशा जीतने के लिए खेलना चाहिए, लेकिन अनुशासन और सम्मान के साथ। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलो इंडिया अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया।

बीएसए आशीष कुमार पांडे ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं और ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना विकसित होती है।

प्रतियोगिता में एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल विधाओं में मुकाबले आयोजित किए गए। विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# जागो तो एक बार हिंदू, जागो तो..........., जय जय श्रीराम, भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से सुहागनगरी की सड़के शनिवार प्रातः गूंजती हुई नजर आई।

**समाज जागरण-ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। विदित हो कि नगर के रामलीला मैदान में 17 फरबरी को विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इसी के निमित्त सभी हिंदुओं को आव्हान हेतु एक आमंत्रण यात्रा नगर के विविध मार्गों से गाजे बाजे के साथ निकली।

आमंत्रण यात्रा का प्रारंभ शहर के सुप्रसिद्ध राज राजेश्वरी कैला देवी मंदिर से हनुमान चालीसा के साथ विभाग प्रचारक अखिलेश , महानगर प्रचारक शेखर , महानगर संघचालक प्रदीप और समिति के सचिव संदीप एवं समिति कोषाध्यक्ष सुनील ने किया। आमंत्रण यात्रा में मातृ शक्ति, युवा शक्ति, संत शक्ति और सज्जन शक्ति ने पूरे मनोभाव से हिस्सा लिया। यह यात्रा मटका बाली बिल्डिंग, गंज चौराह, सेंट्रल चौराह, बर्फखाना चौराहा, फिरोजाबाद क्लब, झील की पुलिया, अहिल्याबाई मूर्ति के निकट से कोटला चुंगी होते हुए कैला देवी मंदिर पर समाप्त हुई।

यात्रा मार्ग में जगह जगह पुष्पवर्षा की गई तो वहीं आमंत्रण यात्रा के स्वागत और सत्कार के लिए आकर्षक रंगोली सजाई गईं। आमंत्रण यात्रा में सम्मिलित सभी हिन्दू जनों को मार्ग में पानी व अल्पाहार की व्यवस्था भी समाज के लोगों द्वारा की गई।

आमंत्रण यात्रा में शामिल सभी कार्यकर्ता प्रत्येक हिंदू से विराट सम्मेलन में सम्मिलित होने का आव्हान कर रहे थे। पत्रक आदि के द्वारा कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी लोगों तक पहुंचाई।

इस अवसर पर वीर हनुमान हिन्दू सम्मेलन समिति के पदाधिकारी और संघ के कार्यकताओं के अतिरिक्त समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# "महाशिवरात्रि मेला महोत्सव हवन यज्ञ के द्वारा प्रारंभ हुआ"

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद परंपरागत रूप से हर वर्ष की बात इस वर्ष महाशिवरात्रि मेला महोत्सव आज प्रातः 10:00 बजे यज्ञशाला में हवन यज्ञ संपन्न कराया गया जिसमें मुख्य रूप से मेला अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता महासचिव विजय पहलवान डॉ डी आर वर्मा डॉक्टर उदयवीर सिंह यादव पंडित दिनेश चंद्र शर्मा बाबा रामपाल श्रीनिवास कुशवाहा रामा कांत झा दिनेश यादव कृष्ण मुरारी गुप्ता हजारीलाल कुलभूषण सुनील गुप्ता गैस वाले महिला मंडल की अध्यक्ष के श्रीमती केसर्वती एवं श्रीमती ज्योति गुप्ता आज ने हवन यज्ञ में शामिल होकर वेद मंत्रोके साथ वेदों की रिचा हूं के साथ हवन यज्ञ संपन्न कराया गया इस अवसर पर मेला कमेटी के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे महादेव श्री मुक्तेश्वर महादेव बाबा मंदिर स्वर्ग आश्रम स्थित मेला प्रांगण में शाम को जादूगर देव एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये

# आईपीएस अभिषेक झा का दो साल का कार्यकाल बेमिसाल, एम आर पाशा

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



अपराधियों में खौफ -जनमानस में विश्वास बिजनौर। जनपद बिजनौर में कानून व्यवस्था की कमान संभाल रहे पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा का दो वर्षीय कार्यकाल उपलब्धियों, सख्ती और संवेदनशील पुलिसिंग के लिए याद किया जाएगा। उनके इस बेमिसाल कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने कहा कि उनके नेतृत्व में चलाया गया अपराध उन्मूलन अभियान न केवल प्रभावी रहा, बल्कि अपराधियों के बीच पुलिस का खौफ भी साफ नजर आया।

अपने कार्यकाल के दौरान कप्तान अभिषेक झा ने यह साबित किया कि मजबूत नेतृत्व, त्वरित कार्रवाई और टीम वर्क से किसी भी जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। बदमाशों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने मुठभेड़ों और धरपकड़ के जरिए अपराधियों को कड़ा संदेश दिया–गोली मारोगे तो गोली खाओगे‚ की नीति को सख्ती से लागू किया गया। परिणामस्वरूप कई वांछित अपराधी जेल की सलाखों के पीछे पहुंचे और अपराध पर प्रभावी अंकुश लगा।

पुलिस अधीक्षक की सबसे बड़ी विशेषता रही उनकी मौके पर तत्काल उपस्थिति। किसी भी बड़ी घटना पर स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण करना, टीम का मनोबल बढ़ाना और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करना उनकी कार्यशैली का अहम हिस्सा रहा। इससे न केवल पुलिस बल का आत्मविश्वास बढ़ा, बल्कि आम जनता में भी सुरक्षा की भावना मजबूत हुई।

अभिषेक झा के नेतृत्व में जनपद में सभी धर्मों के त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराए गए। उन्होंने सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए लगातार संवाद और निगरानी की रणनीति अपनाई।

महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए महिला शक्ति मिशन के अंतर्गत थानों और चौकियों पर विशेष बैठकें आयोजित की गईं। छात्राओं की सुरक्षा के लिए स्कूलों के आसपास गश्त बढ़ाई गई और जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। दिव्यांगजन, बुजुर्ग और गरीबों को न्याय दिलाने के लिए भी पुलिस प्रशासन ने तत्परता दिखाई।

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम. आर. पाशा ने पुलिस अधीक्षक के दो साल पूर्ण होने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनकी कार्यप्रणाली प्रेरणादायक है और ऐसे ही कप्तान पुलिस विभाग की शान होते हैं, जो जनता में विश्वास और अपराधियों में भय पैदा करते हैं।

जनपद बिजनौर में अपराध नियंत्रण, बेहतर पुलिसिंग, त्वरित अनावरण और जनसहभागिता–इन सभी मोर्चों पर आईपीएस अभिषेक झा का कार्यकाल एक मिसाल बन चुका है। उम्मीद की जा रही है कि आगे भी उनका नेतृत्व इसी तरह जनपद को सुरक्षित और सशक्त बनाए रखेगा।

# वार्षिकोत्सव और फेयरवेल समारोह में मचाया धमाल

## छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**




शिकोहाबाद। इंदु इंटर कालेज में शनिवार को वार्षिकोत्सव और फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इंटर की छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यकम की प्रस्तुतियां देकर समाँ बांध दिया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी सत्यवीर सिंह ने की । कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर विद्यालय के प्रबंधक डा. देवेंद्र प्रताप सिंह और प्रधानाचार्या गार्गी यादव ने किया। इसके बाद छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी । कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य शिवम यादव और श्याम यादव ने अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया । कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि विद्यालय दिनों दिन अपनी ऊंचाइयों पर जा रहा है। विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास हो रहा है। इस अवसर शनि यादव,आरती यादव आदि उपस्थित रहे। संचलान प्रशांत ने किया । विद्यालय की प्रधानाचार्य गार्गी यादव और प्रबंधक डाक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा के विश्व प्रसिद्ध मौलाना सैयद शबाब नकवी नये प्रशासक नियुक्त

## मौलाना सैयद शबाब नकवी की नियुक्ति पर अकीदतमंदों में खुशी की लहर

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



नजीबाबाद। आफताब ए शरीयत कायदे मिल्लत हुज्जत उल इस्लाम वल मुस्लेमीन मौलाना सैयद कल्बे जवाद की सरपरस्पी मे उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने अहम फैसला लेते हुए विश्व प्रसिद्ध मौलाना सैयद शबाब नकवी को दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द, जोगीपुरा (जिला बिजनौर) का प्रशासक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति की खबर मिलते ही मौलाना सैयद शबाब नकवी के चाहने वालों मे और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में खुशी की लहर दौड़ गई।

आप को बता दे की एक अहम फैसले के बाद उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने अहम फैसला लेते हुए विश्व प्रसिद्ध मौलाना सैयद शबाब नकवी को दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द, जोगीपुरा (जिला बिजनौर) का प्रशासक नियुक्त किया है। मौलाना सैयद शबाब नकवी के दरगाह का प्रशासक नियुक्त अकीदतमंदों, उलेमा-ए-किराम और सामाजिक संगठनों ने इसे दूरअंदेशी कदम बताते हुए उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी के फैसले की सराहना की है। लोगों का कहना है कि मौलाना शबाब नकवी अपनी इल्मी काबिलियत, दीनी सूझ-बूझ और खिदमत-ए- खल्क के जज्बे के लिए जाने जाते हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि उनकी कयादत में दरगाह का प्रशासन और मजबूत होगा, पारदर्शिता बढ़ेगी तथा अकीदतमंदों को बेहतर सहूलतें मिलेंगी।

इस मौके पर मौलाना सैयद शबाब नकवी के लिए सेहत, हिम्मत और कामयाबी की दुआएं की गईं।

# रमजान और होली के पर्व को लेकर सम्भल सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ ने अपने कार्यालय पर किया बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**

।संभल। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगो ने रमजान में सहरी और इफ्तार के समय माइक,लाउडस्पीकर, लगवाने के लिये मांग की है इस पर फिरोज खाँ ने कहा है जल्द जिला प्रशासन से मिलकर इस समस्या का समाधान करायेंगे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई बिजली पानी व सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील। करेंगे

सम्भल। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ ने बैठक में अपने विचार रखते हुए कहा कि रमजान का पाक महीना शुरू हो रहा है और इस दौरान रोजेदारों को सेहरी व इफ्तार के समय सूचना देने,के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में माइक व लाउडस्पीकर की आवशकता होती है हम जिला प्रशासन से मांग करेंगें की जल्द माइक लाउडस्पीकर,साफ सफाई,बिजली आपूर्ति और मस्जिदों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की व्यवस्था कराये।

फिरोज खाँ ने कहा कि होली और रमजान के पर्व को देखते हुए रोजेदारों की सुविधा और सम्मान के मद्देनजर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में पूरी व्यवस्था करने के आदेश दिए जाएं। बैठक में शामिल रहे अकील खाँ जाहिद खाँ नासिर झुनन मुस्तकीम बिलाल युसुफ जुबैर मेहरजान,आमिर हुसैन,बदरूलहसन,आरिफ खाँ, सलीम अली,जान वारिस,अहमद मो शान,मोनिस कुरैशी,,बिलाल खाँ, अजमत खाँ सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# अंतरराष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भारत की बांध सुरक्षा रूपरेखा को मजबूत करने वाले विशेष दिशानिर्देश जारी और डिजिटल प्लेटफॉर्म का आरंभ

## इन उपायों से एक समान डिजाइन फ्लड एस्टिमेशन और जोखिम की सूचना पर आधारित फैसले लेने में मदद मिलने की आशा

**एआई -पावर्ड चैट प्लेटफॉर्म और डेटा मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म शुरू, डिजाइन फ्लड एस्टिमेशन पर दिशानिर्देश भी जारी**

अंतरराष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन (आईसीडीएस) 2026 बड़ा वैश्विक मंच है जो बांध सुरक्षा और जल अवसंरचना प्रबंधन के क्षेत्र में जानकारी, नीति और अभ्यास को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है। यह सम्मेलन भारत और दुनिया भर के विनियामक, बांध मालिक, इंजीनियर, शोधार्थी, नीति निमार्ता और उद्योग से जुड़े पेशेवरों को एक मंच पर लाता है ताकि वे बांध सुरक्षा के लिए नई चुनौतियों, विनियामक रूपरेखा, प्रौद्योगिकी नवाचार और जोखिम-सूचित तरीकों पर विचार विमर्श कर सकें। आईसीडीएस जानकारी भरी बातचीत, क्षमता निर्माण और सहयोग के लिए मंच के तौर पर काम करता है। यह बदलते मौसम और विकास के माहौल में बांध सुरक्षा प्रणाली और जल शासन को लगातार मजबूत करने में सहायता करता है।

अंतरराष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन (आईसीडीएस) 2026 के पहले सत्र में कई जरूरी दिशानिर्देश जारी किए गए और डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किए गए। इनका उद्देश्य बांध सुरक्षा शासन को मजबूत करना, तकनीकी अनुरूपता में सुधार करना और पूरे देश में जरूरी पानी और अवसंरचना आंकड़ों तक पहुंच बढ़ाना है।

**डैमचैट का आरंभ – एआई-पावर्ड डैम सेफ्टी नॉलेज प्लेटफॉर्म**

शुरूआती सत्र में विशेष लॉन्च में से एक डैमचैट था, जो एआई-पावर्ड डिजिटल प्लेटफॉर्म है। इसे अंतरराष्ट्रीय बांध उत्कृष्टता केंद्र (आईसीईडी), आईआईटी रुड़की ने विकसित किया है। इसे कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने आरंभ किया। हाल के वर्षों में, बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 के लागू होने और विस्तृत विनियमन और तकनीकी दिशानिर्देश बनाने से भारत की बांध सुरक्षा रूपरेखा काफी मजबूत हुई है। यद्यपि, इन रूपरेखा का असरदार कार्यान्वयन बांध मालिकों, इंजीनियरों और प्रैक्टिशनर्स की रियल टाइम में विनियामक जानकारी को एक्सेस करने, समझने और लागू करने की निपुणता पर निर्भर करता है। जैसे-जैसे तकनीकी साहित्य और विनियामक दस्तावेजों की मात्रा बढ़ती है, असरदार कार्यान्वयन प्रायः इस बात पर निर्भर करता है कि प्रैक्टिशनर्स इस जानकारी को कितनी जल्दी और सही तरीके से प्राप्त और समझ सकते हैं। डैमचैट बांध मालिकों, इंजीनियरों और क्षेत्र अधिकारियों को रियल टाइम में मुश्किल विनियामक रूपरेखा के बारे में पूछताछ करने और भरोसेमंद, सोर्स-साइटेड जवाब पाने में सहायता करके इस कमी को पूरा करता है। सिर्फ.एक डिजिटल टूल से कहीं ज्यादा, डैमचैट का उद्देश्य विनियामक जानकारी और उसे जमीनी स्तर पर लागू करने के बीच के अंतर को कम करना है, जिससे पूरे क्षेत्र में सोच-समझकर फैसले लेने और बेहतर अनुपालन में सहायता मिले।




**जल शक्ति – डेटा प्रबंधन और निर्णय समर्थन मंच**

दूसरा विशेष लॉन्च जल शक्ति - डेटा प्रबंधन मंच था, जिसे राष्ट्रीय जल सूचना विज्ञान केंद्र (एनडब्ल्यूआईसी) ने बीआईएसएजी-एन के तकनीकी समर्थन से विकसित किया है। इस प्लेटफॉर्म को जल शक्ति मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी ने आरंभ किया।

यह प्लेटफॉर्म कई राष्ट्रीय और राज्य एजेंसियों से मिले पानी से जुड़े आंकड़ों को देखने और विश्लेषण करने में मदद करता है। इससे नीति बनाने वालों, शोधार्थियों, प्रशासकों और आम लोगों को पानी से जुड़े जरूरी मामलों को समझने और उनका विश्लेषण करने के लिए यूजर-फ्रेंडली टूल मिलते हैं। अभी, पानी की मात्रा, पानी की गुणवत्ता, पानी के नियोजन, पारिस्थितिकी और वन्यजीव, अवसंरचना, जलवायु और उपयोग/अध्ययन/सर्वेक्षण सहित डेटा ग्रुप में 59 यूज केस विकसित और उपलब्ध कराए गए हैं। कर्नाटक के उन्नत एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन केंद्र (एसीआईडब्ल्यूआरएम) के प्रकाशन और मिनी और माइक्रो कैचमेंट एरिया के लिए डिजाइन फ्लड एस्टिमेशन के लिए दिशानिर्देश शुरूआती सत्र में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने उन्नत एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन केंद्र (एसीआईडब्ल्यूआरएम), कर्नाटक के प्रकाशन और मिनी और माइक्रो कैचमेंट एरिया वाले बांध के लिए डिजाइन फ्लड एस्टिमेशन (बाढ़ का अनुमान) के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए। इन दिशानिर्देशों को केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी), जल संसाधन विभाग ने बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 के संदर्भ में बनाया है। यह अधिनियम आशंकित जोखिमों का आकलन और प्रबंधन करने के लिए बांध टूटने का विश्लेषण और फ्लड इनडेशन मैपिंग के साथ-साथ डिजाइन फ्लड का समय-समय पर आकलन करने को जरूरी बनाता है। यद्यपि, मिनी और माइक्रो कैचमेंट में डिजाइन फ्लड एस्टिमेशन के लिए मौजूदा तरीके मुख्य रूप से पीक फ्लड एस्टिमेशन पर ध्यान देते हैं। इनमें पूरा फ्लड हाइड्रोग्राफ निकालने के तरीके नहीं बताए जाते जो बांध टूटने और निचले इलाकों पर असर के अध्ययन के लिए अनिवार्य जरूरत है। इस कमी को ध्यान में रखते हुए, जारी किए गए नए दिशानिर्देश छोटे और माइक्रो कैचमेंट वाले बांधों के लिए डिजाइन फ्लड हाइड्रोग्राफ का अनुमान लगाने के लिए एक समान, पारदर्शी, व्यावहारिक और तकनीकी रूप से मजबूत रूपरेखा देती हैं। जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन विभाग के तहत सीडब्ल्यूसी द्वारा बनाए गए नए दिशानिर्देश, डिजाइन फ्लड हाइड्रोग्राफ का अनुमान लगाने के लिए एक समान, पारदर्शी और तकनीकी रूप से मजबूत रूपरेखा बनाती हैं। आशा है कि इनसे राज्य सरकारों, बांध डिजाइनरों, कंसल्टेंट्स और अप्रेजल एजेंसियों को लगातार और वैज्ञानिक तरीके से बाढ़ का अध्ययन करने में मदद करके बिजनेस करने में आसानी में काफी सुधार होगा। इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का आरंभ और तकनीकी दिशा निर्देशों का जारी होना, बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 के लक्ष्यों के अनुसार बांध सुरक्षा शासन, तकनीकी कंसिस्टेंसी और आंकड़ों पर आधारित (डेटा-ड्रिवन) फैसले लेने की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए मिलकर किए गए प्रयास को दिखाता है। पूर्ण और तकनीकी सत्र में केंद्रित विचार-विमर्श के जरिए, आईसीडीएस 2026 से आशा है कि यह देश भर में बांध अवसंरचना की बेहतर सुरक्षा, लचीलापन और टिकाऊपन में योगदान देते हुए

# राजस्व विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों पर सदन में गरजे अख्तरुल ईमान, कहा -सिर्फ कागजी प्रक्रिया हो रही है

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**



अमौर/पूर्णिया। अख्तरुल ईमान ने बिहार विधानसभा में भूमि एवं राजस्व विभाग पर हुई चर्चा के दौरान सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य की भूमि व्यवस्था पूरी तरह अव्य वस्थित हो चुकी है और आम जनता आज भी दाखिल-खारिज, जमाबंदी, भू-मापी, भू-सुधार एवं जमीन विवाद जैसे मामलों में भारी परेशानियों का सामना कर रही है।उन्होंने सदन में आरोप लगाया कि ऑनलाइन भूमि सेवाओं के दावे केवल कागजी साबित हो रहे हैं। जिस एजेंसी को ऑनलाइन खाता-खेसरा चढ़ाने का कार्य सौंपा गया था, उसने अधिकांश अभिलेखों में भारी त्रुटियां कर दी हैं। खाता, खेसरा और रकबा से संबंधित कई प्रविष्टियां गलत दर्ज कर दी गई हैं, जिसके कारण लोगों को अपने ही जमीन के कागजात दुरुस्त कराने के लिए अंचल कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।उन्होंने कहा कि दाखिल-खारिज के मामले महीनों तक लंबित रहते हैं। जमाबंदी में त्रुटियों का सुधार समय पर नहीं होता, परिमार्जन की प्रक्रिया अटकी रहती है और वर्षों से भूमि मामले लंबित पड़े हैं।अख्तरुल ईमान ने सदन में उदाहरण देते हुए कहा कि अमौर की रजिया खातून का मामला कथित रूप से रिश्वत नहीं देने के कारण अस्वीकृत कर दिया गया। वहीं फैयाज अंसारी, जो 70 वर्षों से अपनी भूमि पर दखल में हैं, उनसे ₹5 लाख की रिश्वत मांगी गई। राशि नहीं देने पर उनका दाखिल-खारिज नहीं किया गया।उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्व विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा डकैती जैसी स्थिति उत्पन्न कर दी गई है। जब तक ऐसे अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक व्यवस्था में सुधार संभव नहीं है। अफसरशाही रवैये ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है, जिससे गरीब, किसान और कमजोर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।विधायक ने सरकार से मांग की कि भूमि एवं राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली की उच्चस्तरीय समीक्षा की जाए,दाखिल-खारिज और जमाबंदी की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी बनाया जाए, ऑनलाइन सेवाओं को तकनीकी रूप से सुदृढ़ किया जाए तथा भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# जिला उद्योग केंद्र किशनगंज में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग संवाद आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



14 फरवरी। जिला उद्योग केंद्र किशनगंज में जिलाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में उद्योग संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में औद्योगिक विकास को गति देना, स्थानीय उद्यमियों की समस्याओं को सुनना तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न औद्योगिक योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा।

उद्योग संवाद के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उद्यमियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनके द्वारा उठाए गए सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन उद्योगों के अनुकूल वातावरण सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ सकें।

बैठक में औद्योगिक निवेश, स्वरोजगार, ऋण सुविधा, प्रशिक्षण, भूमि उपलब्धता, आधारभूत संरचना तथा विभागीय समन्वय से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उद्योग संवाद में जिला उद्योग केंद्र के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं जिले के उद्यमीगण उपस्थित थे।

## बहादुरगंज में प्रस्तावित आर्मी कैंप स्थल का डीएम-एसपी ने किया संयुक्त निरीक्षण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बहादुरगंज अंचल अंतर्गत नटुआपाड़ा, सकौर स्थित प्रस्तावित आर्मी कैंप के लिए चिन्हित स्थल का शनिवार को संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विशाल राज (जिलाधिकारी, किशनगंज) एवं संतोष कुमार (पुलिस अधीक्षक, किशनगंज) ने स्थल का विस्तृत जायजा लिया तथा



संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

अधिकारी द्वय ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों द्वारा भूमि, आवागमन, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दे उठाए गए, जिन पर जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ स्थानीय लोगों के हितों का संरक्षण प्रशासन की प्राथमिकता है।पुलिस अधीक्षक ने भी प्रस्तावित कैंप के संदर्भ में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था की दृष्टि से आवश्यक पहलुओं की समीक्षा की तथा भविष्य की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कई जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, ग्रामीण एवं आमजनता उपस्थित रहे। प्रशासन की इस पहल को क्षेत्र में सुरक्षा सुदृढ़ीकरण एवं संभावित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# किशनगंज में धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया पर उठे सवाल, जांच की मांग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिले की प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) में धान अधिप्राप्ति को लेकर गंभीर अनियमितताओं की आशंका व्यक्त की गई है। सामाजिक संस्था सीमांचल सेवा फाउंडेशन ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है। संस्था के संस्थापक हसीबुर रहमान ने आरोप लगाया है कि कुछ पैक्स पदाधिकारियों द्वारा गैर रैयत किसानों के नाम पर धान अधिप्राप्ति दर्शाकर वास्तविक किसानों से कम दर पर धान खरीदने तथा बाद में उसे परिजनों के नाम पर व्यावसायिक लाभ हेतु बेचने का खेल चल रहा है। यदि यह आरोप सत्य पाए जाते हैं, तो यह राज्य सरकार की अधिप्राप्ति नीति एवं सहकारिता नियमों का गंभीर उल्लंघन माना जाएगा। ज्ञापन में कहा गया है कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल वास्तविक किसानों के हितों के विपरीत हैं, बल्कि सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंचा सकती हैं। संस्था का दावा है कि जिले की कई पैक्स समितियों में समान प्रकृति की अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे व्यापक स्तर पर जांच की आवश्यकता महसूस की जा रही है। संस्था ने प्रशासन से मांग की है कि धान अधिप्राप्ति से संबंधित सभी अभिलेखों, पंजीकरण रजिस्टरों एवं भूमि दस्तावेजों की गहन जांच कराई जाए। साथ ही जिन व्यक्तियों के नाम पर अधिप्राप्ति दर्शाई गई है, उनके रैयती दस्तावेजों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। दोषी पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की भी मांग की गई है।

## हर-हर महादेव की गूंज से गूंजेगा किशनगंज, भव्य रूप में मनेगी महाशिवरात्रि

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



आस्था, श्रद्धा और भक्ति का महापर्व महाशिवरात्रि इस वर्ष किशनगंज में विशेष उल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर पूरे शहर में उत्साह का वातावरण है और हर ओर हर-हर महादेव की गूंज सुनाई दे रही है। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए शहर के प्रमुख मंदिरों को आकर्षक सजावट से सजाया गया है।

महा शिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों को फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी और मनोहारी विद्युत सज्जा से अलंकृत किया गया है। विशेष रूप से भूतनाथ गौशाला शिव मंदिर और बेलवा काली मंदिर में भक्तों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। सुबह से ही श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस वर्ष का मुख्य आकर्षण भूतनाथ गौशाला शिव मंदिर से निकलने वाली भव्य शिव बारात होगी। यह शाही शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों से गुजरते हुए भक्तिमय वातावरण का सृजन करेगी। शिव-पार्वती की सजीव झांकियां, भूत-गणों के वेश में सजे श्रद्धालु और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा नगर शिवमय हो उठेगा। नगर भ्रमण के उपरांत यह शोभायात्रा ढेकसरा काली मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न होगी, जहां विशेष पूजा-अर्चना एवं भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

महाशिवरात्रि को लेकर प्रशासन और आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण एवं श्रद्धाभाव के साथ पर्व का आनंद ले सकें।

# पटना मर सड़क हादसे के दौरान राज मिस्त्री की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिला के फतुहा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात फतुहा दनियावां मार्ग स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 30ए पर कोल्हर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक साइकिल सवार राजमिस्त्री की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी की बाइक को आग के हवाले कर दिया, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया और हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। मृतक की पहचान कोल्हर गांव निवासी गोरख साव के 35 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार के रूप में हुई है। संतोष कुमार पेशे से राजमिस्त्री थे और रोज की तरह शुक्रवार की रात भी दिहाड़ी का काम खत्म कर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि जब वह कोल्हर पुल के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि संतोष कुमार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद ही उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद बाइक चालक अपनी गाड़ी वहीं छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जैसे ही लोगों को पता चला कि मृतक अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था और उसके पीछे चार छोटे-छोटे बच्चे और पत्नी हैं, ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित भीड़ ने आरोपी की बाइक को सड़क के बीचों-बीच लाकर उस पर पेट्रोल छिड़क दिया और आग लगा दी।

देखते ही देखते बाइक आग की लपटों में घिर गई और घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बाइक में आग लगाने और सड़क पर प्रदर्शन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 30ए पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। करीब पांच किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान एंबुलेंस, ट्रक, बस और अन्य वाहन जाम में फंस गए। सड़क पर सन्नाटा और लोगों की भीड़ के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया।

एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार और फतुहा थानाध्यक्ष सदानंद साह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई घंटे की बातचीत और समझाइश के बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और जाम को धीरे-धीरे हटाया गया। इसके बाद यातायात सामान्य हो सका। पुलिस ने मृतक संतोष कुमार के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं फरार बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की पहचान करने और उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## नबीनगर थाना क्षेत्र से 4 अजमानतीय वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर थाना पुलिस ने 4 अजमानतीय वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना क्षेत्र के जैतिया सिमरी गांव निवासी पिंटू सिंह पवन सिंह और नगर पंचायत क्षेत्र के बसन बीघा निवासी अभय कुमार, और संतोष कुमार शामिल हैं। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि इनके खिलाफ वारंट जारी था। ये सभी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहे थे गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। यह कारवाई एस आई संजय कुमार एवं सशस्त्र बल द्वारा किया गया

## टंडवा थाना क्षेत्र से गबन का एक आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर ( बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र से इटवा टोले लोदीपुर गांव निवासी अभिमन्यु कुमार सिंह को गबन के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि उक्त व्यक्ति पर डीलर रहते हुए गबन करने का आरोप था जिसे गुप्त सूचना पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर न्यायिक विरासत में भेज दिया गया है।




# पटना में खेलते-खेलते खुले नाले में गिरने से हुई मासूम की मौत

### परिवार के लोगों ने नगर परिषद की लापरवाही का लगाया आरोप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के ईसापुर इलाके में शनिवार को खुले नाले में गिरने से दो वर्ष की मासूम बच्ची की मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं स्थानीय लोगों ने नगर परिषद की गंभीर लापरवाही को इस हादसे की मुख्य वजह बताते हुए प्रशासन के खिलाफ गहरा आक्रोश जताया है। घटना की जानकारी के अनुसार मासूम बच्ची अपने घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। खेलते-खेलते वह घर के समीप बने नगर परिषद के खुले नाले के पास पहुंच गई। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह सीधे नाले में गिर गई। बताया जा रहा है कि नाले में पानी का बहाव काफी तेज था, जिसके कारण बच्ची कुछ ही क्षणों में पानी के साथ बहकर लापता हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन और स्थानीय लोग बदहवास हालत में बच्ची की तलाश में जुट गए। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से बच्ची की तलाश शुरू की गई। करीब दो घंटे तक लगातार मशक्कत करने के बाद बच्ची को नाले से बाहर निकाला गया। उसे तत्काल इलाज के लिए एम्स पटना ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए बच्ची के पिता सद्दाम हुसैन ने बताया कि वे मूल रूप से असम राज्य के निवासी हैं और वर्तमान में परिवार के साथ ईसापुर इलाके में किराए के मकान में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी दो वर्षीय पुत्री खदीजा घर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गई। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी. पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के दौरान बच्ची के नाले में गिरने की पूरी घटना सामने आई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों का आरोप है कि ईसापुर इलाके में लंबे समय से कई जगह नाले खुले हुए हैं। नालों पर सुरक्षा के लिए ढक्कन तक नहीं लगाए गए हैं। सफाई कर्मी नाले की सफाई करने आते हैं, लेकिन सफाई के बाद ढक्कन लगाने की जहमत नहीं उठाते और नाले को खुला छोड़कर चले जाते हैं।

मामले को लेकर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए गए हैं और यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो संबंधित कर्मियों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## आदित्यपुर में आरआईटी मंडल में खुला महापौर प्रत्याशी का चुनावी कार्यालय

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 13 फरवरी 2026ः आदित्यपुर में आर आई टी मंडल रोड नंबर-4 में अदित्यपुर नगर निगम चुनाव के भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी संजय सरदार की उपस्थिति में कार्यालय का उद्घाटन चुनाव संयोजक एवं पूर्व महापौर विनोद श्रीवास्तव और चुनाव प्रभारी शैलेंद्र सिंह के द्वारा हुआ।सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं की उपस्थिति में शैलेन्द्र सिंह, हरेकृष्ण प्रधान और प्रत्याशी संजय सरदार ने कार्यकताओं को कड़ी से कड़ी मेहनत कर चुनाव जीतने का मंत्र दिया और एक स्वर में पूरे जोश से प्रत्याशी की जीत का प्रण लिया गया और पुनः अदित्यपुर की जनता को एक कर्मठ और ईमानदार महापौर देने के लिए कार्यकताओं ने दिनरात डोर टू डोर प्रचार प्रसार के माध्यम से जनता जनार्दन से वोट अपील कर अदित्यपुर के विकास की गति को और तेज करने पर चर्चा की गई। उद्घाटन समारोह के पश्चात प्रत्याशी



के साथ पदयात्रा की गई। उदघाटन समारोह में मुख्यरूप से इस कार्यालय का उद्घाटन पूर्व महापौर सह चुनाव संयोजक विनोद श्रीवास्तव तथा चुनाव प्रभारी शैलेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया. तत्पश्चात प्रत्याशी के साथ पदयात्रा भी की गई. इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेकृष्ण प्रधान, पूर्व जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव, सुनील श्रीवास्तव, रमेश हांसदा, उषा पांडेय, मंडल अध्यक्ष अभिषेक विशाल, अमितेश अमर, ब्रह्मानंद झा, बूथ प्रबंधन प्रभारी ललन शुक्ला, अनुराग श्रीवास्तव, जगदीश मंडल, रिंकू राय, सुनीता श्रीवास्तव, भोगेंद्र नाथ झा, प्रभाकर शर्मा, चन्द्रमा पांडेय, जितेन्द्र शुक्ला, सुनील तिवारी, लक्ष्मण प्रसाद राय, दीनानाथ शर्मा, अनिल मिश्रा, मिंटू पांडेय, आनंद मिश्रा आदि उपस्थित थे.

## आज निकलेगी शिव बारातःविश्व प्रसिद्ध छऊ नृत्य होगा आकर्षण

### मंडप सजकर तैयार,दूल्हा देवों के देव महादेव का इंतजार।

**राहुल कुमार गुप्ता,संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण**



विष्णुगढ़ ।महाशिवरात्रि के अवसर पर आज विष्णुगढ़ थाना शिव मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। महादेव दूल्हा बनकर विष्णुगढ़ प्रखंड का नगर भ्रमण पर निकलेंगे ।पूरे विधि विधान के साथ रात भर मंदिरों में शिव पार्वती विवाह संपन्न होगा। प्रखंड वासियों के लिए विश्व प्रसिद्ध छऊ नृत्य होगा आकर्षण। जिसकी चर्चा जोरो पर है। महाशिवरात्रि पूजा संघ विष्णुगढ़ थाना के द्वारा शिव बारात की तैयारी पूरी कर ली गई ।उन्होने बताया देवों के देव महादेव की बारात के लिए हम सभी काफी उत्साहित है आप सभी ग्रामवासी बारात में शामिल होकर शिव पार्वती विवाह का साक्षी बने।

## चांडिल लूटकांड का खुलासा, कपाली ओपी पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



चांडिलः अनुमंडल अंतर्गत कपाली ओपी क्षेत्र में हुए लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 29 दिसंबर 2025 को कपाली ओपी अंतर्गत ग्राम डोबो में एक स्थानीय निवासी से रंगदारी की मांग की गई थी। रंगदारी देने से इनकार करने पर अपराधियों ने जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर कपाली ओपी थाना कांड संख्या 203/2025 दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में कांड में संलिप्त अपराधियों की पहचान की गई। इसी क्रम में आज 14 फरवरी 2026 को कपाली ओपी पुलिस ने छापेमारी कर निर्मल नगर, बिलास बस्ती (दो मुहानी), थाना सोनारी, जिला पूर्वी सिंहभूम से कांड के नामजद आरोपी संतोष गोप उर्फ बावला (उम्र लगभग 28 वर्ष) को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी का स्थायी पता जुगिलौंग, झिमड़ी, थाना नीमडीह, जिला सरायकेला-खरसावां बताया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके विरुद्ध सोनारी थाना में पूर्व से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई में कपाली ओपी प्रभारी एवं पुलिस बल की अहम भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कुटुम्बा थाना की बड़ी कार्रवाई, 4 अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा थाना पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान के तहत 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो अजमानतीय वारंटी अभियुक्त कुंदन कुमार और संजय सिंह शामिल हैं, जबकि दो अन्य अभियुक्त सुदर्शन राम और दिलीप राम को शराब से संबंधित मामले में गिरफ्तार किया गया है ।कुंदन कुमार, उम्र 31 वर्ष, पिता रामनंदन प्रसाद, ग्राम ओर, थाना कुटुम्बा, और संजय सिंह, पिता रघुनंदन सिंह, ग्राम बतसपुर, थाना कुटुम्बा, अजमानतीय वारंटी थे। वहीं, सुदर्शन राम, पिता नरेश राम, और दिलीप राम, पिता रामेश्वर राम, दोनों ग्राम + थाना कुटुम्बा, शराब से संबंधित मामले में गिरफ्तार किए गए हैं ।थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीणों ने फ्री सर्विस के नाम से अवैध वसूली करने वाले दो लोगों को धर दबोचा।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**



विष्णुगढ़ ।शनिवार को प्रखंड अंतर्गत बेड़ाहरियारा पंचायत स्थित रविदास टोला एवं तूरी टोला में एक एनजीओ के नाम पर दो लोगों के द्वारा ग्रामीणों से फ्री गैस चूल्हा सर्विस सदस्यता शुल्क के नाम पर अवैध वसूली करने वाले दोनों व्यक्तियों को घेरकर हंगामा करने लगे ।हंगामा कर रही महिलाओं को किसी तरह शांत किया गया ।जिसके बाद दोनों व्यक्तियों ने अंचल कार्यालय में सीओ नित्यानंद दास को बॉन्ड देकर भविष्य में इस तरह की गलती न करने की बात कही।सीओ नित्यानंद दास के द्वारा दोनों व्यक्तियों को दोबारा गलती न करने की हिदायत दी गई।